वर्ष 68 ▸ अंक 207 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, शुक्रवार 25 अप्रैल, 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"सभी महान चीजें सरल होती हैं, और उनमें से कई को एक ही शब्द में व्यक्त किया जा सकता है- स्वतंत्रता, न्याय, सम्मान, कर्तव्य, करुणा, आशा।
-विंस्टन चर्चिल

**कश्मीर में कत्लेआम** | सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने सुरक्षा में चूक को किया स्वीकार

# हर कार्रवाई को विपक्ष का पूरा समर्थन
# कहा- ध्वस्त किए जाएं आतंकी ठिकाने



वानखेड़े स्टेडियम में हिट-मैन को मिला अपना स्टैंड !

## सेनाएं अलर्ट पर, भारत ने किया मिसाइल का परीक्षण

**नई दिल्ली, इस्लामाबाद, जेएनएन।** गुरुवार को भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में बैठकें हुईं। पहलगाम आतंकी हमले पर विचार करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई, जबकि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक हुई।

पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने ऐलान किया कि इस समय पूरा देश एकजुट है। वहीं सरकार ने माना कि सुरक्षा में चूक हुई है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्ष ने एक सुर में कहा कि सरकार सीमा पार के आतंकी संगठनों पर कठोर कार्रवाई करे। सभी ने आतंकी हमले की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पूरा देश इस समय साथ है।

सरकार ने माना है कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। सभी दलों ने कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ हैं। सरकार ने वादा किया है कि सुरक्षा चूक की जांच कराई जाएगी और ऐसी व्यवस्था की जाएगी, जिससे ऐसी घटनाएं फिर न हों। उधर, पहलगाम हमले के बाद भारत के ■ शेष पृष्ठ 9 पर

चंद पलों में वीरानी में बदली पहलगाम की रौनक: पेज-11 पर

## शोक और आक्रोश के बीच भारत-पाक के बीच बढ़ा तनाव

### भारत ने ये फैसले लिए



- भारत का कोई भी विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करेगा।
- वायुसेना ने युद्धाभ्यास शुरू किया। इसे आक्रमण नाम दिया गया। इसमें अंबाला और हाशीमारा की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी।
- आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया।
- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को बैसरन का दौरा करेंगे। वे वहां सैन्य कमांडरों के साथ बैठक करेंगे।
- सिंधु जल समझौते को स्थिगित करने की सूचना पाकिस्तान को भेजी गई है।

### पाकिस्तान में हुए ये निर्णय



- दोनों देशों के सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित किए जाएंगे, इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल।
- सिंधु जल समझौते को रोक जंग की तरह माना जाएगा। पाक निपटने के लिए तैयार।
- एलएसी पर वायुसेना की तैनाती करेगा और कश्मीर मसले को नए सिरे से वैश्विक मंचों पर उठाएगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ से दखल की मांग की जाएगी।
- भारत के वक्फ कानूनों की निंदा की। इसे मुसलमानों को दबाने का प्रयास कहा।
- पहलगाम हमले के सबूत मांगे और उचित कार्रवाई का वादा किया गया। पाक ने हमले की भी निंदा की है।

## विदेशी राजनयिकों को दी हमले की जानकारी

भारत ने गुरुवार को विदेशी राजनयिकों को पहलगाम आतंकी हमले और उसमें पाकिस्तान की संलिप्तता से अवगत कराया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस, जर्मनी समेत करीब 20 से अधिक देशों के राजनयिकों को इस बारे में जानकारी दी। इसमें जी-20 और खाड़ी के ज्यादातर देश शामिल थे। मिस्री ने हमले के विभिन्न पहलुओं तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता की दृढ़ नीति से अवगत कराया। राजनयिकों को संबंधित जानकारी भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा के एक दिन बाद दी गई।

## गलती से पाकिस्तान सीमा में पहुंचा जवान



पंजाब के फिरोजपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गलती से बीएसएफ के एक जवान पाकिस्तान में प्रवेश कर गए, उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया है। बुधवार देर रात बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग हुई। बीएसएफ ने जवान लौटाने की मांग की, पाक रेंजर्स ने इसे ठुकरा दिया। गुरुवार को भी बात नहीं बनी। अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने जवान की वापसी की पहल की है। पाकिस्तान का आरोप है कि जवान जासूसी करने पाकिस्तान में घुसा। जबकि भारत का कहना है कि जवान कुछ दिन पहले ही यहां तैनात हुआ, सीमा की पहचान नहीं होने के कारण वह गलती से पाकिस्तान चला गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पत्रकार को पीटा

**कठुआ।** सुरक्षा चूक पर सवाल पूछने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दैनिक जागरण के पत्रकार राकेश शर्मा पर हमला कर दिया। हमले की वीडियो वायरल हो गई है। भाजपा विधायक देविंदर मन्याल, राजीव जसरोतिया और भरत भूषण से पत्रकार ने केंद्र सरकार की विफलताओं पर सवाल किया तो कार्यकर्ता हिमांशु शर्मा ने 'देश विरोधी' कहकर निशाना बनाया और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी हमला कर दिया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## कहां हुई सुरक्षा में चूक

पहलगाम में आतंकवादी बेखौफ पर्यटकों पर गोलियां बरसाते रहे और वहां उन्हें बचाने वाला कोई नहीं था। इस हमले ने भारतीय खुफिया एजेंसी और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चश्मदीदों का आरोप है कि वहां सुरक्षा के इंतजाम बिल्कुल भी नहीं थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना से कुछ दिन पहले, पीओके स्थित एक आतंकवादी ने हमले का संकेत देते हुए संदिग्ध टिप्पणी की थी। खुफिया एजेंसियां और सुरक्षा बल इस पर कार्रवाई करने में विफल रहे, जिसके कारण यह गंभीर त्रासदी हुई। रिपोर्ट में लिखा गया कि, हमले में शामिल आतंकवादियों को हथियारों के इस्तेमाल की अच्छी ट्रेनिंग दी गई और उन्हें उन क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई थी जहां पर्यटकों की भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा बलों की कम तैनाती होती है। पहलगाम में सुरक्षा तैनाती को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इस मौसम में भारी संख्या में लोग कश्मीर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाल ही में पाक सेना प्रमुख ने कश्मीर पर भड़काऊ बयान दिया था। उसी से साफ था कि पाकिस्तान कुछ योजना बना रहा है। जब भी पाकिस्तानी सेना पर अस्तित्व का संकट का मंडराता है तो वह कश्मीर में कुछ वारदात को अंजाम देकर अपना महत्व साबित करती है। यह पैटर्न महत्वपूर्ण था।

# बिहार में बोले मोदी-आतंकियों को मिलेगी कल्पना से भी कड़ी सजा



**मधुबनी, जेएनएन।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पूरा देश आतंकवादियों को सजा देने के संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने अपना शुरुआती भाषण अंग्रेजी में दिया और विश्व समुदाय को संबोधित किया। वे यहां पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में पहुंचे थे।

इससे पहले पीएम ने मृतकों को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आप सबसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं। आप जहां हैं, वहीं अपने स्थान पर बैठे रहकर ही 22 तारीख को जिन परिवारजनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि दें। इसके बाद मैं अपनी बात शुरू करूंगा। फिर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मोदी स्वयं हाथ जोड़े खड़े रहे।

पंचायती राज पर उन्होंने कहा कि आज आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार से बापू ने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो पाएगा।

> "पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है। पीएम ने कहा-हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवादियों को सजा मिलेगी।
> - **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री** (मधुबनी में अपने संबोधन के दौरान)

## नमो भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने बिहार में 13 हजार 480 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही सहरसा-मुंबई अमृत भारत ट्रेन और जयनगर-पटना के बीच नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने पटना एयरपोर्ट के विस्तार का वादा भी किया। साथ ही कहा कि मिथिला के कोसी का एक क्षेत्र बाढ़ से परेशान रहता है। सरकार बाढ़ के प्रकोप को कम करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। इससे बूढ़ी गंडक, कोसी पर बांध बनेंगे।




## आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**चैन्नई बनाम हैदराबाद**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम:** बेंगलुरु ने राजस्थान को 11 रन से हराया।

## राणा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। याचिका में राणा ने अपने परिवार से फोन पर बात करने की अनुमति मांगी थी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने तर्क दिया था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर उसे अपने परिवार से बात करने का मौलिक अधिकार है। उसका परिवार उसके इलाज को लेकर चिंता में हैं।

# मॉक ड्रिल के 7 दिन बाद भेल परिसर में लगी भीषण आग



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गुरुवार को भोपाल बीएचईएल परिसर में सुबह 11.30 बजे के करीब भीषण आग लग गई। गर्मी के चलते दोपहर के समय आग तेजी से भड़की और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। गौरतलब है कि सात दिन पहले ही एक अन्य परिसर में मॉक ड्रिल की गई थी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें 20 फीट से भी ज्यादा ऊंची थीं। वहीं परिसर से 15 किमी दूर से भी आग को आसानी से देखा जा सकता था। आग के चलते आसपास के पेड़-पौधे झुलस गए। भेल प्रबंधन के मुताबिक, आग सुबह लगभग 11.30 बजे के करीब मटेरियल गेट नंबर 9 से 200 मीटर अंदर वीरान क्षेत्र में लगी। इस स्थान पर फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट को इकट्ठा कर रखा गया है। इसी ढेर में किसी कारण से आग लग गई, जो विकराल हो गई। आग को 15 किमी दूर से भी आसानी से देखा जा सकता था। आग लगने के बाद बीएचईएल परिसर में मौजूद सीआईएसएफ की फायर टीम ने मोर्चा संभाला। लगभग एक घंटे में आग का फैलाव रोक दिया गया, लेकिन देर शाम तक भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। शाम 5 ■ शेष पृष्ठ 9 पर

### खास बातें

- 5 घंटे में भी नहीं बुझ सकी आग
- बीच-बीच में होते रहे धमाके
- भेल प्रबंधन का तर्क पेड़ों के सुलगने से हो रहे हादसे

## फ्रांस: हिटलर-प्रेमी छात्र ने साथी छात्रा को मार डाला

**नैनटेस, जेएनएन।** फ्रांस के नैनटेस के एक स्कूल में गुरुवार को चाकू से हमला कर एक छात्र ने एक लड़की की हत्या कर दी और तीन अन्य छात्रों को घायल कर दिया। हालांकि, हत्या के आरोपी छात्र की उम्र नहीं बताई गई है, लेकिन यह बताया गया है कि छात्र जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर को अपना आदर्श मानता है। उसके सहपाठियों ने कहा कि छात्र ने दुनिया में पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान पर एक घोषणापत्र लिखा था, जिसमें कहा था कि दुनिया की सभी समस्याओं के समाधान के लिए हिटलर जैसे नेता की फिर जरूरत है। आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने छात्रा को मारा क्यों? फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युल मैक्रों ने छात्र को पकड़ने वाले स्कूल स्टाफ की तारीफ की और कहा कि स्कूल परिसरों को सुरक्षित बनाने के लिए काम किया जाएगा। फ्रांस में ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। वहीं फ्रांस की एक मंत्री मिरिया फ्रान्सियो ने कहा कि छात्र ने हत्या क्यों की, इसका पता तो पुलिस लगाएगी लेकिन छात्र के घोषणापत्र की यह बात सही है कि वैश्वीकरण ने इंसान को मशीन में बदल दिया है। अब इस विषय पर दुनियाभर में चर्चा की जानी चाहिए। कुछ शिक्षकों ने भी आरोपी छात्र के घोषणा पत्र का समर्थन किया है।

# ईडी कोर्ट ने खारिज की सौरभ और शरद की जमानत याचिका

### बुधवार को बहस के बाद सुरक्षित रखा था फैसला



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट ने परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी शरद जायसवाल की जमानत याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दीं। स्पेशल कोर्ट के जज सचिन घोष ने अपने फैसले में लिखा कि अपराध की गंभीरता और प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए दोनों को जमानत नहीं दी जा सकती। विशेष न्यायाधीश की अदालत में दोनों की जमानत के लिए 21 अप्रैल को याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई थी, जिसके बाद फैसले को आदेश के लिए सुरक्षित रखा गया था। सौरभ की तरफ से दूसरी बार जमानत के लिए आवेदन पेश किया गया था। ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने सौरभ और शरद की जमानत ■ शेष पृष्ठ 9 पर

### सौरभ-शरद की ओर से दिए तर्क

- ईडी ने 8 अप्रैल को जल्दबाजी में पेश कर दिया आरोप पत्र।
- अक्षम अधिकारी ने नियम विरुद्ध तरीके से संपत्ति अटैच की।
- ईडी अब तक एक भी संपत्ति सौरभ के नाम पर साबित नहीं कर सकी।
- इस मामले में लोकायुक्त कोर्ट पहले ही दोनों को दे चुकी है जमानत।
- दोनों प्रतिष्ठित नागरिक, जमानत मिलने पर फरार नहीं होंगे।
- इनके पासपोर्ट पहले से ही जब्त, परिजनों और सहयोगियों को ईडी कोर्ट पहले ही दे चुका है जमानत।

### विरोध में ईडी द्वारा दी गई दलीलें

- सौरभ ही करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति बनाने का मास्टरमाइंड।
- सौरभ और शरद के खिलाफ दर्ज अपराध संज्ञेय और गैर जमानती।
- जमानत पर सौरभ-शरद अभियोजन की कार्रवाई कर सकते हैं प्रभावित।
- दोनों की आयु और बीमारी जमानत का आधार नहीं।
- केस की विवेचना जारी है और प्यारेलाल केवट की गिरफ्तारी बाकी।
- जमानत मिलने पर दोनों के फरार होने की भी आशंका।

## फिटजी के मालिक गोयल के 8 ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में फिटजी कोचिंग के मालिक डीके गोयल के 8 ठिकानों पर छापेमारी की है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कोचिंग सेंटर के मालिकों और प्रमोटरों से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा गया है। ईडी ने बताया कि उप्र और दिल्ली में कई एफआईआर दर्ज होने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है।

**नोएडा और गुरुग्राम में एक साथ एक्शन**


दरअसल, फिटजी के मालिक और प्रमोटर्स पर कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को निजी फायदे और दूसरी कंपनियों में लगाने का आरोप है। जनवरी 2025 में अचानक फिटजी के कई सेंटर बिना किसी सूचना के बंद हो गए थे। ईडी के मुताबिक पैरेंट्स ने पूरे साल के लिए एडवांस पेमेंट किया था, लेकिन फिटजी वालों ने उन्हें सेंटर बंद होने की जानकारी नहीं दी। इससे 12 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया। मामले में ईडी ने मुख्य साजिशकर्ताओं के घरों पर भी तलाशी ली है। इसमें एक प्रमोटर डीके गोयल का घर और कुछ ऑफिस शामिल हैं। ईडी के अनुसार कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया। अब ईडी मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## वॉशिंगटन से ट्रेड डील करने वाला पहला देश होगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश बन सकता है। अमेरिका की ओर से भारतीय निर्यात पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित है। इसकी अवधि 8 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। हालांकि, अन्य देशों की तरह भारत पर मौजूदा नीति के तहत 10 प्रतिशत टैरिफ लागू है। बेसेन्ट ने पत्रकारों की एक राउंडटेबल बैठक में कहा, भारत के साथ व्यापार वार्ता सफल निष्कर्ष पर पहुंचने के 'बहुत करीब' है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में 'इतने अधिक टैरिफ' नहीं हैं। इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भारत से गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने, बाजारों तक अधिक पहुंच और अधिक अमेरिकी ऊर्जा और सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आग्रह किया।

**सोलर सिस्टम** | वैज्ञानिकों ने जारी की अनदेखी तस्वीर, चुंबकीय ऊर्जा का अद्भुत दृश्य

# सूरज की सबसे साफ तस्वीर आई सामने





**यह वैज्ञानिक उपलब्धि महज एक चित्र नहीं है, यह भविष्य की तैयारी है, एक ऐसे यंत्र के रूप में जो सूर्य की गतिविधियों को न सिर्फ देखने, बल्कि उन्हें समझने और भविष्यवाणी करने में भी मदद देगा।**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अब तक सूर्य को जितना देखा गया है, यह तस्वीर उससे कहीं ज्यादा साफ, विस्तृत और हैरान कर देने वाली है। वैज्ञानिकों ने सूर्य की सबसे स्पष्ट और विस्तृत तस्वीर जारी की है, जिसमें इसकी सतह की गरमी और चुंबकीय ऊर्जा का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखा जा सकता है।

यह तस्वीर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सौर दूरबीन से खींची गई है, जो अलग-अलग तरंगदैर्ध्य पर सूर्य की दो-आयामी (2डी) झलकियां लेती है। तीन समन्वित कैमरे कुछ ही सेकंड में सैकड़ों चित्र लेते हैं, जैसे अलग-अलग फिल्टर के साथ फोटो खींचे जाते हैं। इन सभी चित्रों को जोड़कर सूर्य की त्रि-आयामी (3डी) संरचना को देखा जा सकता है। तस्वीर में सूरज की सतह पर एक विशाल सनस्पॉट (सौर धब्बों का समूह) दिख रहा है, जिसका आकार लगभग 25,000 किलोमीटर गुणा 25,000 किलोमीटर है। ये सनस्पॉट्स अत्यधिक चुंबकीय गतिविधि वाले क्षेत्र होते हैं, जो अक्सर सौर ज्वालाओं और कोरोना मास इजेक्शन (सीएमई) का कारण बनते हैं। यही घटनाएं पृथ्वी पर उत्तरी ध्रुवीय प्रकाश पैदा करती हैं।

इस तस्वीर की विशेषता यह है कि इसमें 10 किलोमीटर प्रति पिक्सल की स्पेशियल रेजोल्यूशन है, यानी यह सूर्य की सतह को बेहद बारीकी से दिखाती है, जितनी बारीकी पहले कभी नहीं देखी गई। यह तस्वीर न सिर्फ वैज्ञानिकों के लिए, बल्कि आम लोगों के लिए भी ब्रम्हांड की शक्ति और सौंदर्य का एक दुर्लभ दर्शन है। हालांकि अभी यह पूरी तरह से चालू नहीं है, लेकिन 2026 तक इसका कमिशनिंग शुरू हो जाएगा।

### यह टेलीस्कोप करेगा सौर तूफानों की भविष्यवाणी

दुनिया की सबसे स्पष्ट सौर तस्वीरें खींचने वाला उपकरण, डैनियल के इनोये सोलर टेलीस्कोप, अब एक नया इतिहास रच रहा है। यह टेलीस्कोप वर्ष 2022 में अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित माउई के हेलेकला ज्वालामुखी की चोटी के पास स्थापित किया गया था। अब इसने अपना सबसे उन्नत यंत्र, विजिबल ट्यूनएबल फिल्टर के साथ पहली बार 'फर्स्ट लाइट' देखी है। 'फर्स्ट लाइट' वह क्षण होता है जब कोई नया टेलीस्कोप पहली बार आकाश की ओर देखता है। इसका वजन 5.6 टन है और यह दो मंजिलों में फैला हुआ है। यह टेलीस्कोप खास तौर पर सूर्य की सतह पर होने वाली घटनाओं जैसे सनस्पॉट्स, सोलर फ्लेयर और कोरोनल मास इजेक्शन का अध्ययन कर सकता है।

# नरवाई जलाई तो एमएसपी पर नहीं खरीदेंगे अगले साल उपज



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की शासकीय भूमि कुओं बावड़ियों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह सरकार अपने खेतों में नरवाई जलाने वाले किसानों को न तो मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ मिलेगा और न ही अगले साल उनकी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। गुरुवार को यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

सीएम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी अमृत सरोवर, तालाब, बांध, नहर एवं अन्य जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और अभियान में नहर, कुए और बावड़ियों जैसी जल संरचनाओं को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा संशोधन जैसे राजस्वगत कार्यों की पेंडेंसी जल्द से जल्द खत्म की जाए। बैठक में बताया गया कि राजस्व विभाग के नवाचारी प्रयासों के तहत तैयार की गई स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री के मामले में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सुझाव दिया कि मामलों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों के कार्यालय एक परिसर में होने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### आईटी के बाद होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव

**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव के बाद मंदसौर में 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी,इसके लिए सरकार ने अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर होगा। 27 अप्रैल को होने वाले इस कॉन्क्लेव में देश - दुनिया के टेक दिग्गज जुटेंगे। उन्होंने बताया कि जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

### सैलून पर छापा, बरामद की 65 लीटर देसी मदिरा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आबकारी विभाग ने बुधवार शाम गश्त के दौरान एक हेयर कटिंग सैलून पर छापा मारा। इस दौरान वहां से 65 लीटर देसी शराब बरामद हुई। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के अनुसार सैलून संचालक प्रमोद सेन के खिलाफ लंबे समय से अवैध रूप से देसी शराब बेचने की शिकायतें मिल रही थीं। आबकारी विभाग के अमले ने देसी शराब की खेप को जब्त करते हुए प्रमोद के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क और 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में प्रमोद को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बरामद की गई अवैध शराब की कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में आबकारी महकमे की टीम ने सूरज नगर निवासी दीपक सिसोदिया को पकड़ा। उसके पास से 81 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इसका बाजार भाव लगभग एक लाख रूपए है। दीपक के खिलाफ पहले भी अवैध शराब को लेकर कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) क और 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। इधर, गुरूवार को आबकारी विभाग की एक अन्य टीम ने ढाबों और रेस्टोरेंट्स पर दबिश दी। इस दौरान अवैध तौर पर शराब पी रहे और परोस रहे 29 लोगों के खिलाफ प्रकरण कायम किए गए।

# भूपेंद्र के बाद लोधी ने लगाया फोन टैप होने का आरोप

## मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक ही शासन-प्रशासन पर खड़े कर रहे सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक अपनी ही सरकार के शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पिछले दिनों पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने समर्थकों के कॉल डिटेल्स निकलवाने के आरोप लगाए थे, तो गुरुवार को पार्टी के ही पिछोर विधायक प्रतीम सिंह लोधी ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर पर फोन टैप कराने का आरोप लगाया। दरअसल विधायक प्रतीम लोधी गुरुवार को शिवपुरी में वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी पर उनके फोन टैप करवाने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि पिछोर में 30 साल बाद भाजपा जीती है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एसपी पूर्व विधायक के इशारे पर दुर्भावनापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों भाजपा के जिन नेताओं पर हमले हुए और जिन्हें प्रताड़ित किया गया, उनकी रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



**अधिकारियों का पानी-पेशाब बंद कर दूंगा**

विधायक लोधी ने मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम लिए बिना कहा कि हमारे क्षेत्र में काम नहीं कराए जा रहे हैं। यदि अधिकारियों ने हमारे काम नहीं किए तो मैं उनके नल, बिजली के कनेक्शन काट दूंगा और उनका पानी-पेशाब बंद कर दूंगा। लोधी ने सभा के बाद वहां के कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रीतम लोधी और एसपी के बीच बहस भी हो गई।

### पिछोर जिला नहीं बना तो दिल्ली कूच करेंगे

लोधी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछोर को जिला बनाने का वादा किया था। लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। अगर पिछोर को जिला नहीं बनाया गया तो वे जनसमूह के साथ दिल्ली कूच करेंगे। हालांकि उन्होंने यह कहा कि उनका प्रदर्शन सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि पुलिस अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन किया गया है।

### भूपेंद्र ने जासूसी का लगाया था आरोप

पिछले साल नवंबर में खुरई से भाजपा के विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर में जिला योजना समिति की बैठक में सागर एसपी और अन्य स्थानीय पुलिसअधिकारियों पर जासूसी कराने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस कुछ लोगों को धमकियां देकर उनकी कॉल डिटेल्स का दुरुपयोग कर रही है। इस पर जब एसपी ने सफाई दी कि कॉल डिटेल्स निकालना पुलिस अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इस पर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मुझे सफाई नहीं चाहिए, मैं गृह मंत्री रहा हूं, मुझे सब पता है।



## खुद गिरफ्तार होने थाने पहुंचे मऊगंज भाजपा विधायक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मऊगंज से भाजपा विधायक प्रदीप पटेल एक बार फिर चर्चा में हैं। गुरुवार को पटेल नईगढ़ी थाने पहुंचे और कहा थानेदार लोगों से कह रहे थे कि विधायक को गिरफ्तार करेंगे, इसलिए मैं स्वयं आ गया हूं। विधायक के थाने पहुंचने पर थानेदार नदारत रहे। विधायक पटेल के मुताबिक उन्हें जानकारी हुई कि एक पत्रकार को यहां के प्रभारी कलेक्टोरेट से ले गए हैं। इस पर मैंने पत्रकार से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। बाद में उन्हें बताया गया कि कि थाना प्रभारी ने कहा अगला नंबर हमारा (विधायक) का है। उन्हें भी घसीट कर ले जाएंगे। इस पर मैं यह जानने थाने आया कि आखिर उनके खिलाफ कौन सा मुकदमा है और मुझे थाना प्रभारी घसीट कर क्यों लाना चाहते हैं। इसलिए मैं स्वयं ही गिरफ्तारी देने आ गया हूं। मैंने आवेदन दिया है, जिसमें अपने खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध होने की जानकारी मांगी है। पटेल ने बताया कि मेरे आवेदन पर जवाब मिल गया है कि मेरे खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं है। फिर भी मैं यह जानने थाने में बैठा हूं कि थानेदार साहब से किसी ने मेरी मौखिक शिकायत तो नहीं की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने भी उनके खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं होने की जानकारी दी है।



मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल अपनी गिरफ्तारी देने गुरुवार दोपहर करीब 1.45 बजे नई गढ़ी थाने पहुंचे। इसके बाद विधायक लगभग 7 बजे फिर से थाने पहुंचे, जहां आवेदन के जवाब में लिखित में जानकारी दी गई कि उनके खिलाफ काईआपराधिक मामला पंजीबद्ध नहीं है।

### पत्रकार भी धरने पर बैठे

दरअसल किसी मामले को लेकर नईगढ़ी पुलिस द्वारा एक पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसे गलत बताते हुए पत्रकार धरने पर बैठे हुए हैं। इसी मामले पर विधायक ने संबंधित पत्रकार के मोबाइल पर कॉल लगाकर संपर्क साधने की कोशिश की, तो कॉल रिसीव नहीं हुई। कहा जा रहा है कि इसी कॉल के दौरान थाना प्रभारी ने विधायक को घसीटकर गिरफ्तार करने की बात कही थी। जिसकी जानकारी विधायक को लगी, तो वह स्वयं थाने पहुंच गए और उन्हें गिरफ्तार करने की बात की गई। विधायक के थाने पहुंचने पर वहां अफरा-तफरी मच गई ।

## कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया गया पुनरीक्षित

### मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी ने आदेश किया जारी

**विसं, भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया। कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित शासकीय सेवक के स्थान पर कंपनी कार्मिक प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है। जानकारी के अनुसार 7 लाख अथवा इससे अधिक जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से अधिक पर 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अनुसार देय मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

### इन कार्मिकों को नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कार्मिकों को कंपनी आवास गृह आवंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हों अथवा जिन्हें किराया रहित आवास गृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो, उन्हें देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी व दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कार्मिकों को देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा संबंधी दिशा निर्देश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होंगे।

## लोक अदालत में बिजली चोरी के प्रकरण होंगे हल

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

**10 मई को लगेगी अदालत**

# वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम करेंगे अपने घरों में अंधेरा

## 30 अप्रैल को रात 9 से 9:30 के बीच होगा ब्लेक आउट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम परिवार अपने घरों में अंधेरा करने जा रहे हैं। जानकारी अनुसार ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की भोपाल में हुई एक अहम बैठक में यह फैसला किया गया है। पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि वक्फ बिल पर चर्चा को लेकर गत दिवस शूरा की एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें यह किया गया कि हमें निरंतर इस कानून का विरोध करना है। इसी कड़ी में 30 अप्रैल को भोपाल में सभी मुस्लिम परिवार अपने घरों में रात 9 से 9:30 बजे तक लाइट बंद रखेंगे। यह आधे घंटे का टोटल ब्लैक आउट रहेगा जो कि एक प्रकार का संकेत है कि हम वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हैं।




### बिल के वापस होने तक जारी रहेगा विरोध

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में कई मुस्लिम संगठन और उनके मुखिया मौजूद थे। बैठक में सुन्नी उलेमा के साथ शिया उलेमा भी मौजूद थे। इस्लाम के दो बड़े पंतों के धार्मिक गुरूओं ने एक साथ वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया। नया कानून देश में वक्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए लाया गया है। मौजूद काजी अजमत शाह मक्की ने बताया कि धर्मगुरुओं की एक ही राय है कि जब तक बिल वापस नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रखा जाए। बैठक में मप्र से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मेम्बर हाफिज तकी, मुफ्ती जका उल्ला, मुफ्ती जुनैद, मौलाना तसव्वुर हुसैन, मौलाना मसीह आलम, जमीयत उलमा ए हिन्द मध्यप्रदेश के सदर मौलाना अहमद, जमाते इस्लामी हिन्द मप्र के नायब अमीर डॉ. शाहिद, शिया आलिम मौलाना अजहर हुसैन रिज्वी, अजहर हुसैन शामिल रहे।




## कोलार में भाजपा ने निकाला कैंडल मार्च




**भोपाल।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के खिलाफ गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारे लगाए। कोलार डी मार्ट के सामने शाम को लोग कैंडल मार्च के साथ पहुंचे और इस हमले के मृतकों को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। मार्च में अटलबिहारी मंडल अध्यक्ष मनोहर मीणा, रवि ब्राम्हणे सहित दर्जनों भाजपाई और आम नागरिक शामिल रहे।

## पहलगाम घटना के विरोध में निकाला जुलूस

**भोपाल।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद रहे। नेताओं ने न्यू मार्केट के नानके पेट्रोल पंप से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च किया। रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचकर आतंकवादी घटना का विरोध जताया और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर अंतिम कील ठांकने का कार्य होगा। भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय कर लिया है कि अब भारत में आतंकवाद का अंतिम समय आ गया है।

## हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं हुई, कैसे बहाल कर दिए अधिकारी

### उपभोक्ता मंच ने मुख्य सचिव को भेजा लीगल नोटिस

**जागरण, जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर ने उमरिया में 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी न होने के बावजूद निलंबित अधिकारियों को बहाल किए जाने के रवैये को अनुचित माना है। इसी के साथ जबलपुर के बरगी क्षेत्र में हाथी की मौत पर कार्रवाई नदारद होने को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। एनजीटी के आदेश पर चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया है। इसी के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव को इस संबंध में लीगल नोटिस भेज दिया है। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में है, उनकी मौतें हो रही हैं। लेकिन अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है, जो चिंता का सबब है। इसीलिये सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव के साथ लीगल नोटिस भेजा गया है। उमरिया के प्रकरण के अलावा जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हुई। इसीलिए अधिवक्ता प्रभात यादव के जरिए लीगल नोटिस भिजवाया गया है। बरगी में हुए हाथी की मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया था कि मध्यप्रदेश एलीफेंट बियरिंग स्टेट नहीं है, अतः प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाइन बनाना चाहिये। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मानिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्यवाही करने को कहा था। लेकिन न तो अभी तक जांच पूरी हुईए न ही अधिकारियों पर कार्यवाही हुई। बाहर के राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों के जीवन सुरक्षा हेतु गाइडलाइन भी अभी तक नहीं बनी हैए जबकि आदेश को जारी करने हुए चार वर्ष बीत चुके हैं। जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई।



## एसबीसी का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव पर अंतरिम रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने काउंसिल के चेयरमैन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने यह भी पूछा है कि किस अधिकार से यह निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेचा और अधिवक्ता नरेंद्र जैन की ओर से याचिका दायर कर कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी ने बताया कि वर्ष 2020 में राज्य अधिवक्ता परिषद ने चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार काउंसिल का कार्यकाल 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त होना चाहिये, युगलपीठ को बताया गया कि परिषद ने 11 फरवरी 2024 को कार्यकारिणी की बैठक कर परिषद का कार्यकाल दो साल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें दावा किया गया कि कोविड-19 महामारी के चलते परिषद के कार्यों में रुकावट आई है, इसलिए कार्यकाल बढ़ाना चाहिये। इसके बाद जुलाई 2024 को जनरल बॉडी मीटिंग बुलाकर प्रस्ताव पारित कर दिया।

**बैठक** | सीएम ने ली अलग-अलग विभागों की बैठक, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

# एमएसएमई उद्योगों के जरिए सुनिश्चित किया जाए रोजगार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरवार को अपने निवास पर कई विभागों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लक्ष्य किसी भी स्थिति में पूरे होने चाहिए, जिससे प्रदेश का समग्र विकास हो सके। एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए सीएम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परंपरागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुए भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी।



### मध्यप्रदेश हर परिस्थिति में केन्द्र के साथ : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। सीएम ने अपने मीडिया संदेश में कहा कि केन्द्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केन्द्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केन्द्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। प्रधानमंत्रीके नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मप्र सरकार सभी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के साथ है।

### प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए

अपने निवास स्थित समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित रोजगारपरक शिक्षा दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालयों में शोध केंद्र स्थापित कर शोध कार्यों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ऐसे क्षेत्रों में, जहां नए महाविद्यालय खोलने की अत्यंत आवश्यकता है, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में, अधिकाधिक महाविद्यालय खोले जाएं। इससे जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को निकट स्थान पर उच्च शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को महाविद्यालयों में दो शिफ्ट में अध्यापन कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर सिस्टम भी आवश्यकतानुसार जारी रहे।

## प्रदेशभर में अभियान चलाकर रोके जाएंगे बाल विवाह

### विभाग ने सभी कलेक्टर को लिखा पत्र, बताई गाइडलाइन

**विसं, भोपाल।** राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत अक्षय तृतीया पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके लिए विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखे है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह पहल देश में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा किशोरियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई है। एनएफएचएस-5 के आकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। जिलों के कलेक्टर को पत्र में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिये विशेष गतिविधियों करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिये विशेष रणनीति तय की गई है। श्रीमती शमी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। 28 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच एवं सचिव बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे, जिसे पंचायत भवनों में प्रदर्शित किया जाएगा। 29 अप्रैल को आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर आम जनता को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाएँ गांवों में सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रयास करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लिबरल आर्ट्स में एमए कराएगा आईसर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईसर) लिबरल आर्ट्स में एमए कराएगा। आईसर देश का पहला ऐसा संस्थान होगा, जो एमए लिबरल आर्टस में प्रवेश देगा। उक्त कोर्स को डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेस द्वारा प्रस्तावित किया गया है। नए शिक्षा सत्र से ये शुरू हो जाएगा। कोर्स अगस्त से शुरू होगा। आईसर के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में इस कोर्स में 50 सीट रहेंगी। इस पाठ्यक्रम में समसामयिक मुद्दों व चुनौतियों के समाधान के लिए ह्यूमेनिटी और सोशल साइंसेस की विविध दृष्टिकोणों और पद्धतियों को शामिल किया गया है। यह इंटरडिसिप्लिनरी कोर्स है। उक्त कोर्स के से छात्रों को टीचिंग एंड रिसर्च, समुदाय और गैर-सरकारी संगठनों में कार्य, पॉलिसी रिसर्च एंड एडवोकेसी, सिविल सेवा, कॉर्पोरेट रोल्स, पत्रकारिता और अन्य ऐसे क्षेत्र जहां विश्लेषणात्मक सोच और प्रभावी संप्रेषण कौशल की आवश्यकता होगी। कोर्स छात्रों के हिसाब से तैयार करेगा। जिस्ट्रार गौरव अवस्थी ने बताया कि भोपाल का आईसर देश भर के आईसर में पहला ऐसा संस्थान है जहां लिबरल आर्ट्स में एमए शुरू किया जा रहा है।

### मानव एकता दिवस, 254 लोगों ने किया रक्तदान



**भोपाल।** संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में 24 अप्रैल सुबह 10 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर जहांगीराबाद स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में 254 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा की। सुबह से ही रक्तदाताओं की कतारें लगी हुई थीं। रक्तदान शिविर प्रारंभ होने से पूर्व मानव एकता दिवस पर सत्संग भवन भोपाल में बैरागढ़ ब्रांच के संयोजक महात्मा महेश वीधानी की हुजूरी में सत्संग संपन्न हुआ। प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है।

# गर्मी का कहर, अप्रैल में 130 लोगों को हीट स्ट्रोक का अटैक

## वायरल इंफेक्शन के कारण हजारों लोग रोज पहुंच रहे अस्पताल, हीट स्ट्रोक के साथ डायरिया और उल्टी-दस्त के केस भी बढ़े

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** गर्मी का मौसम भले ही बार-बार बदल रहा हो। कभी तेज धूप तो कभी बादलों की छांव, लेकिन इस बदलते मौसम में भी लोगों को बीमारियां जकड़े हुए हैं। अस्पतालों की ओपीडी में हर दिन हजारों लोग वायरल इंफेक्शन की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। हाल ही में ताजा रिपोर्ट के आंकड़े सामने आए हैं, उसने स्वास्थ्य विभाग को चौंका दिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गैर संचारी रोगों की मॉनीटरिंग करने वाली वेबसाइट पर जो डाटा मौजूद है, उसके अनुसार अप्रैल के महीने में अकेले भोपाल में 130 से अधिक लोगों को हीट स्ट्रोक का अटैक आया है। इतना ही नहीं पूरे मप्र में हीट स्ट्रोक के मामलों की कुल संख्या 6 हजार पार कर गई है।

### लू चली नहीं, फिर भी केस बढ़े

मौसम केंद्र द्वारा अभी तक भोपाल में लू चलने की घोषणा नहीं की गई है। अप्रैल के 24 दिन में दो या तीन दिन ही ऐसे रहे होंगे जब लू चली हो। बावजूद इसके भोपाल में हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि भले ही लू की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन तेज धूप और गर्मी के कारण लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। मप्र में सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक के केस सागर जिले में दर्ज किए गए हैं। यहां 14 अप्रैल की स्थिति में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या 262 थी। जो अब बढ़कर 300 पार कर गई है। सागर बुंदेलखंड क्षेत्र का महत्वपूर्ण जिला है, यहां गर्मी के मौसम लोगों को तेज धूप का सामना करना पड़ता है।



**इन जिलों में हालात चिंताजनक**

| जिला | हीट स्ट्रोक के केस |
|---|---|
| सागर | 300 |
| रीवा | 196 |
| डिंडोरी | 176 |
| मंडला | 154 |
| भिंड | 153 |
| दमोह | 135 |
| बैतूल | 132 |

तेज धूप के कारण रोशनपुरा चौराहे पर सिंगनल रेड होने के कारण साइन बोर्ड की छांव में खड़े वाहन चालक। छायाः एचसी वर्मा

### 27 जिलों में 100 से ज्यादा मरीज

हीट स्ट्रोक का असर सिर्फ राजधानी भोपाल तक सीमित नहीं है। बल्कि इसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है। मप्र में हीट स्ट्रोक के कुल मरीजों की संख्या 14 अप्रैल तक 4 हजार थी, जो अब बढ़कर 6 हजार पहुंच गई है। प्रदेश के 27 जिले ऐसे हैं, जहां हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या 100 से ज्यादा हो चुकी है। कई जिलों में तो यह 150 पार कर गई है।

### 9 अप्रैल को जारी की गई एडवाइजरी

प्रदेश में हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और हीट स्ट्रोक से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई। इसमें लोगों को हीट के बारे में जागरुक किया गया। है। इससे बचने के उपाय, निदान के बारे में बताया गया है।

### बचने के उपाय

- प्रति घंटे 1-2 गिलास पानी पीने की कोशिश करें।
- ओआरएस नींबू पानी, नारियल पानी, या छाछ जैसे इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय पिएं।
- चाय, कॉफी या अल्कोहल का सेवन न करें
- हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें, जो पसीने को सोख सकें।
- सिर को धूप से बचाएं
- सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

- शरीर का तापमान 104 डिग्री फेरेनहाइट या इससे अधिक
- तेज सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी
- तेज पसीना आना या पसीना पूरी तरह बंद होना
- तेज दिल की धड़कन या कमजोर नाड़ी
- मांसपेशियों में ऐंठन या कमजोरी
- जी मिचलाना, उल्टी, या भटकाव
- त्वचा का लाल, गर्म और सूखा होना

### हीट स्ट्रोक का प्राथमिक उपचार

- नजदीकी अस्पताल या डॉक्टर से संपर्क करें
- व्यक्ति को छायादार या ठंडी जगह पर ले जाएं।
- कपड़े हटाकर त्वचा पर ठंडा पानी छिड़कें या गीले तौलिये से शरीर को ढकें।
- पंखे की हवा या हवा चलाने की व्यवस्था करें।
- बगल, कमर और गर्दन जैसे क्षेत्रों में बर्फ के पैक (कपड़े में लपेटकर) लगाएं।

"मामले बढ़े हैं, लेकिन अस्पताल में भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही। हमने पांच बेड रिजर्व किए हुए हैं।"
■ **डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, सिविल सर्जन जेपी अस्पताल

# जयपुर में धमाकों की साजिश रचने वाले पांच लाख के इनामी आतंकी को ले गई एनआईए

## सुरक्षा कारणों से रतलाम से सेंट्रल जेल भोपाल में किया गया था शिफ्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 5 अप्रैल से भोपाल की केंद्रीय जेल में बंद पांच लाख के इनामी आतंकी फिरोज को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम गुरुवार को अपने साथ लेकर जयपुर रवाना हो गई। फिरोज को रतलाम पुलिस ने 2 अप्रैल को उसकी ही बहन के घर से गिरफ्तार किया था। फिरोज पर अपने 10 अन्य साथियों के साथ जयपुर में बम धमाकों की योजना बनाने का आरोप था और वह पिछले दो साल से फरार था। पुलिस ने जिस समय उसे रतलाम के आनंद नगर स्थित उसकी बहन के घर से पकड़ा था, उस समय उसने पुलिस टीम पर हमला भी किया था। इसके अगले दिन रतलाम पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया था, जहाँ से उसे रतलाम जेल भेजा गया था।



इसके बाद फिरोज को सुरक्षा के मद्देनजर भोपाल केंद्रीय जेल शिफ्ट कर दिया गया था। यहां उसे जेल के अंदर बनी हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया था। एनआईए टीम के साथ करीब सौ पुलिसकर्मी सुबह 6 बजे भोपाल सेंट्रल जेल पहुँचे। इस दौरान सेंट्रल जेल को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। जेल के बाहर भी पुलिसकर्मियों का घेरा रहा। एनआईए की टीम करीब एक घंटे तक सेंट्रल जेल में रही। जयपुर एनआईए कोर्ट से जारी प्रोडक्शन वारंट के आधार पर जेल प्रबंधन ने फिरोज को एनआईए की हिरासत में सौंप दिया। इसके बाद एनआईए की टीम विमान के जरिए उसे लेकर जयपुर रवाना हो गई। इस दौरान जेल से लेकर एयरपोर्ट पर भी पुलिस की सख्त निगरानी रही।

### फिरोज तीन साल से था फरार बहन के घर रह रहा था छिपकर

आतंकी फिरोज ने अपने साथियों के साथ मिलकर अल सुफा नाम का एक संगठन बनाया था। इसका मकसद देश के शहरों में विस्फोट करना था। इसके लिए सबसे पहले जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश रची गई थी। हालाँकि, यह कामयाब हो पाती उससे पहले ही उसके साथी पुलिस के हत्थे चढ़ गए थे। दरअसल, 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निम्बाहेड़ा में पुलिस ने एक संदिग्ध कार रोकी थी, जिसमें तलाशी के दौरान पुलिस को विस्फोटक मिल गए। इसके बाद कार में सवार रतलाम निवासी जुबेर पठान, सैफुल्लाह खान और अल्तमश को गिरफ्तार कर लिया गया। मामला आतंकी गतिविधियों से जुड़ा था, लिहाजा इसकी जांच एनआईए को सौंप दी गई। बाद में एनआईए ने हिरासत में लिए गए तीनों आतंकियों की निशानदेही पर देश के अलग-अलग शहरों से इनके सात अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। हालाँकि, इसकी भनक लगते ही फिरोज फरार हो गया था, जिस पर एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था।

### कार की टक्कर से घायल की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश अस्पताल के पास गत 19 अप्रैल की रात सड़क पार करते समय युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां हालत गंभीर देखते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया में इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। कमल कुशवाह (45) भीमनगर झुग्गीबस्ती अरेरा हिल्स में रहता था और जयप्रकाश अस्पताल के पास नींबूपानी का ठेला लगाता था। 19 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह ठेला बंद कर घर जा रहा था। जयप्रकाश अस्पताल के बाहर मुख्य सड़क पर वह सड़क पार करने लगा, तभी न्यू मार्केट की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे चपेट में ले लिया। इस हादसे में कमल को गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां से उसे हमीदिया के लिए रैफर कर दिया गया था।

### बाइक सवार झपटमारों ने क्रिकेटर का मोबाइल झपटा

#### राजधानी में नहीं थम रहा लूट का सिलसिला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बाइक सवार झपटमार फिर सक्रिय हो गए हैं। झपटमारों ने बागसेवनिया में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी तो हबीबगंज में क्रिकेटर के हाथ से मोबाइल झपट लिया। दोनों घटनाएं 17 और 18 अप्रैल की हैं। सुनील यादव (29) नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं और अपने पिता के साथ नगर निगम में अस्थाई कर्मचारी हैं। 19 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे वह जोन कार्यालय से पैदल घर जाने के लिए निकले थे। साकेत नगर स्थित अनामय अस्पताल के पास पहुंचते ही एक बाइक पर आए तीन बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने सुनील के हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह पहले घर गए फिर दूसरे दिन थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है। दूसरी ओर मोबाइल झपटने की दूसरी वारदात 18 अप्रैल की दोपहर हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड कैंपियन स्कूल के पास हुई। पुलिस ने बताया कि फारुख खान शाहजहांनाबाद में रहते हैं। उनका भाई ओल्ड कैंपियन स्कूल मैदान में क्रिकेट खेलने आता है। बीती 18 अप्रैल को दोपहर के करीब डेढ़ बजे वह भाई को लेने के लिए आए थे। फारुख मैदान के बाहर खड़े होकर भाई के आने का इंतजार कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल पर किसी का कॉल आया तो वह बातचीत करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाश फारुख के नजदीक पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर भाग निकले।

# पिछड़ रही भोपाल मेट्रो रेल को पटरी पर लाने की तैयारी

## सीएमआरएस अप्रूवल के लिए लगाया जोर



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इंदौर मेट्रो के बाद अब भोपाल मेट्रो के कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) अप्रूपल के लिए मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य लगातार भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे हैं। लगातार दूसरे दिन चली समीक्षा के दौरान एमडी चैतन्य ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के समस्त स्टेशनों का जायजा लिया और समय पर इनका काम पूरा करने की बात कही। इसके पहले बुधवार को वे सुभाष नगर मेट्रो डिपो का निरीक्षण करने पहुंचे थे। लगातार पिछड़ रहा भोपाल मेट्रो का काम पटरी पर लाने के लिए एमडी लगातार विकास कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण कर रहे हैं। बता दें कि इंदौर मेट्रो को सीएमआरएस अप्रूवल मिल चुका है, लेकिन भोपाल में कई निर्माण कार्य अधूरे होने के चलते सीएमआरएस अप्रूवल नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते से पटरी पर लाने के लिए लगातार प्रायोरिटी कॉरिडोर की समीक्षा की जा रही है। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीनस्थ एक नियामक निकाय है। यह निकाय पूरे देश भर की मेट्रो रेल परियोजनाओं की सुरक्षा और मानकों की निगरानी करता है और उनके शुरू होने से पहले इसी निकाय द्वारा सीएमआरएस अप्रूवल जारी किया जाता है। सीएमआरएस अप्रूवल के बाद ही मेट्रो रेल के संचालन की अनुमति मिलती है। इसके पहले लगभग तीन माह तक संरक्षा कार्य के तहत मेट्रो संचालन किया जाता है।

### स्टेशनों का भी किया निरीक्षण

एमडी ने गुरुवार को एम्स से सुभाष नगर तक निर्माणाधीन भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। वे पहले एम्स, अलकापुरी और डीआरएम आफिस मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन पर सिस्टम रूम्स की प्रगति देखी। एमडी ने सिविल एवं सिस्टम कान्ट्रेक्टर को मानसून से पहले बाहरी और महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने को कहा है। मेट्रो निर्माण स्थल में जहां-जहां कार्य पूरा हो रहे हैं वहां रोड निर्माण के कार्य भी साथ-साथ किए जाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टाक, ट्रेफिक, सिग्नल्लिंग के अधिकारियों और कंसल्टेंट प्रतिनिधियों व ठेकेदारों से बातचीत की। इस अवसर पर शोभित टंडन, अजय गुप्ता समेत कई अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हबीबगंज में महिला ने फांसी लगाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित श्याम नगर में बुधवार रात एक महिला ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अंजू यादव पति आनंद यादव (26) श्याम नगर में रहती थी और गृहिणी थी। उसका पति कपड़े की दुकान में काम करता हैं। अंजू और आनंद का आठ साल का बेटा ओर बेटी है। दोनों बच्चे छुट्टियां मनाने के लिए नाना-नानी के घर ललितपुर गए हैं। बुधवार को पति दुकान पर काम करने गया था। घर पर अंजू अकेली थी। रात करीब 8 बजे पति काम से घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोलने पर पता चला कि अंजू ने पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली है।

# पद को मुंह चिढ़ा रहीं उम्मीदवारों की डिग्री और पात्रता

## नेट, सेट और पीएचडी लेकर असिस्टेंट प्रोफेसर की कतार में युवा, 573 सरकारी कालेजों में होनी है भर्ती

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के 573 सरकारी कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती करने मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने आवेदन जमा करा लिए हैं। इसके चलते एमपीपीएससी को करीब दो हजार असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती करने देशभर से करीब साढे 44 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें हजारों की संख्या में ऐसे उम्मीदवार शामिल होंगे, जिन्होंने यूजीसी नेट और सेट की पात्रता हासिल करने के अलावा पीएचडी तक की हुई है। अब उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर बनने एमपीपीएससी देने के बाद साक्षात्कार तक से गुजरना होगा। समय पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया नहीं होने पर युवाओं की कतार बढ़ती जा रही है। युवाओं के पास हर स्तर पर योग्यता हासिल हो चुकी है। एमपीपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती कराने आवेदन जमा करा लिए हैं। आवेदन के लिए तीन स्तर पर पात्रता रखी हुई थी। इसमें पीजी डिग्रीधारियों को यूजीसी नेट और सेट (राज्य पात्रता परीक्षा) क्वालिफाई करने की शर्त लगाई थी। पीएचडी डिग्रीधारी भी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन कर सकते हैं। एमपीपीएससी को करीब दो हजार पदों के लिए 44 हजार 500 आवेदन मिले हैं। इसमें हजारों की संख्या में ऐसे उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं, जिनके पास नेट और सेट की पात्रता हासिल करने के बाद पीएचडी की डिग्री तक ले रखी है। अब उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए एमपीपीएससी की चयन परीक्षा देने के बाद उन्हें तय कार्यक्रम के तहत साक्षात्कार में भागीदारी करते हुए अंक समेटने होंगे।

**उम्मीदवारों की फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन | 44,500 |
| राज्य के बाहर | 24,000 |
| पीएचडी डिग्रीधारी | 11000 |
| नेट क्वालिफाई | 31000 |
| सेट क्वालिफाई | 7500 |

### 55 फीसदी उम्मीदवार बाहरी

एमपीपीएससी को असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 44 हजार 500 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें 20 हजार आवेदन सिर्फ मप्र के उम्मीदवारों ने जमा किए हैं। 24 हजार 500 आवेदन मप्र के अलावा अन्य राज्यों से जमा हुए हैं। इसमें देश के करीब एक दर्जन राज्यों के उम्मीदवार शामिल हैं। उम्मीदवारों को अपने राज्य के साथ बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों से ज्यादा मशक्कत करना होगी। सूबे के कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ खेल अधिकारी और ग्रंथपाल के दो हजार 197 पद रिक्त बने हुए हैं। इसमें 80 पद ग्रंथपाल और 187 पद खेल अधिकारी शामिल हैं। उक्त पदों पर एमपीपीएससी चयन परीक्षा से भर्ती कराएगा।

### अतिथि को मिलेगा 25 फीसदी आरक्षण

पांच हजार अतिथि विद्वान कालेजों में पढा रहे हैं। इसमें कई पात्रता की उम्र पार कर चुके हैं। वे उक्त भर्ती का फायदा नहीं ले पाएंगे। वे फिक्स वेतन पर नियुक्त होने की मांग कर रहे हैं। हालांकि ने अतिथि विद्वानों के लिए सभी पदों के लिए 25 प्रतिशत पद आरक्षित कर दिए हैं। इसलिए उन्होंने आवेदन करना भी शुरू कर दिया है। विद्वान महासंघ आशीष पांडे का कहना है कि महापंचायत में अतिथि विद्वानों को अनुभव के तहत दस फीसदी अंकों का लाभ मिलना चाहिए।

**भय** | पहलगाम में आतंकी हमले के बाद डरे लोग, टूर एवं ट्रेवल्स एजेंसियों से कश्मीर के पैकेज कोई नहीं ले रहा

# अब कश्मीर नहीं जाएंगे, भोपाल के 60 लोगों ने रद्द कराया ट्रेन का टिकट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का असर वहां के पर्यटन पर दिखने लगा है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर का पर्यटन ग्रोथ कर रहा था। पूरे देश से पर्यटक कश्मीर पहुंच रहे थे। लेकिन इस आतंकी घटना के बाद अब पर्यटक कश्मीर जाना नहीं चाहते। बात करें भोपाल की तो, भोपाल रेलवे स्टेशन से 23 अप्रैल को 60 लोगों ने अपना कश्मीर का टिकट रद्द कराया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आरकेएमपी और भोपाल स्टेशन से कुल 60 टिकट कैंसिल हुए हैं। आगे की जानकारी भी एक दो दिन में आ जाएगी। भोपाल से झेलम, पंजाबमेल एक्सप्रेस, मालवा जैसी प्रमुख ट्रेनें कश्मीर जाती हैं। कश्मीर जाने के लिए पर्यटक तीन रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। पहला ट्रेन से, दूसरा फ्लाइट से और तीसरा सड़क मार्ग से। ट्रेन से जाने वालों ने तो टिकट कैंसिल कराना शुरू कर दिया है। जिसकी जानकारी भोपाल रेल मंडल कार्यालय से मिल रही है। फ्लाइट से कश्मीर की यात्रा के लिए पर्यटक इंदौर से जाना पसंद करते हैं, क्योंकि वहां से सीधी फ्लाइट उपलब्ध है। जबकि सड़क मार्ग से जाने वाले लोग निजी टूर आपरेटर की मदद लेते हैं। शहर के एक दर्जन से ज्यादा टूर आपरेटरों से बात करने पर पता चला कि आतंकी घटना के बाद से कोई भी कश्मीर जाना नहीं चाहता। अधिकतर लोगों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है और कुछ लोगों ने हिमाचल या उत्तराखंड जाने का निर्णय लिया है।

"अभी तक हमारे पास 60 टिकट कैंसिल कराने की सूचना है। इन सभी ने कश्मीर के लिए रिजर्वेशन कराया था।"
■ **नवल अग्रवाल**, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी डीआरएम कार्यालय




**पहलगाम अटैक के विरोध में दवा व्यापारी संघ ने किया प्रदर्शनः** पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में भोपाल में भी प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को थोक दवा व्यापारी काली पट्टी लगाकर दुकानों में काम किया। वहीं, शाम 6 बजे तक दुकानें बंद कर दीं। इसके बाद मौन रैली निकाली और फिर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नादरा बस स्टैंड के सामने थोक दवा बाजार है, जहां करीब 400 थोक दुकानें हैं। भोपाल समेत आसपास के डेढ़ सौ किलोमीटर के दायरे में दवा पहुंचाई जाती है। हमले के विरोध में गुरुवार को व्यापारी भी मैदान में उतरे। वहीं दूसरी ओर कमला पार्क पर अग्रवाल समाज ने कश्मीर घटना के विरोध में प्रदर्शन किया और मृतकों श्रद्धांजलि अर्पित की।

दैनिक जागरण
सप्तरंग
सेहत भरे जीवन का
भोपाल 25 अप्रैल 2025



# मोटापा सेहत का अदृश्य शत्रु



भारी पड़ेगा वजन

**खानपान को लेकर बढ़ती लापरवाही और आरामपसंद दिनचर्या के कारण हर वर्ग और उम्र में बढ़ रहा है मोटापा। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी बढ़ते वजन व मोटापे की चुनौती पर अपनी चिंता व्यक्त की है। इस कड़ी में जानें क्या है मोटापे का जोखिम व इस समस्या पर कैसे पाएं नियंत्रण....**

**24 प्रतिशत भारतीय महिलाएं और 23 प्रतिशत पुरुष अधिक वजन या मोटापे के शिकार हैं।**

## इन दिनों



**डा. संजय राय**
प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, नई दिल्ली

सुबह नींद खुलते ही यदि मोबाइल स्क्राल करने, सुबह की सैर, कसरत, योग आदि को समय की बर्बादी मानने, घर में दफ्तर के काम निपटाने, कार्यालय पहुंचकर मीटिंग और फाइलों में घंटों उलझे रहने, खानपान और नींद को प्राथमिकता न देने की आपकी जीवन- शैली और आदतें हैं तो आपको तुरंत सचेत हो जाना चाहिए। भले ही यह बात आपको सामान्य लगे, लेकिन इन दिनों ऐसी अस्वास्थ्यकर आदतें मोटापे का एक कारण बन रही हैं। अच्छी बात यह है कि मोटापे के कई कारण हो सकते हैं, पर इसमें सबसे अधिक योगदान रहता है आपकी खराब जीवनशैली का । यदि इनमें अपेक्षित सुधार कर लें तो भविष्य में मोटापे के जोखिम से बचना कठिन नहीं।



**कैसे जानें मोटापा हो रहा हावी :** मोटापे के आकलन के लिए सबसे प्रचलित तरीका बीएमआई ( बाडी मास इंडेक्स) है। इसमें शरीर के वजन को किलोग्राम में नापा जाता है, उसके बाद ऊंचाई को स्क्वायर मीटर में। शरीर के वजन से ऊंचाई को विभाजित कर बीएमआई तय होती है। यह 17.5 से लेकर 25 तक या इससे नीचे है तो इसका अर्थ है आप मोटापे के शिकार नहीं हुए हैं। यह 25 से 30 के बीच में है तो यह बढ़ते वजन का संकेत है। से ऊपर बीएमआई को गंभीर जोखिम पैदा करने वाला मोटापा माना जाता है।

हालांकि मोटापा केवल शरीर में वसा की मात्रा पर ही निर्भर नहीं करता, उसके जमाव की स्थिति पर भी निर्भर करता है। पेट पर जमा चर्बी (बेली फैट) मधुमेह के लिए एक बड़ा जोखिम कारक माना जाता है। इसलिए इन दिनों मोटापे से संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों को निर्धारित करने के लिए कमर की परिधि को मापने का सुझाव दिया जा रहा है। इसके अनुसार, महिलाओं में 35 इंच से अधिक और पुरुषों में 40 इंच से अधिक कमर की परिधि है तो यह गंभीर जोखिम बने रहने का संकेत हो सकता है।

**कई है कारण, इनको भी जानें :** यह सही है कि मोटापा वंशानुगत भी हो सकता है, पर हर बार आप अधिक वजन के लिए जीन को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। हां, इसमें परिवारों में खाना पकाने और खाने की आदतें एक जैसी होने के कारणों को नकारा नहीं जा सकता है।

मोटापा के कई अन्य कारण भी हैं, जैसे उम्र बढ़ने के साथ मेटाबोलिक प्रक्रिया धीमी होने लगती है तो मांसपेशियों में क्षय और वसा का जमाव बढ़ने लगता है। यह मोटापे का जोखिम बढ़ा सकता है। आज अवसाद के कारण मोटापा बढ़ रहा है। दरअसल, कई बार भावनाओं के सही प्रबंधन का अभाव व इससे उपजे तनाव के कारण भी लोग अधिक कैलोरी लेने लगते हैं और कसरत आदि से दूर रहकर अपना वजन बढ़ा लेते है। इसी तरह, पालिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम, गर्भनिरोधक गोलियों, स्टेरायड जैसी कुछ दवाइयों के सेवन के कारण भी आपका वजन बढ़ सकता है। इनके प्रति सचेत रहना ही बचाव है।

### ऊर्जा ग्रहण व खपत का उचित प्रबंधन

वजन या मोटापे के बढ़ने में बड़ी भूमिका रहती है ऊर्जा ग्रहण व इसकी खपत को लेकर जानकारी व जागरूकता के अभाव की। लो कैलोरी युक्त भोजन व फाइबरयुक्त फलों के सेवन में कमी, बाहर खाने की बढ़ती संस्कृति के साथशारीरिक निष्क्रियता और कामकाज की आरामपसंद आदतेंइतनी हावी हैं कि आप अनजानेही अधिक ऊर्जा ग्रहण कर लेते हैं, पर उस अनुरूप सक्रियता नहीं रख पाते। अतिरिक्त कैलोरी वसा के रूप में शरीर में जमा होती रहती है और आपके वजन को तेजी से बढ़ा देती है, जो भीतरी अंगों को नुकसान पहुंचाता है। पता होना चाहिए कि निष्क्रियता हमें अस्वास्थ्यकर खानपान, जैसे चिप्स, सोडा या अल्कोहल आदि के प्रयोग के लिए बाध्य कर देती है।

### जानलेवा है मोटापे का जोखिम

**मोटापे से कई जटिलताओं वबीमारियों का खतरा बना रहता है। इनमें मुख्य हैं :**









- इंसुलिन का प्रयोग अनियमित होना, रक्त शर्करा का स्तर बुरी तरह प्रभावित होने से इंसुलिन प्रतिरोध और टाइप 2 मधुमेह का खतरा बढ़ता है।
- रक्तचाप और कोलेस्ट्राल बढ़ने का खतरा, जो कि हृदय रोग और स्ट्रोक के बड़े जोखिम हैं।
- नींद चक्र खराब रहना, नींद बार-बार खुलने की समस्या से स्लीप एप्निया का जोखिम बना रहता है।
- अधिक वजन जोडों पर दबाव डाल सकता है, जिससे आज कम उम्र में भी आस्टियोआर्थराइटिस जैसी जटिलताएं बढ़ रही हैं।
- अनियमित मासिक धर्म और बांझपन क खतरा व गैस्ट्रिक समस्याएं, लिवर संबंधी कई अन्य बीमारियों को आमंत्रण।

### मोटापा व कैंसर का रिश्ता

मोटापे के कारण प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। महिलाओं में गर्भाशय, स्तन, प्रोस्टेट कैंसर का कारणबना है मोटापा । इससे लिवर, अग्न्याशय, गुर्दे के कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है।

### आंकड़े बोलते हैं

- 15 - 49 वर्ष उम्र की 6.4 प्रतिशत महिलाएं और 4.0 प्रतिशत पुरुष मोटापे के शिकार हैं।
- 24 प्रतिशत भारतीय महिलाएं और 23 प्रतिशत पुरुष अधिक वजन या मोटापे के शिकार हैं।
- बच्चों में मोटापा 2015-16 में 2.1 प्रतिशत था, जो 2019 -21 में बढ़कर 3.4 हो गया।

### ये हैं सामान्य लक्षण

30 से अधिक बीएमआई, खर्राटा, स्लीप एप्निया ( नींद में सांस की अनियमितता ), जोड़ों व पीठ में दर्द, उनींदापन, बहुत पसीना आना, त्वचा में संक्रमण और हरदम थकान रहना।

**राष्ट्रीय परिवार कल्याण स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार ( 2019-21 )**

### कारगर हैं ये बातें



- रोजाना एक ही तरह के खाने से बचें। भोजन की थाली में विविधता रहे तो सभी जरूरी पोषक तत्व पाने में सहजता रहेगी।
- कामकाजी तनाव के कारण नींद से समझौता मेटाबोलिक प्रक्रिया को खराब कर सकता है। वजन बढ़ने में इसकी बड़ी भूमिका होती है।
- बच्चों में मोटापे को रोकने के लिए घर का वातावरण ऐसा बनाएं, जिसमें खेद कूद और स्वस्थजीवनशैली को प्राथमिकता मिले।
- हार्मोनल बदलाव व दूसरी समस्याओं के कारण महिलाओं में वजन बढ़ने का खतरा रहता है। बेहतर दिनचर्या से नियंत्रण कर सकती हैं ।
- हर दिन आधे घंटे का ब्रिस्क वाक मोटापे का जोखिम कम कर सकता है।
- स्वस्थ जीवन शैली का विकल्प सबसे अच्छा उपाय है। इन दिनों दवाइयों के प्रयोग का चलन बढ़ा है, पर मोटापा कम करने के लिए इसका प्रयोग चुनौतियां पैदा कर सकता है।

# अनदेखी से न बढ़ जाए जोखिम



**डा. अभिदीप चौधरी**
चेयरमैन, एचओडी, लिवर ट्रांसप्लांट व सर्जरी, मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली

फैटी लिवर है तो इसे हल्के में लेने से बचें। इसकी अनदेखी क्यों बढ़ा सकता है जोखिम और क्या हैं बचाव के उपाय ? जानें। फैटी लिवर ही तो है, कुछ दिन खानपान पर ध्यान देंगे तो सही हो जाएगा। यदि आपका भी ऐसा ही सोच है तो इसका बड़ा नुकसान हो सकता है। लिवर की विशेषता होती है कि यह खुद को रिकवर करने में माहिर है, लेकिन जब आप निरंतर चिकित्सक के अनुसार बताई गई जीवनशैली का पालन नहीं करते तो लिवर की यह अनूठी क्षमता खो सकती है। अधिकांश लोग समस्या बढ़ने के बाद पेट में दर्द, पैरों में सूजन या पीलिया आदि होने के बाद डाक्टर के पास जाते हैं तो पता चलता है कि उनका दो-तिहाई लिवर क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसलिए यदि आपने लंबे समय से लिवर की जांच नहीं कराई और आप निरंतर ब्लाटिंग व थकान की समस्या से परेशान हैं तो अपने चिकित्सक से मिलें।



### चुपके से बढ़ा देता है जोखिम

फैटी लिवर हाइपरटेंशन की तरह चुपके से आपको जोखिम में डाल सकता है। हाइपरटेंशन में जैसे रक्तचाप अधिक होने का पता नहीं चलता, फैटी लिवर में भी लोग नहीं समझ पाते कि यह लिवर की ही किसी परेशानी के कारण। संभव है, जैसे पेट में दर्द, थकान, भूख नहीं लगना, नींद की दिक्कत आदि लक्षण फैटी लिवर के हो सकते हैं, पर लोग इसे सामान्य मान लेते हैं। ऐसे 4 में यदि अल्कोहल लेते हैं और गलत खानपान की आदत है, मधुमेह है, तनाव पूर्ण कामकाज है तो आज ही आपको फैटी लिवर के प्रति सचेत हो जाना चाहिए।

### इन्हें हो सकता है अधिक खतरा

अल्कोहल सेवन करने वाले, ओवरवेट और मधुमेह रोगी, फैटी लिवर के कारण लिवर सिरोसिस, कैंसर जैसे बड़े जोखिम क्षेत्रमें बने रहते हैं। उन्हें एलएफटी व अल्ट्रासाउंड कराकर लिवर की सेहत पर नजर रखनी चाहिए।

### खानपान पर रहे

नजर मधुमेह, कोलेस्ट्रोल बढ़ना आदि के चपेट में आने से बचें वजन पर नियंत्रण के लिए खानपान में सावधानी बरतें। शारीरिक रूप से सक्रिय बने रहना होगा।

# हीमोफीलिया का होम्योपैथी से प्रबंधन



**डा. आशीष राजेन्द्र सिंह**
मुक्ता होम्योपैथी क्लीनिक नोएडा

हीमोफीलिया रक्तस्त्राव संबंधी विकार है। दुनियाभर में इस विकार से प्रभावित लोगों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी भारत में रहती है। जानें हीमोफीलिया की समस्या के प्रबंधन में होम्योपैथी से कैसे मदद मिल सकती है?

शरीर के किसी भाग में चोट लगती है तो रक्तस्त्राव को रोकने के लिए खून में मौजूद क्लाटिंग फैक्टर्स सक्रिय होकर उसे रोक देते हैं, पर क्या होगा यदि ये फैक्टर्स मौजूद ही न हों या इनकी मात्रा बहुत कम हो ? दरअसल, यही स्थिति है हीमोफीलिया । यह एक गंभीर रक्तस्त्राव संबंधी वंशानुगत विकार है। पर्याप्त जागरूकता की कमी के कारण रक्त प्रवाह से जुड़ी किसी भी घटना के बाद लोग गंभीर हालत में पहुंच जाते हैं। बता दें कि यह रोग मुख्यतः पुरुषों को प्रभावित करता है, लेकिन महिलाएं इसकी वाहक होती हैं। इसलिए इन दिनों विवाह पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग की सलाह दी जाती है ताकि आने वाली पीढ़ी को हीमोफीलिया से बचाव में मदद मिल सके।



**होम्योपैथी है सहायक :** हीमोफीलिया के खतरनाक प्रभावों पर नियंत्रण एक बड़ी चुनौती है। इसमें होम्योपैथी की मदद कारगर हो सकती है। दरअसल, होम्योपैथी का मुख्य उद्देश्य शरीर की आंतरिक हीलिंग क्षमता को जाग्रत करना व रक्तस्त्राव की आवृत्ति और गंभीरता को कम करना है। इसकी मदद से इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की मानसिक-भावनात्मक स्थिरता को भी बनाए रखने में मदद मिल सकती है। इसमें मरीज को कुछ दवाइयों की सलाह दी जा सकती है, पर इन्हें उचित परामर्श के बाद ही उपयोग करना चाहिए। जैसे Hamamelis Virginiana जो कि नसों की कमजोरी को रोकने में मदद कर सकती है। Crotalus Horridus अत्यधिक खून बहने से रोकने में सहायक हो सकती है।

## स्त्री स्वास्थ्य

# माहवारी में कसरत से राहत

**माहवारी के दौरान यदि कोई विशेष समस्या है तो योग और शारीरिक गतिविधियों से लाभ मिल सकता है। माहवारी संबंधी कई चुनौति निपटा जा सकता है। इसके लिए यहां दी गई सलाह पर आप कर सकती हैं अमल...**




**मीनल भारद्वाज पाठक**
वेलनेस एक्सपर्ट, दिल्ली

मासिक की धर्म अवधि में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोन संबंधी बदलाव हो सकते हैं। इस समय सामान्य दिनों की तुलना में कमजोरी व मूड स्विंग की समस्या अधिक रहती है। यदि आप माहवारी के दिनों में कसरत, योग पसंदीदा या कोई शारीरिक गतिविधि शुरू करें तो यह कैंप, दर्द का प्रबंधन करने व ऊर्जा स्तर को बढाकर मूड को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है। बहुत सी महिलाओं को अनियमित मासिक चक्र की परेशानी रहती है, उन्हें भी कसरत व योग से लाभ होगा। रेस्टोरेटिव योगा रेस्टोरेटिव पोज यानी जिसमें आप किसी आसन या पोज को थोड़ा लंबा या औसतन पांच मिनट तक कर सकती हैं, उन्हें करें। यदि नियमित करती रहें तो यह रक्तसंचार को बेहतर करता है व पीरियड्स के दर्द से राहत दिला सकता है। इससे पीरियड के समय क्रेविंग कंट्रोल में भी मदद मिलती है। बलासन, कपोतासान, कोबरा आदि कई पोज हैं, जिन्हें आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं। स्ट्रेंचिंग करेंगी तो यह पेट के निचले हिस्से में दर्द से राहत दे सकता है। चाहें तो आराम पाने के लिए पीठ के नीचे गोलाकार लंबा तकिया भी लगा सकती हैं। यदि आप वाकिंग, जागिंग व साइकिलिंग करती हैं तो पीरियड के दौरान उन्हें भी छोड़ना नहीं चाहिए।



- अपनी समस्या व अनुभव के अनुरूप ही आसन या गतिविधि को चुनें।
- जिन कसरतों के साथ आप जुड़ाव या आनंदमहसूस करें, उन्हें चुनें तो अधिक बेहतर है ।
- उच्च तीव्रता वाले वर्कआउट से परहेज करना चाहिए।
- इस दौरान शरीर में पानी की कमी कैंप को बढ़ा सकती है। अतः स्वस्थ पेय और पानी खूब पिएं ।

# योग से नियंत्रित रखें मधुमेह



योग जीवन को सुंदर, स्वस्थ और सुचारु रखने का प्राचीन भारतीय विज्ञान है। आज यह मान्य तथ्य है कि योगाभ्यास से मधुमेह (डायबिटीज) पर नियंत्रण में सहायता होती है तथा उच्च रक्तचाप और डिसलिपिडेमिया जैसी परिस्थितियों से बचाव होता है। लंबे समय तक योगाभ्यास करने से शरीर के वजन या कमर के घेरे तथा इन्सुलिन संवेदनशीलता के बीच का नकारात्मक संबंध घट जाता है।

**सूर्य नमस्कार:** तीन या छः बार सूर्य नमस्कार करने से शर्करा का स्तर कम हो जाता है। इससे वजन को कम करने में भी मदद मिलती है।

**कपालभाति प्राणायाम :** यह रक्त परिसंचरण को सुधारता है व मन को भी शांति प्रदान करता है।

**सुप्त मत्स्येन्द्रासन :** यह आसन पेट के अंगों को सक्रिय करता है।

**धनुरासन :** यह आसन अग्नाशय को सक्रिय करता है और मधुमेह के मरीजों के लिए अत्यधिक लाभदायक है।

**पश्चिमोत्तानासन :** यह आसन पेट व श्रोणि के अंगो को सक्रिय करता है जो मधुमेह के मरीजों के लिए बहुत लाभदायक है। **अर्धमत्स्येन्द्रासन :** यह आक्सीजन की मात्रा को बढ़ाता है।

**शवासन :** यह आसन पूरे शरीर को विश्रम देता है।


# खानपान में प्रयोग से प्रभावित न हो दिल

## इंटरमिटेंट फास्टिंग



**प्रो. (डा.) एचएस इस्सर**
विभागाध्यक्ष, कार्डियोलाजी, वीएमएमसी, नई दिल्ली

**आजकल लोग फैट को कम करने और फिट रहने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं, इसमें सबसे लोकप्रिय तरीका है इंटरमिटेंटफास्टिंग यानी आंतरायिक उपवास । लेकिन, खानपान में इस तरह का प्रयोग दिल की सेहत के लिए जोखिम भरा भी हो सकता है, आइए समझते हैं ...**



पिछले कुछ वर्षों से इंटरमिटेंट फास्टिंग का चलन दिखने लगा है। आसान शब्दों में समझें तो इसमें कुछ घंटे के लिए भोजन किया जाता है और उसके बाद कई घंटों तक बिना कुछ खाए-पिए रहा जाता है। आमतौर पर, इसमें आठ घंटों के दौरान खानपान, शेष 16 घंटे के लिए पूरी तरह उपवास होता है। लोग दिन के 12 बजे से शाम 7-8 बजे तक खाते-पीते हैं, उसके बाद उपवास पर रहते हैं, जबकि आमतौर पर लोगों की 12-14 घंटे के दौरान खाते- पीते रहने की आदत होती है और आठ घंटे (रात्रि के समय) बिना खाए रहते हैं।

**दावों पर भारी दुष्प्रभाव:** शुरुआती कुछ अध्ययनों में दावा किया गया कि इस तरह की फास्टिंग से वजन कम करने, रक्तचाप और मधुमेह नियंत्रित करने में मदद मिलती है। धीरे-धीरे यह चलन पूरी दुनिया में शुरू हो गया। हालांकि इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभाव भी हैं, जो अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के हालिया अध्ययन से स्पष्ट होता है।


**बीमारियों का जोखिम:** अध्ययन में यह स्पष्ट हुआ जो लोग वर्षों से इंटरमिटेंट फास्टिंग कर रहे थे, उनमें हृदय संबंधी समस्याएं 90 प्रतिशत अधिक देखने में आईं, खासकर हार्ट अटैक और इससे जुड़ी मौतें ऐसे समूह में अधिक हुई। इस अध्ययन से इंटरमिटेंट फास्टिंग से अल्पावधि में लाभ मिलने की मान्यता उलट गई है। स्पष्ट है कि खान-पान में समयबद्धता की जिद हृदय के लिए जोखिम हो सकती है।

**नियमित अंतराल पर भोजन जरूरी:** शरीर को लगातार ऊर्जा की जरूरत होती है। 15-16 घंटों तक भूखे रहने से शरीर पर दबाव बढ़ता है। अतः नियमित अंतराल पर पौष्टिक भोजन लेते रहने की हमारी परंपरा ज्यादा लाभदायक है। कब और कितनी बार खाते हैं, इससे अधिक जरूरी है कि हम क्या खाते हैं। अब आठ घंटे के दौरान अधिक वसायुक्त भोजन और धूमपान, अल्कोहल ले रहे हैं, तो वह शरीर के लिए खतरनाक ही साबित होगा।

**हृदय संबंधी समस्याएं :** हृदय की मांसपेशियों के कमजोर पड़ जाने से भारत में हृदय से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही है। यह प्रायः जीवनशैली के कारण ही होती हैं। कुछ मामलों में आनुवांशिक होती हैं, लेकिन अधिकांशतः अव्यवस्थित जीवनशैली ही जोखिम बढ़ा रही है। जंक फूड, अधिक वसा और नमक युक्त भोजन, आरामतलब जीवनशैली, धूमपान, अल्कोहल जैसे कारण दिल की बीमारी बढ़ा रहे हैं। पारंपरिक भारतीय भोजन, मौसमी, हरी- पत्तेदार सब्जियां, सूखे मेवे, फल, प्रोटीन के अच्छे प्राकृतिक स्रोतों से हमारी दूरी नुकसान संवित हो रही है अशुद्ध डेरी प्रोडक्ट, तैलीय भोजन और नमक का अधिक प्रयोग रक्तचाप, कोलेस्ट्राल, डायबिटीज, मोटापे का कारण बन रहा है, जो हृदय के लिए खतरा बनता है।

### कैसे बढ़ती है समस्या

लगातार 16 घंटों तक उपवास से मेटाबालिज्म स्विच होता है। शरीर को ग्लूकोज से एनर्जी नहीं मिलती, तो वह फैट से एनर्जी लेने लगता है। माना गया कि फैट से एनर्जी लेने पर यह कम होगा, जिससे वजन में कमी आएगी। लेकिन, फैटमें जो कमी आती है, वहमसल्स मास में गिरावट होती है, वास्तविक फैट कम नहीं होता। उपयोगी मांसपेशियों के द्रव्यमानमें कमी आने से



### अपनाएं ये उपाय

- पारंपरिक भारतीय भोजन जैसे - दाल, सूखे मेवे, हरी सब्जियां अच्छी सेहत के लिए गुणकारी हैं।
- नमक व मीठे की मात्रा को सीमित रखना चाहिए।
- हफ्ते में पांच दिन 40 मिनट व्यायाम जरूर करें।
- प्रतिदिन 40 मिनट तेज गति से टहलना पर्याप्त है।
- ब्लडप्रेशर, डायबिटीज है तो जांच कराएं, परहेज रखें, डाक्टर से परामर्श कर दवाओं का सेवन करें ।
- कोलेस्ट्राल है, तो खानपान में विशेष सावधानी रखें और दवाओं की जरूरत है, तो उनका सेवन करें।

# सुबह-शाम करें साइलेंट वॉक...

## जरूरी सलाह

'साइलेंट वॉकिंग' स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो चुपचाप टहलने से बेहतर व्यायाम, प्रकृति से जुड़ाव और ध्यान लगाने में मदद मिलती है। दरअसल, टहलना एक पूर्ण व्यायाम है, इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि सुबह धीमे-धीमे साइलेंट वॉक किया जाए। अगर सुबह नहीं टहल पाते हैं तो शाम के समय सैर जरूर करनी चाहिए।

चुपचाप की जाने वाली सैर से शरीर को वॉकिंग के सभी लाभ मिलते हैं। अगर आप बिना गपशप, हेडफोन, ईयरफोन या बातचीत के चुपचाप टहल रहे हैं तो इससे सबसे पहले तो आपका मन एकदम शांत रहता है। आप अपने आपको महसूस कर रहे होते हैं, अपने बारे में सोच रहे होते हैं। इससे सभी प्रकार के मानसिक रोग, मेंटल डिसऑर्डर या न्यूरोलॉजिकल डिजीज में बहुत सुधार देखने को मिलता है।



एकांत में चहलकदमी करने के दौरान हमारी नजर आसपास मौजूद सभी चीजों पर जाती है।

पेड़-पौधों, मिट्टी, पक्षी और पानी को हम देख रहे होते हैं, इनसे लगाव बनता है और इस तरह हम प्रकृति से जुड़ रहे होते हैं। उदाहरण के लिए सूरज को देखते हैं तो अग्नि तत्व मिलता है और शरीर ऊर्जा का पावरहाउस बनने लगता है। साइलेंट वॉकिंग से दिल को भी बहुत फायदा पहुंचता है, ब्लड प्रेशर भी हाई नहीं होता, ऑक्सीजन अच्छी तरह मिलने से फेफड़े स्वस्थ रहते हैं। अगर किसी व्यक्ति को वात, पित्त और कफ की शिकायत हो तो साइलेंट वॉक करने से शरीर को लाभ पहुंचता है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर अनशन पर बैठे जिपं उपाध्यक्ष




**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट के विरोध में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सहित चार सदस्य गुरुवार को जिला पंचायत परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गए। जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट की मानें तो वे पिछले पंद्रह दिनों से विभिन्न इलाकों की नल जल योजनाओं सहित अन्य समस्याओं की जानकारी चाह रहे थे, जानकारी न मिलने और पानी की किल्लत को देखते हुए उन्हें भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लेना पड़ा। इसके पूर्व जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने उन्हें भूख हड़ताल पर जाने के लिए समझाने का प्रयास किया था, लेकिन उपाध्यक्ष व सदस्य गण नहीं माने। गुरुवार को उन्होंने जिपं परिसर में ही टेंट लगाकर भूख हड़ताल शुरु कर दी। शाम को पांच बजे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सदस्यों के समक्ष पहुंचकर हड़ताल खत्म कराई। जिपं उपाध्यक्ष ने 15 दिन पूर्व जिला पंचायत की साधारण सभा के दौरान जिले के ग्रामीण इलाकों में संचालित पेयजल योजनाओं की जानकारी मांगी थी, लेकिन अफसरों ने जानकारी मुहैया नहीं कराई। बता दें कि वर्तमान में जिले के तीन सौ से अधिक ग्रामों में पेयजल संकट है। इस दौरान जाट ने आरोप लगाया कि पीएचई के अधिकारी और ठेकेदारों ने मिलकर योजना का करोड़ों रुपयों में गबन कर लिया है। जाट ने कहा कि 75 प्रतिशत योजनाएं ठप पड़ी हुई हैं। पूर्व में कलेक्टर ने उनकी मांग को लेकर जांच कमेटी बनाई थी, जब सर्वे किया गया तो पता चला कि पीएचई विभाग सरकार को भ्रमित कर रहा है और ज्यादातर योजनाएं कागजों में ही चल रही हैं।

### क्लब लिटराटी के शेक्सपियर महोत्सव का 11वां संस्करण संपन्न



**जागरण, भोपाल।** क्लब लिटराटी के वार्षिक शेक्सपियर महोत्सव शेक्सपियराना 2025 का 11वां संस्करण अरेरा क्लब में आयोजित एक खास पैनल चर्चा के साथ संपन्न हुआ। इस साल की थीम सस्टेनेबल शेक्सपियर रही। पैनल चर्चा शेक्सपियर के नाटक ट्रॉयलस एंड क्रेसिडा की पंक्ति वन टच ऑफ नेचर मेक्स द होल वर्ल्ड किन पर आयोजित हुई। चर्चा का संचालन क्लब अध्यक्ष डॉ. सीमा रायजादा ने किया। पर्यावरण विशेषज्ञ लोकेंद्र ठक्कर ने कहा कि विकास की आधुनिक परिभाषाएं अक्सर प्रकृति के विरुद्ध जाती हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए विज्ञान के साथ-साथ संस्कृति और कला की भी अहम भूमिका है। आईएएस अधिकारी सूफिया फारुकी वली ने कहा कि जहां प्रकृति में सद्गुण मौजूद रहते हैं,वहीं लालच और हिंसा इंसानी रचना हैं। यह अंतर ही हमें शेक्सपियर की सोच को समझने की दृष्टि देता है। फिल्म निर्माता रजुला शाह ने बताया कि शेक्सपियर के नाटक छोटे पात्रों को भी मंच देते हैं, यही वजह है कि वे आज भी प्रासंगिक हैं। वरिष्ठ शिक्षक जॉयस पंडित ने कहा कि शेक्सपियर के नाटक आम आदमी के लिए रंगमंच को सुलभ बनाते हैं। युवा वक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि अब वक्त है प्रकृति से एक सच्चा रिश्ता बनाने का। यही हमें टिकाऊ भविष्य की ओर ले जा सकता है। इसके अलावा वक्ताओं ने पर्यावरण, सरकार की नीतियां, कला, भाषा, इतिहास और फिल्मों तक पर खुलकर बात की। कार्यक्रम का समापन मुक्ता शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### दो इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों के तबादले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने गुरुवार को दो पुलिस इंस्पेक्टरों समेत चार पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर किए हैं। तबादला आदेश के मुताबिक स्टेट साइबर मुख्यालय भोपाल में पदस्थ शिवांशु मालवीय का मंदसौर और स्पेशल ब्रांच भोपाल में पदस्थ राजशेखर वर्मा का तबादला रतलाम किया गया है। इसके अलावा दो आरक्षकों के भी स्थानांतरण स्वयं के व्यय आधार पर किए गए हैं। पीएचक्यू ने इन पुलिसकर्मियों को समय सीमा में रिलीव कर नई पदस्थापना पर भेजने के निर्देश भी दिए हैं।

# भीषण गर्मी का असर, जगह-जगह सुलग रही आग

## आदमपुर, वाल्मी और करोंद में भी कई जगह आगजनी, काबू पाने में फायर कर्मियों के छूटे पसीने

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में आदमपुर छावनी स्थित कचरा खंती में लगी आग को 60 घंटे बाद भी काबू नहीं किया जा सका है। बता दें कि बुधवार को दोपहर 12.30 बजे खंती में आग लगी थी और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद आग को बुझाने में जुटे नगर निगम के दमकल कर्मियों को इसे बुझाने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि आग के कारण आसपास के पूरे परिसर में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। वहीं आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मचारियों को पीने के पानी और अन्य व्यवस्थाओं के न होने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। बता दें कि नगर निगम द्वारा आदमपुर कचरा खंती में आग बुझाने के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों में बने स्थाई और अस्थाई 14 फायर स्टेशनों की सभी दमकलें, 20 वॉटर टेंडर वाहन, 10 फोम टेंडर, 5 मिनी फायर, 4 वॉटर टैंकर, 2 वॉटर बाउजर, 22 और 52 मीटर वाली दो हाईड्रोलिक प्लेटफार्म, वर्कशॉप की जेसीबी मशीन, पोकलेन, क्रेन, वॉटर टैंकर, ट्रैक्टर-ट्राली, हाइड्रोलिक प्लेटफार्म, वॉटर एक्सेवेटर



सहित कई वाहन और मशीनें लगा रखी हैं। वहीं सीवेज शाखा ने भी सीवेज क्लीनिंग मशीनों को आग बुझाने में लगा रखा है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान 6 हजार लीटर से अधिक ईंधन को आग बुझाने के लिए खर्च कर दिया गया है। आगजनी के कारण आसपास के ग्रामों के सभी लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है और धुएं के कारण आंखों में तीव्र जलन हो रही है।



**वाल्मी में भीषण आग**
**रात 8 बजे तक पूरी पहाड़ी को घेरा**

गुरुवार शाम 6 बजे कलियासोत डैम के पास स्थित 13 शटर गेट के पास भी भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शी राशिद नूर खान ने बताया कि आग देखते ही देखते वाल्मी पहाड़ी की ओर चारों तरफ फैल गई। रात आठ बजे तक पूरे परिसर को आग ने अपने कब्जे में ले लिया। कोलार के फायरकर्मी पंकज खरे ने बताया कि फेंसिंग तोड़कर जंगल में आग बुझाने के लिए एक दमकल को भेजा गया। तीन दमकलें आग को बाहर से पानी डालकर काबू कर रही हैं। इसके अलावा कोहेफिजा इलाके में एक बेसमेंट में कचरे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया।

### हवा के चलते चिता से उड़ी चिंगारी एक दर्जन घरों तक पहुंची आग



वहीं करोंद स्थित नबीबाग इलाके में गुरुवार दोपहर को विश्राम घाट में एक महिला के अंतिम संस्कार के बाद चिता से उठी लपटें खेत तक जा पहुंची। इस दौरान लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में खड़ी पराली पूरी तरह से जल गई। आग तेजी से भड़कते हुए पास स्थित 12 से ज्यादा घरों तक पहुंच गई। इस दौरान अंतिम यात्रा में आए ग्रामीणों ने तेजी दिखाते हुए मोटर चलाकर आग को काबू में किया। बाद में आई एक दमकल ने आग को पूरी तरह से बुझा दिया। गांव के भैया लाल रांझी ने बताया कि यदि समय पर मोटर नहीं चलाते तो पास स्थित एक दर्जन से ज्यादा घर आग की चपेट में आ जाते जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

# सिंगल यूज प्लास्टिक बीनने वाले 70 समूह भोपाल को बनाएंगे कचरा मुक्त

## सिंगल यूज प्लास्टिक के सुरक्षित निष्पादन के लिए दिलाया जाएगा योजनाओं का लाभ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक बीनने का काम करने वाले 70 से ज्यादा समूह भोपाल को कचरा मुक्त बनाने के लिए काम करेंगे। गुरुवार को जिला पंचायत संभागार में आयोजित हुई एक बैठक में ग्रामों से कचरा इकट्ठा करने वाले छोटे कबाड़ियों और व्यापारियों का उन्मुखीकरण करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान छोटे कबाड़ियों द्वारा सूखा कचरा इकट्ठा करने को लेकर चर्चा की गई और इसमें बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना को सफल बनाने जिला पंचायत भोपाल द्वारा फंदा व बैरसिया विकासखंड में कबाड़ का काम करने वाले व्यापारियों की मदद ली जाएगी। वर्तमान में दोनों विकासखंडों में 70 से ज्यादा समूह कचरा व प्लास्टिक बीनने का काम कर रहे हैं। इनको बेहतर काम करने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा और इसके अलावा उनके द्वारा इकट्ठा किए गए कचरे को उचित दर पर बेचने के लिए व सुरक्षित निष्पादन के लिए जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत, सार्थक सामुदायिक विकास और जनकल्याण संस्था द्वारा स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के तहत कचरे के सही रेट और नियमों के अनुसार निष्पादन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर छोटे कबाड़ियों ने अपनी समस्याओं से जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी को भी अवगत कराया।



### इकट्ठा होने वाले कचरे की दी जानकारी

इस अवसर पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन संतोष झारिया ने गांवों से इकट्ठा होने वाले कचरे की जानकारी उपलब्ध कराई। सार्थक संस्था के संयोजक व राज्य स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सलाहकार समिति के सदस्य इम्तियाज अली द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 और नमस्ते एवं स्वच्छ उद्यमी योजना के संबंध में कबाड़ियों को सारी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### रवींद्र भवन में बैंड यूफनी व यूफोरिया की लाइव प्रस्तुति 26 को

**भोपाल।** इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल एक बार फिर अपने म्यूजिक एडिशन के साथ भोपाल में गूंजने को तैयार है। यह आयोजन 26 और 27 अप्रैल को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में होगा। कार्यक्रम में भारतीय पॉप-रॉक संगीत का उत्सव होगा। इसमें उभरते कलाकारों से लेकर प्रसिद्ध बैंड्स यूफनी और बैंड यूफोरिया लाइव परफॉर्मेंस देंगे। यूफनी एक उभरता अर्बन रॉक बैंड है। जिसकी अगुवाई सनीश नायर कर रहे हैं। वहीं, डॉ. पालाश सेन के नेतृत्व वाला यूफोरिया बैंड महफूज दिल से, दूधिया रंग जैसे हिट गीतों से पॉप-रॉक संगीत की पहचान बना चुका है। इस मौके पर बैटल ऑफ द बेड्स प्रतियोगिता भी होगी। इसमें मप्र के विभिन्न कॉलेजों और शहरों से आए युद्ध बैंड्स भाग लेंगे। विजेताओं को नकद पुरस्कारों के साथ भविष्य में प्रदर्शन के सुनहरे अवसर भी मिलेंगे। इंडीमून्स फेस्टिवल का उद्देश्य उभरते कलाकारों को मंच देना, संगीत प्रेमियों को एकत्रित करना और भोपाल को एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। पिछले संस्करण में शरमन जोशी, पंकज कपूर, नितीश भारद्वाज और मकरंद देशपांडे जैसे दिग्गजों की प्रस्तुतियां देखने को मिली थीं। शाम 5 बजे से ओपन स्टेज पर बैंड बैटल्स और मुख्य प्रस्तुतियां रात बजे से शुरू होगी।

# अस्पतालों में सुविधाएं देखने दिल्ली से आए मानवाधिकार आयोग के सदस्य

## जांच, निगरानी, सलाह और रिपोर्ट के संबंध में मूल्यांकन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष प्रतिनिधि उमेश कुमार शर्मा द्वारा गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातीबड़ का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने संस्था में नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली द्वारा मानव अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर जांच, निगरानी, सलाह और रिपोर्ट देने के संबंध में स्वास्थ्य संस्थाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। मूल्यांकन में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल डिस्पेंसरी , संजीवनी क्लिनिक का दौरा कर मरीजों एवं हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं का फीडबैक लिया जा रहा है। मानव अधिकार आयोग के स्पेशल रिपोर्टर शर्मा ने मूल्यांकन के दौरान मरीजों के अधिकार, भोजन, पेयजल, कूलर, पंखे, बिस्तर, लैबोरेटरी, साफ सफाई, शौचालय , दिव्यांग मरीजों की सुविधा, हितग्राहियों के लिए जागरूकता सत्रों का आयोजन, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, मरीज की आवश्यकता के अनुसार निर्धारित समय पर सेवाएं, नियमित फॉलोअप, महिलाओं और बुजुर्गों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन करवाया जा रहा है। नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा सेवाओं के साथ साथ वैलनेस गतिविधियों के अंतर्गत स्वस्थ जीवन शैली, उचित खान-पान, योग प्राणायाम इत्यादि गतिविधियां भी करवाई जाती है, जिससे उनके जीवन गुणवत्ता बेहतर हो सके।



# आस्था फाउंडेशन को चार सप्ताह में नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** 22 शिक्षण संस्थानों का संचालन करने वाली आस्था फाउंडेशन के मामले में हाईकोर्ट ने विस्तृत आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा 30 जनवरी 2016 की मतदाता सूची से ताबड़तोड़ चुनाव कराने के आदेश को निरस्त करते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए थे। चीफ जस्टिस ने जस्टिस सुबोध अभ्यंकर, जस्टिस प्रेमनारायण सिंह की खंडपीठ गठित की थी। डिविजन बेंच ने फैसला जारी करते हुए कहा कि 30 जनवरी 2016 की मतदाता सूची पर किसी भी स्तर पर विचार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने 15 मार्च 2024 की सूची पर भी भरोसा जताया है। इसके तहत जो 14 नए सदस्य बनाए गए थे उन्हें भी वोट देने का अधिकार रहेगा। हाई कोर्ट ने रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी को चार सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता जयनारायण चौकसे की ओर से वीवीएस मूर्ति, हितेश शर्मा ने पैरवी की। वहीं इंटर विनर पूनम चौकसे की ओर से सिद्धार्थ गुप्ता ने पैरवी की।

### 14 नए सदस्यों को भी वोट देने का अधिकार रहेगा

अधिवक्ता शर्मा के मुताबिक डिविजन बेंच ने कहा जो 14 नए सदस्य बनाए गए थे उन्हें भी वोट देने का अधिकार रहेगा। कोर्ट ने फैसले में यह भी कहा कि यदि संघवी किसी क्रिमिनल केस में बरी हो गए हों तो किमिनल केस का आदेश सिविल कार्रवाई में उपयोग में नहीं लिया जा सकता। संघवी व उनकी सूची के सदस्य कभी भी अपने निष्कासन को चुनौती देने किसी भी न्यायालय में नहीं गए हैं। रजिस्ट्रार द्वारा भी जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की है, उस पर भी हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि एक तरफ रजिस्ट्रार सोसायटी के समस्त संशोधनों को मान्यता देता रहा है और दूसरी तरफ रजिस्ट्रार के द्वारा 2016 के बाद में हुए चुनाव को अवैध ठहराया गया।

## लकवा ग्रस्त पति को अस्पताल लेकर जाने लोन लेकर खरीदी कार, बेटे ने उसे भी बेच दिया

# शर्मनाक! बहू-बेटे ने बुजुर्ग माता-पिता को पीटा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बैरागढ़ इलाके में बहू-बेटे ने बुजुर्ग माता-पिता के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं लकवा ग्रस्त बुजुर्ग पति को इलाज के लिए लेकर जाने के लिए खरीदी गई कार को भी बेटे ने बेच दिया। बुजुर्ग दंपती को अपने ही बेटे-बहू से जान का खतरा सता रहा है। साथ ही बहू बेटे उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। बेटा अक्सर मां-बाप को मारता-पीटता है। बैरागढ़ पुलिस ने बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर बेटे-बहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, संतोषी माता मंदिर के पास सीआरपी बैरागढ़ निवासी 69 वर्षीय ऊषा शर्मा पति महेश चंद्र शर्मा तकनीकी शिक्षा रोजगार संचार न्यायालय से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनके 76 साल के पति महेश चंद्र शर्मा लकवा एवं ब्रेन हैमरेज के पेशेंट हैं। उनका 39 साल का लड़का कपिल शर्मा व एक लड़की शिखा दुबे हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। लड़का कपिल शर्मा परिवार सहित ऊषा के पास ही रहता है। जिसका खर्चा-पानी दोनों दंपति की पेंशन से ही चलता है। ऊषा ने पुलिस को बताया कि लड़के कपिल ने हमारे नाम से गाड़ी खरीदी है। हम लोग गाड़ी चलाने की स्थिति में नही हैं, इसलिये गाड़ी लोन से खरीद कर लड़के के नाम कर दी है। मेरे लड़के ने अपने दोस्त अजय वासवानी को उनकी कार बेच दी। अजय ने उस पर पांच लाख का लोन एयूआई बैंक से ले रखा है।

23 मार्च को लोन की किश्त न भरने से बैंक वाले गाड़ी खींचने के लिए आए। उसी बात को लेकर लड़का कपिल शर्मा मुझे व मेरे पति को ताने देने लगा। गालियां दी। दोनों के साथ मारपीट करता है। जान से मारने की धमकी देता है। उसी दिन दोपहर 2 बजे मेरी लड़की गाड़ी लेकर हमारे ही कोर्ट के काम से सीहोर गई थी। इसी बात को लेकर मारने के लिए बेटा कपिल शर्मा व बहू रेनू उर्फ रूपाली शर्मा दोनों आ गए। दोनों ने मुझे और मेरे पति को गालियां दी। बेटे ने मुझे चप्पल से मारा। बहू-बेटे दोनों ने पति को धक्का मार कर गिरा दिया। आए रोज बेटा व बहू दोनों बच्चों सहित जहर खाकर मर जाने की धमकी देते हुए उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं।

### इधर खूनी कलह... पति की नाभि में पत्नी ने चाकू घोंपा, घायल



इधर, स्टेशन बजरिया इलाके में पत्नी ने पति की नाभि में चाकू घोंप दिया। पति का इलाज चल रहा है। विवाद घरेलू है। बजरिया पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल, गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, मकान नंबर-25 नरोना साकल अजनाल डैम बिलखिरिया निवासी 43 वर्षीय सईद अंसारी ट्रक चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पहली पत्नी से उनका तलाक हो चुका है। कम्मू के बाग में रहने वाले मुमताज खान से दूसरी शादी की है। करीब 15 दिन पहले पत्नी मुमताज से विवाद हो गया था। पत्नी उन्हें छोड़कर अपनी मां के पास रहने के लिए नवबहार कालोनी चली गई थी। महिला थाने में उसने शिकायत भी की थी। 22 अप्रैल को रात करीब पौने 9 बजे सईद पत्नी मुमताज के पास उसकी मां के मकान पर गए। वह घर के अंदर बैठ कर सास, साले की पत्नी साहिदा, साला सलीम के साथ बैठकर बात कर रहे थे तभी पत्नी मुमताज किचन से सब्जी काटने वाला चाकू लेकर पहुंची। सईद कुछ समझ पाते इससे पहले उसने उनके पेट में चाकू घोंप दिया। खून से लतपथ होकर वह भागकर घर से बाहर आए। अपने दामाद को फोन लगाकर बुलाया। बाद में उनके परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे।

## बीएमएचआरसी : नेत्र, गायनिक और जीरियाटिक सेंटर के रूप में विकसित होना थीं यूनिटें, मरीजों को नहीं मिल सकी सुविधा

# 10 साल में भी अपग्रेड नहीं हो सकीं मिनी यूनिटें

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** 10 साल पहले भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की आठ में से पांच मिनी यूनिटों को अपग्रेड करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, इसे आईसीएमआर से सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई थी। लेकिन 10 साल गुजरने के बाद भी यूनिटें अपग्रेड नहीं हो सकीं। बीएमएचआरसी की मिनी यूनिटें दस साल पहले जैसी थी, वैसी ही आज हैं। कुछ छोटे मोटे परिवर्तन जरूर हुए हैं, लेकिन किसी बड़ी बीमारी का इलाज यहां नहीं मिलता है। जानकारी अनुसार दस साल पहले बीएमएचआरसी के तत्कालीन निदेशक डॉ. मनोज पांडे के कार्यकाल में प्रबंधन द्वारा मिनी यूनिटों को अपग्रेड करने प्रस्ताव आईसीएमआर को भेजा गया था।




### बीएमएचआरसी और मिनी यूनिटों के बीच समन्वय

बीएमएचआरसी में एक 350 बेड का सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल है, जो 8 मिनी यूनिटों के साथ जुड़ा हुआ है। मिनी यूनिटें शहर में फैली हुई हैं और प्राथमिक देखभाल स्तर पर रोगियों की देखभाल करती हैं। रोगी को प्राथमिक देखभाल के बाद उन्नत और विशेष विभागों में रेफर किया जाता है।

**स्मार्ट कार्ड बनना हुए शुरू:** बीते दस साल में शहर के आठ मिनी यूनिटों में कोई बहुत बड़ा बदलाव तो नहीं हुआ है। लेकिन डॉ. मनीषा श्रीवास्तव के निदेशक बनने के बाद इन यूनिटों में गैस पीड़ितों के स्मार्ट कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। जो कि पहले सिर्फ बीएमएचआरसी में ही बनते थे। मिनी यूनिटों में कार्ड बनने से कई लोगों को फायदा हुआ है। इसके अलावा मिनी यूनिटों में कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

### इन पांच यूनिटों को होना था अपग्रेड

**1. स्टेशन बजरिया:** जीरियाटिक सेंटर के रूप में विकसित करने का प्लान था। इसमें बुजुर्गों के लिए सभी इलाज एक छत के नीचे मितता। इसमें अल्जाइमर, डिप्रेशन मुख्य रूप से शामिल है।

**2. चांदबड़:** इस यूनिट को गायनिक सेंटर के रूप में विकसित करना था। इसमें सोनोग्राफी, ओपीडी, रूटीन चैक अप दवाईयों को इंतजाम होना था।

**3. टीला जमालुपरा:** इस यूनिट को कॉर्डियक सेंटर के रूप में अपग्रेड किया जाना था। यहां ईसीजी, इको, टीएमटी जैसी जांच की पूरी व्यवस्था मुहैया कराने का प्लान बनाया गया था।

**4. गिन्नौरी:** इस यूनिट को नेत्र रोग विशेषज्ञ के तौर पर स्थापित करने की योजना थी। जिसमें माइनर ओटी के साथ मोतियाबिंद और कांचिया बिंद के इलाज की व्यवस्था होती।

**5. भोपाल टॉकीज:** यूनिट को जनरल मेडिसिन के लिए अपग्रेड होना था। जहां सामान्य बुखार, सर्दी खांसी, वायरल इंफेक्शन का पूरा इलाज दिया जा सकता।

"मिनी यूनिटों को अपग्रेड करने का प्रस्ताव बहुत पुराना है, मेरे कार्यकाल में यह नहीं भेजा गया। अभी हमारा फोकस बीएमएचआरसी को बेहतर करना है, यहां सुपर स्पेशलियटी इलाज मिल सके इसलिए संस्थान को पीजीआई के तौर पर विकसित किया जा रहा है।
-**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव,** प्रभारी निदेशक

# मप्र के 486 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को मिलेगा पदक

## केंद्रीय गृह मंत्री के अति उत्कृष्ट और उत्कृट सेवा पदक की सूची जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने इस वर्ष अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन कर उनकी सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार, प्रदेश के 227 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि 168 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार ने पुलिस कर्मचारियों के प्रोत्साहन और उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए 2018 में इसकी शुरुआत की थी। इसके तहत, प्रदेश के सभी राच्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा अधिकारियों और कर्मचारियों को हर वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से यह पदक प्रदान किया जाता है।

**इन अधिकारियों के नाम सूची में शामिल:** बुधवार देर रात जारी की गई सूची के अनुसार, महिला शाखा की स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, डीआईजी पीएचक्यू प्रशासन सत्येंद्र शुक्ला, एआईजी सीआईडी विक्रांत मुराब, आरएपीटीसी इंदौर के सहायक कमांडेंट वेदांत शर्मा, भोपाल स्पेशल ब्रांच के निरीक्षक गोविंद शर्मा, ईओडब्ल्यू भोपाल के डीएसपी डॉ. दिनेश जोशी का नाम अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चुना गया है। इसके अतिरिक्त, बालाघाट के आईजी संजय कुमार, चंबल के आईजी सुशांत सक्सेना, आईजी इंटेलिजेंस डॉ. आशीष, एसपी लोकायुक्त सागर योगेश्वर शर्मा, एसपी लोकायुक्त उज्जैन अनिल कुमार विश्वकर्मा, भोपाल के एडशिनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान के नाम उत्कृष्ट सेवा पदक की सूची में शामिल हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## आतंकवाद पर कड़ा प्रहार और विकास का संकल्प

पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण था। पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले की उन्होंने जिस कठोर शब्दों में निंदा की, वह न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत अब किसी भी तरह के आतंकी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण संदेश है, क्योंकि आतंकवाद को अक्सर सीमा पार से समर्थन मिलता है, जो इसे और भी जटिल बना देता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश दिया कि मानवता में विश्वास रखने वाले सभी देश इस लड़ाई में भारत के साथ हैं। यह वैश्विक एकजुटता का आह्वान है, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह एक प्रतिबद्धता है, जो देशवासियों को सुरक्षा का आश्वासन देती है। उन्होंने यह संदेश अंग्रेजी में दिया ताकि यह संदेश दुनिया भर में सुना जा सके।

> प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों (आकाओं) को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

आतंकवाद के खिलाफ इस कठोर संदेश के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास पर भी जोर दिया। पंचायती राज संस्थाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने लगभग 13,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह राशि ग्रामीण बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश की जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास का आधार है और स्थानीय लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का अधिकार देती है। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को अधिक स्वायत्तता देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री मोदी का यह भाषण आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश और ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक संतुलित मिश्रण था। यह उम्मीद की जाती है कि सरकार अपने वादों को पूरा करेगी और देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए काम करेगी। मधुबनी से गूंजा यह संदेश न केवल देशवासियों के लिए, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प और विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एक ऐसा संदेश है जो आने वाले समय में भारत की नीतियों और कार्यों को दिशा देगा।

# पर्यटकों पर हमला- पर्यटन उद्योग को लग सकता है धक्का

सम-सामयिक



जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का अपना अति महत्वपूर्ण दौरा मध्य में छोड़कर भारत लौट आए हैं। सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। संभवतः पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों की यही कोशिश है कि वो जम्मू और कश्मीर को एक असुरक्षित स्थान के रूप में दुनिया को दिखलाएं।

भारत सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ पहलगाम हमले का मकबूल जवाब देना है तो दूसरी ओर जम्मू और कश्मीर में स्थिति को सामान्य करना भी है। पहलगाम, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है, वहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में देश-दुनिया से पर्यटक पहुंचते हैं। इनदिनों जम्मू और कश्मीर पर्यटकों से भरा पड़ा है। मंगलवार को भी जिस समय पहलगाम की बैसरन घाटी में यह आतंकी घटना घटी, उस समय भी 4000-5000 पर्यटक वहां मौजूद थे। पर्यटन उद्योग जम्मू और कश्मीर की रीढ़ की हड्डी है।

पिछले कुछ वर्षों से जम्मू और कश्मीर में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में 2.11 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 2.36 करोड़ पहुंच गई, जो एक रिकॉर्ड है। पर्यटन से केंद्र शासित प्रदेश के 5 लाख से अधिक लोगों को प्रत्येक और परोक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है।

नब्बे के दशक में जब आतंकवाद जम्मू और कश्मीर में चरम पर पहुंच गया था, तब वहां पर्यटकों की संख्या लगभग शून्य तक पहुंच गई थी, लेकिन वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन के दौरान ऐसे कई प्रयास किए, जिनसे जम्मू और कश्मीर सामान्य जनजीवन की ओर लौटता चला गया।

वहां न केवल विधानसभा चुनाव हुए, बल्कि दुनिया को यह विश्वास हुआ कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है। यही कारण था कि दुनियाभर से बड़ी संख्या में पर्यटकों ने जम्मू और कश्मीर की ओर रुख किया।

> सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। पहलगाम की घटना ने कहीं न कहीं सरकार की उन कोशिशें को गहरा धक्का पहुंचाया है, जो जम्मू और कश्मीर को सामान्य जनजीवन की ओर ले जाने वाली हैं

**विनोद पाठक**

होटल इंडस्ट्री, हैंडीक्रॉफ्ट, फूड इंडस्ट्री, गाइड, हाउसबोट और अन्य उद्योग पर्यटन से सीधा संबंधित हैं। हर साल करोड़ों रुपए की आमदनी जम्मू और कश्मीर सरकार तथा लोगों को पर्यटन से होती है। पहलगाम हमले से जम्मू और कश्मीर निश्चित रूप से आर्थिक रूप से परेशानी में पड़ेगा। पिछले कुछ समय से जिस तरह से पर्यटन जम्मू और कश्मीर में बढ़ा है, उससे साफ है कि लोगों में सुरक्षा की भावना जागी थी।

अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ने से यह मैसेज दुनिया में गया कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है, लेकिन पहलगाम की घटना ने सरकार के प्रयासों को आघात पहुंचाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह घटना के चंद घंटे में स्वयं श्रीनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सऊदी अरब से लौट आए। सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। देश भर में अलर्ट जारी किया गया है।

केंद्र सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ देशभर में आक्रोश है। पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों को सबक सिखाने की जनभावना साफ दिख रही है। उरी और पुलवामा हमलों के बाद भारतीय सैन्य बलों ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। ऐसा ही कुछ दोबारा होता दिख रहा है।

**कश्मीर की बुकिंग रद्द कराने लगे लोग :** डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था व्यवस्थित कर रहे हैं। दूसरी तरफ श्रीनगर और जम्मू के बीच एनएच-44 को फिर से जोड़ दिया गया है, ताकि पर्यटक जल्द से जल्द वापसी कर सकें। पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को तबाह कर दिया है। फिलहाल पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द करानी शुरू कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 फीसदी तक टूर रद्द हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया है।

अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसल कर दी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सरस्वती धाम के एक कोने में चुपचाप बैठे, अमरावती के ईश्वर ट्रैवल्स में काम करने वाले 29 वर्षीय टूर मैनेजर शुभम रवींद्र वडकर ने बताया कि उनके फर्म को अब लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वह युवक बहुत परेशान दिखा और स्थिति को संभालने की कोशिश करता रहा। वह अपने ग्राहकों को माता वैष्णो देवी मंदिर और जम्मू में अन्य पर्यटक स्थलों पर जाने के लिए मनाने की कोशिश करता देखा गया। उसने बताया कि हम पहले भी महाराष्ट्र से पर्यटकों को कश्मीर लाते थे, लेकिन मंगलवार के हमले ने पलभर में सब तबाह कर दिया। वडकर ने बताया कि वह अमरावती से 40 लोगों का एक समूह लेकर आया है। हमले के बाद, वह किसी तरह उन पर्यटकों को मुगल रोड के रास्ते जम्मू वापस लाने में कामयाब रहा।

जम्मू में पार्टनरशिप के तहत एप्पल टूर एंड ट्रैवल्स चलाने वाले 50 वर्षीय अमनीश शर्मा ने कहा कि उनकी बुकिंग में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, हम हाई कैटगरी के पर्यटकों को एसी कैब की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हम खुश थे कि व्यापार में तेजी आने लगी है, लेकिन अब सब कुछ अचानक खत्म हो गया है। केवल एक दिन में हमारी 70 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। पटना से ऑल जम्मू होटल्स एंड लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आगामी अमरनाथ यात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैं केंद्र से जोरदार अपील करता हूं कि आगामी तीर्थयात्रा को सेना को सौंप दिया जाए ताकि लोगों में कोई डर न रहे। दरअसल, मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद हजारों पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं। अधिकारी भी पर्यटकों को उनके गृह राज्यों में सुरक्षित वापस भेजने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यटकों का राज्य से पलायन देखना दिल दहला देने वाला है। लेकिन साथ ही हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं।

सरकार की प्रथम प्राथमिकता निश्चित रूप से जनता में विश्वास लौटना तथा जम्मू और कश्मीर में दोबारा स्थिति को सामान्य करना है। पहलगाम में आतंकी हमले ने कहीं न कहीं जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की रीढ़ को तोड़ने का प्रयास किया है। उम्मीद यही है कि स्थिति जल्द सामान्य होगी और एक बार फिर पहलगाम की वादियों में पर्यटक चहलकदमी करते हुए दिखेंगे।

# बिहारी मुसलमान हैं बांग्लादेश में 'अटके हुए पाकिस्तानी'

अन्तर्राष्ट्रीय



पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए बीते दिनों राजनयिक स्तर पर ढाका में बातचीत हुई। बातचीत शुरू होते ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के नागरिकों के कत्लेआम के लिए माफी मांगने और 36 हजार करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग रख दी। इस पर पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच हक्की-बक्की रह गईं। खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश ने अपने यहां रह रहे लाखों बिहारी मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने का मुद्दा भी उठाया।

भारत के विभाजन के वक्त 1947 में बिहार से कई उर्दूभाषी मुसलमान पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में चले गए थे। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद बिहारी मुसलमान वहीं रह गए थे। इन्हें 'स्ट्रैंडेड पाकिस्तानी' भी कहा जाता है। बांग्लादेश में रह रहे इन बिहारी मुसलमानों ने भारत के बजाय पूर्वी पाकिस्तान को इसलिए चुना था, क्योंकि यह बिहार के करीब था, वहां की संस्कृति, भौगोलिक स्थिति और आर्थिक अवसर उनके लिए अधिक परिचित थे। ये लोग मुख्य रूप से रेलवे, व्यापार और प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत थे। उनकी उर्दू भाषा और एक खास सांस्कृतिक पहचान ने उन्हें बंगाली भाषी पूर्वी पाकिस्तानी आबादी से अलग कर दिया था। इन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा। बिहारी मुसलमान ढाका, चटगांव और खुलना जैसे शहरों में रहते हैं।

बांग्लादेश के लेखक सरवर हुसैन कहते हैं कि बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति युद्ध में बिहारी मुसलमान पाकिस्तानी सेना के साथ खड़े थे और बड़ी संख्या में बंगाली विद्रोहियों के खिलाफ हिंसा में भाग ले रहे थे, लेकिन 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के दुनिया के नक्शे पर आते ही बिहारी मुसलमानों के बुरे दिन आ गए। नए देश में बंगाली मुसलमानों ने बिहारी मुसलमानों को 'देशद्रोही' और 'पाकिस्तान समर्थक' के रूप में देखा।

> 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना का साथ देने वाले बिहारी मुसलमान बांग्लादेश में देशद्रोही माने जाते हैं, तो पाकिस्तान भी उन्हें अपनाना नहीं चाहता। उनकी उर्दू भाषा और एक खास सांस्कृतिक पहचान ने उन्हें बंगाली भाषी पूर्वी पाकिस्तानी आबादी से अलग कर दिया था। इन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा।

**विवेक शुक्ला**

हाल ही में जब पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मिल रही थीं, तब बिहारी मुसलमानों को जरूर उम्मीद रही होगी कि दोनों देश उनके भविष्य को लेकर कोई गंभीर चर्चा करेंगे। ये न तो पूरी तरह से बांग्लादेशी समाज का हिस्सा बन पाए हैं और न ही अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता कहने वाला पाकिस्तान इन्हें अपने यहां लेने को तैयार है। हालांकि, इन बिहारी मुसलमानों की पाकिस्तान को लेकर निष्ठा रही है। ये पाकिस्तान के लिए पहले भारत को और फिर बांग्लादेश को खारिज कर चुके हैं। बांग्लादेश में ज्यादातर बिहारी मुसलमानों के पास मतदान का भी अधिकार नहीं है। इन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलती। ये छोटी-मोटी नौकरी करके अपना गुजारा करते हैं। ये ढाका के मीरपुर के शरणार्थी शिविरों में मुख्य रूप से रहते हैं। इन शिविरों में बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छ पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। इनके पुरखे पटना, बेगूसराय, जमालपुर, सहरसा आदि जगहों से पूर्वी पाकिस्तान चले गए थे। अगर बात पाकिस्तान की करें, तो उसने 1971 की जंग के बाद करीब सवा लाख बिहारी मुसलमानों को कराची, लाहौर और हैदराबाद में बसाया था, जबकि सवा पांच लाख से अधिक लोगों ने पाकिस्तान जाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन पाकिस्तान ने शेष बिहारियों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान का दावा था कि सभी 'पाकिस्तानी' नागरिक वापस आ चुके हैं, जबकि हकीकत में बिहारी समुदाय के ज्यादातर लोग बांग्लादेश में ही रह गए। पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक स्थिति को देखते हुए लगता है कि वह बिहारी मुसलमानों को अपना नहीं सकेगा। उधर, बांग्लादेश भी बिहारी मुसलमानों को अपनाने के लिए तैयार नहीं है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इनकी स्थिति बेहद खराब है। हालांकि, सन 2008 में बांग्लादेश में?कुछ बिहारी मुसलमानों को देश की नागरिकता दे दी गई थी। बेशक, बिहारी मुसलमान भारत-पाकिस्तान विभाजन और बांग्लादेश की स्वतंत्रता के परिणामों का एक दुखद उदाहरण हैं। 1947 में अपने घरों को छोड़कर एक नए देश में बेहतर भविष्य की उम्मीद में गए ये लोग 1971 के बाद बांग्लादेश में 'अटके हुए पाकिस्तानी' बन गए। उनकी उर्दू भाषा, सांस्कृतिक पहचान और पाकिस्तानी सेना के साथ कथित संबद्धता ने उन्हें बंगाली समाज से अलग-थलग कर दिया। पाकिस्तान ने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक कारणों से इस समुदाय को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप लाखों बिहारी आज भी बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों में कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि बांग्लादेश में फंसे हुए बिहारी मुसलमानों को न तो पाकिस्तान अपनाने के लिए तैयार है और न ही बांग्लादेश अपना मानता है।

प्रसंगवश

## राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी व्यवस्था का अभाव

दुनिया भर में लगभग सभी देशों में स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर बहुस्तरीय कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जरूरी होने पर नियम-कायदे भी लागू किए जाते हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत सारे देशों में स्कूल परिसरों और उसके आसपास उपलब्ध खानपान की चीजें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कैसा असर डालेंगी, उसे ध्यान में रख कर ठोस नियम लागू नहीं किए जाते।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यानी आज भी ऐसे बहुत सारे स्कूल हैं, जहां बच्चों को खाने-पीने के सुरक्षित सामान नहीं मिलते और करीब चालीस फीसद देशों की सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेतीं। असुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उपाय नहीं किए गए हैं।

विडंबना है कि इस मसले की गंभीरता को जानते-बूझते हुए भी न तो सरकार की ओर अपेक्षित सख्ती बरती गई और न ही स्कूलों ने अपनी ओर से कोई गंभीरता दिखाई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे संघर्ष के हालात और अस्थिरता की वजह से जिस तरह खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ रही हैं, उसके बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्कूली बच्चों की सेहत के साथ शिक्षा के क्रम को जारी रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

स्कूल भोजन प्रावधान पर केंद्रित एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसर में खाद्य विपणन पर कुछ सीमाओं की सूचना दी और 52 प्रतिशत ने स्कूल परिसर में या उसके आस-पास अनुमत खाद्य पदार्थों पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाए।


> संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और खाद्य प्रणालियों सहित कई क्षेत्रों में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। शिक्षा और पोषण के बीच संबंधों पर कम शोध किया गया है, जिसमें डेटा संग्रह और कार्यक्रमों और परिणामों की निगरानी शामिल है।

स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस मानक या कानूनी व्यवस्था न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। हालांकि इसे लेकर आए दिन सरकार के संबंधित महकमों की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किए जाते हैं कि वे अपने परिसर में या उसके आसपास उन खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाएं जो बच्चों की सेहत के लिए जोखिम भरे हैं।



॥गीता॥



**श्लोक :** कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां सदा परिचिन्तयन्।
केषु केषु च भावेषु चिन्त्योऽसि भगवन्मया॥


**भावार्थ :** हे योगेश्वर! मैं किस प्रकार निरंतर चिंतन करता हुआ आपको जानूँ और हे भगवन! आप किन-किन भावों में मेरे द्वारा चिंतन करने योग्य हैं

जीवन दर्शन

## दुःख और पीड़ा में मन को रखें सजग और स्थिर

कई बार ऐसा होता है कि लोग बार-बार चोट खाते हैं और उसका परिणाम यह होता है कि वह टूट जाता है, किसी मानसिक परेशानी का शिकार हो जाता है। वह चाहकर भी अपने मन को उस दुःख और पीड़ा से बाहर निकालकर खुद को सजग और सहज नहीं रख पाता। लेकिन ऐसी परिस्थिति उस व्यक्ति के नार्मल लाईफ के लिए खतरनाक है और ऐसे में उसे कुछ ऐसी चीजों का सहारा लेना चाहिए, जिससे उसका मन स्थिर और हील रहे।

किसी से बार-बार चोट खाने से मन में उस व्यक्ति के प्रति केवल गुस्सा, अन्याय, निराशा,घृणा जैसा भाव रहता है, जिससे उस व्यक्ति का तो कुछ नहीं बिगड़ता लेकिन हमारी सारी ऊर्जा इन नकारात्मक भावनाओं के चपेट में आकर सूख जाती है। मन अस्थिर और पीड़ा से भरा रहता है और हम खुद को पूरी तरह दुनियादारी से अलग कर लेते हैं। कोई बार-बार मन को चोट पहुंचाये, फिर भी खुद को सकारात्मक रख सकें, दुर्व्यवहार करने वाले के प्रति भी अच्छी भावना रख सकें,



इसके लिए आपको इस दुःख से उबरना ही पड़ेगा, अगर आप इस संसार में सार्थक होकर जीना चाहते हैं। आपको ये सोचना है कि सामने वाला अगर आपको हर्ट कर रहा है, तो शायद इसकी इजाजत आप दे रहे हैं। आपको कोइ तब तक नुकसान नहीं पहुंचा सकता है, जब तक आप खुद तकलीफ में ना हों। इसलिए जरूरी है कि पहले खुद को हील करने का तरीका तलाश करें। कई बार दुःख और पीड़ा में हम हीनता का भी शिकार हो जाते हैं। हम सोच लेते हैं कि हम इसी काबिल हैं या मेरी ही गलती है। इससे हम ना केवल सामने वाले को और अधिक मौका देते हैं बल्कि खुद को भी पीड़ित बना लेते हैं। इसलिए, जरूरी है कि क्लोजर के लिए या खुद को मुक्त करने के लिए खुद को ये समझाएं कि आप इससे बेहतर डिजर्व करते हैं और इससे कहीं अधिक खुशी के काबिल हैं। खुद की मानसिक अवस्था को मजबूत करना जरूरी है। इसलिए, आत्म-स्वाध्याय करें और अपने आत्म-संवाद को सुधारें। अपने विचारों को नियंत्रित करें। इसके लिए मेडिटेशन का सहारा ले सकते हैं। मेडिटेशन आपको अपनी भावनाओं के प्रति जागरुक और सजग रखेगा। अपने जीवन के प्रति समर्पित रहें और धैर्य रखें। चोट पहुंचाने वाले के प्रति आपकी दृढ़ता और सहनशीलता महत्वपूर्ण है। चोट पहुँचाने वाले के प्रति नफरत भाव रखने के बजाय सहानुभूति और दया दिखाएं। उसे समय दें और उसके दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करें। इससे न केवल आपकी मानसिकता अच्छी रहेगी बल्कि मन सक्कारात्मक रहेगा और मानसिक थकान कम होगी।

**चंदा कुमारी**

## संक्षिप्त खबरें

### योग जागरुकता के लिए कलेक्टरों को पत्र

**जागरण, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योग के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये मध्यप्रदेश योग आयोग का गठन भी किया गया है। मध्यप्रदेश योग आयोग का पोर्टल तैयार कर एनआईसी पर संचालित किया जा रहा है। पोर्टल पर योग आयोग की समस्त जानकारियां, जिला योग प्रभारियों एवं विकासखंड योग प्रभारियों की व्यक्तिगत जानकारी, योग से निरोग कार्यक्रम में सहयोग देने वाले योग शिक्षकों की जानकारी को प्रदर्शित है। मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिये उपयुक्त भवन और भूमि उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर्स को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में सीहोर के अतिरिक्त अन्य में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो रहे हैं।

### पंचायतों में मनाया राष्ट्रीय पंचायत दिवस, ली शपथ



**जागरण, सीहोर ।** जिले में आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में इस अवसर पर कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाने की शपथ ली गई। रविवार को जिले की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंचायती राज पर लाइव संबोधन सुना। मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला पंचायती राज दिवस, वर्ष 1993 में लागू हुए संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### तुअर उपार्जन हेतु 30 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**रायसेन।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन के लिए पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को किसानों के हित के लिए बढ़ाते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। जिले के ऐसे तुअर उत्पादक ऐसे किसान, जिन्होंने अभी तक ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है ऐसे किसान 30 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान भाईयों को उनसे उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में सीधे किया जाए।

# सपना बनकर रह गया संत नगर के बाशिंदों के लिए नर्मदा का पानी

## एयरपोर्ट व लाउखेड़ी को भी मिल रहा जल, पर उपनगर वंचित

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** नर्मदा को भोपाल लाने के लिए अरबों की राशि से पाइप लाइन बिछाई गई, तत्कालीन नगर निगम परिषद ने संकल्प पारित कर समूचे भोपाल को नर्मदा का जल उपलब्ध कराने का वादा किया, इस दिशा में काम भी हुआ लेकिन यह काम कुछ कालोनियों तक ही सीमित रह गया समूची भोपाल या संत हिरदाराम नगर तो छोड़िए आज की स्थिति में राजधानी की मुकिल से 20 प्रतिात आबादी को ही नर्मदा का जल मिल रहा है, शेष जनता पूरी तरह से प्रदूषण की शिकार बडी झील या कोलार के पानी पर निर्भर है।



### संत नगर निवासी वंचित

जब महापौर आलोक शर्मा थे, उस दौरान एमआईसी सदस्य कृष्ण मोहन सोनी ने इस बात के प्रयास किए कि लालघाटी से एयरपोर्ट एवं लाउखेड़ी के अलावा वहां एक बहुत बड़ी टंकी बनाकर शेष संत हिरदाराम नगर को भी नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाए। इसके लिए लालघाटी तक नर्मदा की पाइप लाइन को लाया गया, बाद में उसे लाउखेड़ी एवं एयरपोर्ट कालोनी तक ले जाकर वहां नर्मदा का पानी देना प्रारंभ हुआ, लेकिन यह पानी गांधीनगर एवं संत हिरदाराम नगर के वर्तमान 6 वार्डो को मिल पाता, नगर निगम भंग हो गई और कृष्ण मोहन सोनी भी पद से हट गए। हालांकि प्राजेक्ट नगर निगम का था, जिसमें प्रदेश सरकार ने अरबों की राशि उपलब्ध करवाई थी, ऐसे में नगर निगम परिसद किसी की भी हो, आम जनता से जुड़ी योजनाओं पर अमल जरूरी था परन्तु उपनगर नर्मदा के जल से वंचित ही रहा। यहां बता दें कि मनुआभान की टेकरी पर 12 एमजीडी की टंकी का निर्माण किया गया, और इसी टंकी से संत हिरदाराम नगर व गांधीनगर एवं आस पास की लगभग 4 लाख आबादी को नर्मदा का जल बांटने की योजना थी लेकिन बाद में इस टंकी को ईदगा हिल्स फिल्टर प्लांट से तो जोड़ा गया, लेकिन संत हिरदाराम नगर से नहीं।

### दूषित जल पीने को मजबूर

संत हिरदाराम नगर की जनता लम्बे समय से पेट की बीमारियों से ग्रस्त है। डाक्टरों का कहना है कि चूंकि तालाब का ठहरा हुआ पानी है, जिसमें उपनगर के अलावा कोहेफिजा, ईदगा हिल्स सहित आस पास के अनेक गन्दे पानी के नाले जाकर मिलते हैं, ऐसे में तालाब का पानी कितना भी साफ किया जाए, वह पीने योग्य नहीं हो सकता और अगर आम जनता गैस व पेट की अन्य बीमारियों से ग्रस्त है तो उसकी वजह भी तालाब का पानी ही है।

### खराब हो रही मशीनें

इधर आम जनता का कहना है कि नगर निगम भले ही साफ पानी देने का दावा करे, लेकिन बीच बीच में इतना मटमैला पानी सप्लाई होता है कि घर घर में पानी को साफ करने की लगी मशीने खराब हो जाती हैं, उन मशीनों के केंडिल को बार बार बदलना पड़ता है, जिस पर लोगों को अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ती है।

### जापानी तकनीकी की पाइप लाइन

यहां बता दें कि सुनील सूद के महापौर कार्यकाल के दौरा संत हिरदाराम नगर में लगभग 10 करो? की लागत से जापानी तकनीकी की प्लास्टिक की पाइप लाइन बिछाई गई थी इसे अधिकारियों की लापरवाही कहा जाए या विशेषज्ञों की अज्ञानता, लेकिन जो पाइप लाइन बिछाई गई, वह गर्मियों में फूल जाती है और सर्दियों में सिकुड़न आ जाती है। यह पाइप लाइन यहां के मौसम के अनुकूल नहीं है ऐसे में इन पाइप लाइनों में बार बार लीकेज होता है, और अनेक पाइप लाइने गन्दे पानी के नालो व नालियों के अलावा सीवेज की लाइनो के समीप से गुजरती हैं, जहां का गन्दा पानी इस जापानी पाइप लाइन के जरिए घरों तक पहुंच रहा है जिसे पीकर आम जनता बीमारियों की िाकार होती है।

### नर्मदा का जल ही विकल्प

उपरोक्त स्थिति के बाद आम जनता की यह मांग है कि अगर लोगों को पेट की बीमारियों से बचाना है तो उसके लिए नर्मदा का जल ही एकमात्र विकल्प है। यहां के लिए लगभग 400 करोड़ की लागत से अमृत योजना के अन्तर्गत पानी एवं सीवेज की लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए सांसद आलोक िर्मा एवं विधायक रामेवर शर्मा को इस बात का प्रयास करना चाहिए कि अमृत योजना में संत हिरदाराम नगर, भौंरी इलाके, थ्री ईमएई सेंटर, गांधीनगर एवं लालघाटी इलाके की 5 लाख आबादी को नर्मदा की पाइप लाइन से जोड़कर नर्मदा का जल उपलब्ध करवाया जाए।



यह बात सही है कि लालघाटी से लेकर ग्राम भौंरी तक 6 वार्डो को नर्मदा का जल उपलब्ध कराना प्रस्तावित था, लाउखी व एयरपोर्ट कालोनी तक पानी दिया भी गया लेकिर बाद में नगर निगम भंग हो जाने से आगे अमल नहीं हो पाया।

**कृष्ण मोहन सोनी, पूर्व एमआईसी सदस्य**



लालघाटी से लेकर आस पास की कालोनियों एवं संत हिरदाराम नगर को नर्मदा का जल मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मुलाकात कर मांग की जाएगी।

**जगदीप यादव,**
**जिला भाजपा महामंत्री, निवासी लालघाटी**

## रश्मि ने रोशन किया नाम



**जागरण, गोहरगंज।** गोहरगंज तहसील के अतर्गत ग्राम चिकलोद कला निवासी मुकेश व रानी माहेश्वरी की सुपुत्री रश्मि ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रश्मि ने रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ एजुकेशन (एमएड) की परिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रश्मि माहेश्वरी को विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में भोपाल स्त दक्षिण मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र मिंटो हॉल भोपाल में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तथा परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह की उपस्थिति में शाल प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहाकि रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बन गया है। रश्मि जैसी छात्रा की उपलब्धि इसका प्रमाण है। छात्रा ने रायसेन जिले में गोहरगंज तहसील के चिकलोद कलां का नाम रोशन किया है।

## राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 को, पंजीयन जारी



**जागरण ओबेदुल्लागंज।** प्रांतीय राजपूत समाज मध्यप्रदेश का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन ईश्वर नगर अरेरा फॉर्म गुलमोहर शाहपुरा में आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तूफान सिंह राजपूत ने बताया कि कोविड काल के बाद यह सामूहिक विवाह का आयोजन राजधानी भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें पूरे प्रदेश से अब तक लगभग 15 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। समस्त सामाजिक बन्धुओं एवं राजपूत समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

## बस की टक्कर से पति-पत्नी की मौत

**गोहरगंज।** भोपाल-सागर से बरेली की ओर जा रही बस की टक्कर से मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा ग्राम नदौरा के पास हाईवे पर हुआ। बस सागर से भोपाल होते हुए बरेली जा रही थी। यह बस प्रशंसा ट्रेवल्स की है। दोनों पति-पत्नी मोटर साइकिल से गोहरगंज से अगरिया जा रहे थे, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बस ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर साइकिल सवार केरू और उसकी पत्नी बेसनती बाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस थाना गोहरगंज ने प्रकरण दर्ज कर दोनों शव औबेदुल्लागंज अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**रायसेन।** प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल सोहाने के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन एवं उत्कर्ष नशा मुक्ति केन्द्र रायसेन के सहयोग एवं समन्वय से जिला जेल रायसेन में नशा मुक्ति विषय पर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## महिला की मौत से नाराज लोगों ने श्यामपुर रोड किया जाम

### मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीएसपी की समझाइश के बाद माने परिजन और ग्रामीण

**जागरण, सीहोर।** शहर के मंडी थाने के तहत के ग्राम चांदबढ़ से लापता महिला का शव शाजापुर जिले के कालापीपल थाना अन्तर्गत संदिग्ध अवस्था में पाया गया। इसके बाद तीन दिन तक शव का पीएम नहीं हो सका। इस बात से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने श्यामपुर रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीएसपी की समझाइश के जाम खुल सका।

जानकारी के मुताबिक ग्राम चांदबढ़ में रहने वाली 40 वर्षीय विवाहिता लक्ष्मी ठाकुर जो मजदूरी का काम करती थी। 21 अप्रेल को वह मजदूरी करने के लिए घर से निकली थी, जब वह घर लौटकर नहीं आई तो उनके पति ईश्वर ठाकुर ने गुमशुदगी दर्ज कराई। शाजापुर जिले के कालापीपल थाने द्वारा महिला के मृत होने की सूचना परिजनों को दी गई। कालापीपल थाने पुलिस द्वारा मृतिका के शव को पीएम के लिए



भोपाल हमीदिया अस्पताल भेजा गया था। तीन दिन बीतने के बाद भी शव का पीएम नहीं होने से नाराज परिजनों एवं ग्रामीणों ने ग्राम चांदबढ़ में सीहोर श्यामपुर मार्ग पर रोड पर बैठ कर चक्का जाम कर दिया। उनके आरोप थे कि मृतिका की हत्या की गई है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## ब्लेड मारकर किसान के झोले से मां-बेटे ने चोरी किए 1 लाख 20 हजार रुपए

**जागरण, रायसेन।** भारतीय स्टेट बैंक की सागर रोड स्थित शाखा के बाहर किसान के झोले से 1 लाख 20 हजार रुपए गायब करने वाले मां-बेटे को पुलिस ने 48 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे से चोरी की गई राशि भी बरामद कर ली है। थाना कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार गत 21 अप्रैल को भारतीय स्टेट बैंक की सागर रोड शाखा से 80 वर्षीय किसान नारायण सिंह बघेल ने 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि आहरण की थी। राशि निकालकर किसान नारायण सिंह ने अपने झोले में रख ली थी। काफी देर से किसान पर नजर बनाए राजगढ़ के कडिया सासी गांव निवासी 18 वर्षीय अनिकेत उर्फ कोको और उसकी मां मंजू उर्फ मंजी 35 वर्ष ने मौका पाकर झोले में ब्लेड मारकर उक्त राशि गायब कर दी। दोनों मां बेटे मोटरसाइकिल पर बैठकर मौके से फरार होने में भी कामयाब हो गए। जब किसान नारायण सिंह बघेल को अपने साथ हुई चोरी की घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत थाना कोतवाली रायसेन पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम-सूचना**

क्रमांक 594/राजस्व/भोविप्रा/25, भोपाल दिनांक 24/04/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक - 235, श्री मोहम्मद यूनुस खान आ. श्री यूसुफ खान साहब, श्रीमती जहांआरा बैगम पत्नी श्री मोहम्मद यूनुस खान एवं मो. मुजतबा अली खान आ0 श्री यूनुस खान साहब के संयुक्त नाम पर आवंटित है। आवंटी के मुख्तारआम श्रीमती संगीता बजाज पत्नी श्री के.के. बजाज द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक-2, द्वितीय-तल जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 11/08/1997, श्री कालूराम ठाकुर आ. स्व. श्री मूलचंद ठाकुर को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया। श्री कालूराम ठाकुर आ. स्व. श्री मूलचंद ठाकुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर प्रकोष्ठ क्रमांक-2, द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम-लखनदास वैरागी पुत्र कैलाशनारायण वैरागी आयु 47 साल निवासी ग्राम रतोधाना तह. चांचौड़ा जिला गुना म.प्र.। मेरा वास्तविक नाम लाखनदास वैरागी है। किन्तु मेरा नाम भूलवश आधार कार्ड में कृष्णगोपाल मीना पुत्र मदन सिंह मीना दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा वोटर कार्ड में मेरा नाम लाखन है, जिसमें आधारकार्ड में कृष्णगोपाल मीना को हटवाकर लाखनदास वैरागी दर्ज करवाना चाहता हूं। यह मेरा नाम आधार कार्ड में **कृष्णगोपाल मीना** के स्थान पर **लाखनदास वैरीगी** करने की कृपा करें।


## SUDOKU 111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | | 2 | | 4 | |
| 2 | | | | | | 8 | 5 | |
| 3 | | | | | 9 | | | |
| | | | | 7 | 8 | 1 | | 6 |
| | | | 9 | | 1 | | | |
| 6 | | 3 | 5 | 2 | | | | |
| | | | 8 | | | | | 3 |
| | 6 | 4 | | | | | | 1 |
| | 3 | | 7 | | | 5 | 9 | |

## SOLUTIONS 110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज आपका मजाकिया स्वभाव दूसरों को खुश करेगा। अप्रत्याशित लाभ से वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। आपकी परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृषभ :** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा। घरेलू मामलों और लंबित घरेलू कामों को निपटाने के लिए अनुकूल दिन है।

**मिथुन :** आज कार्यस्थल पर एक्टिविटी से आपको थकान हो सकती है।आपको अपनी संतान के कारण आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

**कर्क :** अच्छी सेहत के लिए ध्यान और योग लाभकारी साबित होंगे। आपको आर्थिक लाभ मिलने की पूरी संभावना है क्योंकि पहले दिया गया कोई पैसा वापस आ सकता है।

**सिंह :** आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से लाभ मिलने की संभावना है। मन परेशान हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें। रचनात्मक प्रयास सफल होंगे।

**कन्या :** आज आपको धन की अहमियत समझ आ सकती है। वाद-विवाद से दूरी बनाएं। अप्रत्याशित स्त्रोतों से महत्वपूर्ण धन प्राप्त होगा।

**तुला :** आज आपको आर्थिक रूप से थोड़ा सतर्कता के साथ चलने की जरूरत है। व्यापारी वर्ग को मुनाफा होगा। आप दोस्तों की मदद से महत्वपूर्ण संपर्क भी बनाएंगे।

**वृश्चिक :** आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। अटके हुए धन की वापसी संभव है। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**धनु :** आज आपको आर्थिक रूप से थोड़ी सी गतिशीलता की जरूरत है। आज आपको किसी पुराने निवेश का अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**मकर :** आज आपको व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। कार्यस्थल पर आपको अपनी स्किल दिखाने का मौका मिल सकता है।

**कुंभ :** दोस्तों के साथ एक अच्छी शाम बिताएंगे। आज घर से बाहर निकलने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लें, इससे आपको लाभ होगा।

**मीन :** ऑफिस में सतर्क रहें क्योंकि आप ऑफि परिवार और दोस्तों के साथ आनंदमय समय बीतेगा। यह आपके प्रेम जीवन में एक अद्भुत दिन होने वाला है।

**आज का पंचांग:** 25 अप्रैल शुक्रवार 2025। **दिशाशूल :** पश्चिम। **पर्व एवं त्योहार :** प्रदोष व्रत। **विशेष :** पंचक। विक्रम संवत 2082 शके 19 47 उत्तरायण उत्तरगोल वसंत ऋतु वैशाख मास कृष्ण पक्ष की द्वादशी 11 घंटे 46 मिनट तत्पश्चात त्रयोदशी पूर्वभाद्रपद नक्षत्र 08 घंटे 54 मिनट तक तत्पश्चात उत्तरभाद्रपद नक्षत्र ऐंद्र योग 12 घंटे 31 मिनट तक तत्पश्चात वैधृति योग मीन में चंद्रमा।


**:: आम सूचना ::**

**भूखंड क्र. पी-156, ( प्रियदर्शिनी फेज - II ), खसरा क्र. 266/1/1, 266/1/2, 267 एवं 268, स्थित ग्राम बागमुगलिया, नगर निगम वार्ड क्र. 53, तहसील कोलार, जिला भोपाल, म.प्र. के सम्बन्ध में ।**

मैं अपने पक्षकारगण के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्रीमती रियाज बानो पत्नी श्री एम. एस. अली, निवासी-29, न्यू कॉलोनी, जिन्सी, विजय लक्ष्मी स्कूल के पास, भोपाल, म. प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक किता आवासीय भूखंड क्र. पी - 156, (प्रियदर्शिनी फेज-II) जो कि खसरा क्र. 266/1/1, 266/1/2, 267 एवं 268 के भाग में से 195.81 वर्गमीटर (2107 वर्गफीट) का है जो ग्राम बागमुगलिया, नगर निगम वार्ड क्र. 53, तहसील कोलार, जिला भोपाल, म. प्र. में स्थित है, जिसकी चोहद्दी इस प्रकार से है - दिशा पूरब में - सड़क, दिशा पश्चिम में-भूखंड क्र. पी-139, दिशा उत्तर में-भूखंड क्र. पी-155, दिशा दक्षिण में-भूखंड क्र. पी-157। यह भूखंड तहसील एवं राजस्व अभिलेखों में श्रीमती रियाज बानो के नाम पर दर्ज है। उक्त सम्पूर्ण भूखंड को मेरे पक्षकारगण उपरोक्त स्वामी से क्रय करने जा रहे है एवं क्रय करने हेतु अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उपरोक्त क्रय की जाने भूखंड सम्पूर्ण या उसके किसी हिस्से भाग से किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय, बैंक, वित्तीय संस्था, व्यक्ति एवं अन्य का किसी प्रकार का कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी प्रकार का कोई लेन-देन हो अथवा उक्त भूखंड कहीं रहन, भार, सम्यक, बंधन, देन मेहर में आदि हो तो वह इस सूचना पत्र प्रकाशन की 7 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरे पक्षकारगण इस भूखंड की विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

**अपूर्व तारण** अधिवक्ता
चैम्बर क्र. 305 एवं 307, लॉयर चैम्बर, भोपाल
जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल
(म.प्र.) 462021, मो. 8319919436

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती सुरभी जोशी आयु वयस्क, पत्नि श्री सचिन्द्र जोशी निवासी ई-2/251 अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्लैट नं 606 ब्लाक नं. ए/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 79.16 वर्गमीटर जो कि आवासीय प्रोजेक्ट प्रियदर्शिनी अधिष्ठान के छठवें फ्लौर प्लान 6 जिसके खसरा क्र. प.ह.नं 40/42 के अंतर्गत गॉव बावड़िया कलॉ तहसील हुजूर जिला भोपाल के वार्ड क्र. 52 म प्र में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर प्रतिफल की आंशिक धनराशि अदा कर दी है। यदि उक्त सम्पत्ति के सबंध में अन्यत्र किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या हिबा, दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबंध आदि हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 14 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें, समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त फ्लैट का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होंगे, एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

अधिवक्ता **प्राची कुलकर्णी**
एस 13 राधा कृष्ण कॉम्प्लेक्स
जोन 2, एम पी नगर भोपाल
मो. 7000746688


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री जफर अहमद आयु 60 वर्ष पुत्र श्री मोहम्मद अहमद कुरेशी निवासी फ्लैट न.1 सेकण्ड फ्लोर फारूक रेसीडेंसी सैय्यद नगर मेडिकल रोड कोल अलीगढ़ उ.प्र. हाल निवासी न्यू मौलाना आजाद कॉलोनी ईदगाह हिल्स भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय फ्लैट नंबर 101 फर्स्ट फ्लोर का जो प्लाट न.10 पर निर्मित ए.एस. अपार्टमेंट स्थित सी-सेक्टर बीडीए कालोनी कोहेफिजा नगर निगम वार्ड नंबर 7 भोपाल मप्र ,जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है । दिशा पूरब में ओपन ब्लो रोड । दिशा पश्चिम में मकान क्र. सी-184 एवं 185 । दिशा उत्तर में फ्लैट नंबर 102 और दिशा दक्षिण में मकान क्र.सी-195। उक्त फ्लैट का कुल सुपर बिल्टप ऐरिया कुल क्षेत्रफल 968.4 वर्ग फीट अर्थात 90.00 वर्ग मीटर को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय, अशासकीय कार्यालय,सोसायटी को कोई आपत्ति हो अथवा उपरोक्त वर्णित संपत्ति कहीं बंधक, गिरवी रखी हो,अनुबंधित हो अथवा वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में पेश करें। समय अवधि के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराए जाने के लिए स्वतंत्र होगा।

**नवेद उल्ला खान** एडवोकेट
कार्यालय -46, चौकी तलैया रोड भोपाल
मोबाईल नंबर-8770555476

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 41.2 | 21.8 |
| इंदौर | 40.8 | 22.6 |
| जबलपुर | 40.8 | 21.5 |
| ग्वालियर | 41.8 | 21.0 |

### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.2 | 20.0 |
| मुंबई | 33.7 | 23.5 |
| चेन्नई | 40.1 | 23.0 |
| कोलकाता | 35.4 | 29.0 |

सूर्यास्त 6:45 PM
सूर्योदय 5:52 AM
चन्द्रोदय 3:16 AM
चन्द्रास्त 3:12 PM

# 24 दिन में सातवीं बार फूटी नर्मदा की पाइपलाइन, खंडवा में गंभीर जलसंकट

## पानी की किल्लत को लेकर आए दिन महिलाओं को करना पड़ रहे प्रदर्शन



**जागरण, खंडवा।** शहर में नर्मदा की पाइप लाइन बार-बार फूटने से गंभीर जलसंकट के हालात पैदा हो गए हैं। जलसंकट से परेशान महिलाएं कई बार प्रदर्शन कर चुकी हैं। गुरुवार को फिर से नर्मदा की पाइपलाइन फूट गई। खास बात ये है कि दो दिन पहले चारखेड़ा रेलवे स्टेशन के सामने जिस पाइपलाइन के फूटने पर मरम्मत की गई थी। एक बार फिर उसी जगह लाइन जगह दोबारा फूट गई है। इससे शहर में जलसंकट गहरा गया है। अप्रैल महीने के 24 दिनों में पाइपलाइन फूटने का यह सातवां मामला है।

अब तक पेयजल सप्लाई करने वाली विश्वा कंपनी यह तर्क दे रही थी कि, पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया जाता है। इसी कारण वह फूटती है। इसके बाद बीते एक हफ्ते से पाइपलाइन की लगातार पेट्रोलिंग हो रही है। 66 पटवारी और सचिव अलग-अलग समय में 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। इससे ये साफ है कि पाइपलाइन कमजोर है, जो कि पानी का प्रेशर नहीं झेल पा रही है। मामले में नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि, गर्मी के दौरान पानी के प्रेशर को बढ़ाया गया है। यानी जहां पहले चार पंप चलाकर पानी की सप्लाई की जाती थी। वहां अब पांच पंप चलाकर जलापूर्ति हो रही है। इस कारण प्रेशर बढ़ा है, इस प्रेशर को कमजोर पाइपलाइन झेल नहीं पा रही है।

**प्रदर्शन के चलते 8 पर एफआईआर, महिलाओं ने मांगी इच्छामृत्युः** खंडवा में जलसंकट की स्थिति गंभीर हो चुकी है। इस कारण महिलाओं को आएदिन प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के चलते महिलाओं समेत आठ लोगों पर केस भी दर्ज हो चुका है। इसके बाद राजनीति गरमा गई थी। प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर की स्थानीय विधायक और सांसद ने निंदा की थी। बीते दिनों जलसंकट से परेशान तीन महिलाओं ने इच्छामृत्यु भी मांगी थी। महिलाओं का कहना था कि उन्हें पानी नहीं दे पा रहे तो इच्छामृत्यु की ही अनुमति दे दो।

### कंपनी पर कब होगी एफआईआर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को चिट्ठी लिखी है, जिसमें कहा कि नर्मदा पाइपलाइन बार-बार फूटने से भारी मात्रा में पानी की बर्बादी हो रही है। आम जनता को पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि करनी पड़ रही है। जल आपूर्ति व्यवस्था को संभालने वाली विश्वा कंपनी को हर महीने भुगतान किया जा रहा है, जबकि वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह असफल रही है। अब तक कंपनी के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है, ना ही उनके एग्रीमेंट पर पुनर्विचार किया गया है। यह जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की है कि कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनका एग्रीमेंट निरस्त किया जाए।

# विवि के दो गुटों में मारपीट, फायरिंग

**पुलिस ने किया मामला दर्ज, जांच के बाद होगी कार्रवाई**

**जागरण, ग्वालियर।** शहर की आईटीएम यूनिवर्सिटी के छात्रों के 2 गुटों में विवाद हो गया। एक गुट के छात्रों ने दूसरे गुट के 2 छात्रों को पहले लात-घूसों से पीटा, फिर फायरिंग भी की। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के आईटीएम यूनिवर्सिटी कैंपस के बाहर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे की है। पुलिस ने जांच के बाद गुरुवार को मामला दर्ज किया है। कॉलेज जाते समय बस में मारपीट वाले छात्र और पीटने वाले छात्रों का झगड़ा हो गया था, इस झगड़े का बदला लेने छात्रों ने छात्रों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने घायल छात्रों की शिकायत पर चारों छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्वालियर के बीरपुर थाना गिरवाई निवासी छात्र युवराज सिंह सिकरवार (21) ने अपने दोस्त कुणाल सिंह कुशवाहा के साथ झांसी रोड थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में जांच के बाद आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# किन्नरों ने लगाया मारपीट व धर्म परिवर्तन का आरोप, थाना घेरा



**जागरण, इंदौर।** किन्नरों के दो गुटों में गुरुवार को जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद सोनम गुट के सदस्यों ने पंढरीनाथ थाने का घेराव कर दिया। किन्नरों ने शहर के दूसरे किन्नरों के पायल गुट पर धर्म परिवर्तन और मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। काफी देर हंगामा होने के बाद एसीपी ने लिखित शिकायत लेकर इन लोगों को शांत कराया। एसीसी हेमंत चौहान ने सोनम गुट को कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। सोनम गुट के किन्नरों का आरोप है कि पायल गुट मारपीट कर धर्म परिवर्तन करा रहा है। एसीपी चौहान के मुताबिक दो वर्ष पूर्व विजय नगर क्षेत्र में एक घटना हुई थी, उस में धारा 307 का केस दर्ज किया था। आरोपी फरार चल रहा था, जिसे हिरासत में लिया गया है। उसको लेकर भी यह किन्नर थाने आए थे। किन्नरों ने शिकायती आवेदन दिया है। दोनों गुट एक-दूसरे पर पहले भी केस दर्ज करवा चुके हैं।

# ठगी का पैसा देशभर से 30 बैंक खातों में आया

## पुलिस ने अलग-अलग राज्यों में फ्रीज कराए खाते, दिल्ली में पड़ताल



**जागरण, ग्वालियर।** रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदिप्तानंद को डिजिटल अरेस्ट कर 2.53 करोड़ रुपए ठगने के मामले में पकड़े गए गिरोह से पुलिस की पूछताछ जारी है। इसमें बंधन बैंक से पुलिस को आधिकारिक जानकारी मिली है। इसमें 30 बैंक खातों की सूची ग्वालियर पुलिस को बंधन बैंक से दी गई है, इन सभी बैंक खातों से 2.32 करोड़ रुपए तुषार गोमे ने निकाले। अभी खातों की संख्या और बढ़ेगी। यह खाते सिर्फ इस साल के साढ़े तीन महीनों के ही हैं, जिनसे 2.32 करोड़ रुपए की निकासी हुई है। इन बैंक खातों में देशभर से पैसा आया है। साथ ही अलग-अलग राज्यों की पुलिस ने इन बैंक खातों को फ्रीज कराया है। इन्ही बैंक खातों से रुपए निकाल लिए गए हैं। कुछ खातों में पैसा भी फ्रीज हो गया, लेकिन अधिकांश खातों से पैसा निकालने के बाद खाते फ्रीज हुए। इससे स्पष्ट है कि इन सभी बैंक खातों में अलग-अलग ठगों की गैंग ने ठगी की रकम भेजी है। सभी 30 बैंक खातों को पुलिस द्वारा फ्रीज कराया है। इसकी जानकारी ग्वालियर पुलिस को मिली है। अब उन सभी राज्यों की पुलिस से संपर्क किया जाएगा, जिससे यह पता चल सकेगा कि इस गैंग के तार और किन ठगों से जुड़े हैं।

### दिल्ली और प्रयागराज भेजी टीम

उज्जैन से छह लोगों को पकड़े जाने के बाद अब एक टीम दिल्ली और एक टीम प्रयागराज भेजी गई है। प्रयागराज के खाते में गए 1.30 करोड़ रुपए में से काफी पैसा दिल्ली के खातों में गया है, इसलिए दिल्ली के कुछ बैंक खाते पुलिस के रडार पर हैं। यहां से पुलिस को कुछ सफलता मिल सकती है। इस गैंग का सरगना उदयराज विनाझा अब तक फरार है। उसकी लोकेशन ही पुलिस को नहीं मिल रही। आरोपी का पूरा परिवार भी भूमिगत हो गया है। बताया जा रहा है कि उसके कुछ रिश्तेदार भी ठगी के धंधे में शामिल हैं।

# पहलगाम हमले के बाद उज्जैन में हाई अलर्ट

## स्टेशन और ट्रेनों की सघन जांच, महाकाल मंदिर में सुरक्षा बढ़ाई

**जागरण, उज्जैन।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद बाबा महाकाल की नगरी में उज्जैन पुलिस हाई अलर्ट पर है। उज्जैन में चल रही पंचक्रोशी यात्रा में बड़ी संख्या में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से श्रद्धालु आए हुए हैं। इसे देखते हुए उज्जैन बम डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीएस) ने जम्मू जाने वाली ट्रेन की सघनता से जांच की। बीडीएस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चलाया। मालूम हो कि महाकाल मंदिर में भी देशभर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनों के कोच में तलाशी



बीडीएस टीम प्रभारी रमेश खाड़े ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की घटना को देखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा ने चेकिंग के निर्देश दिए हैं। इसी के चलते उज्जैन पुलिस भी अलर्ट पर है। रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेन के सभी कोच में यात्रियों के सामान और संदिग्ध दिखने वाले लोगों की तलाशी ली गई। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सतर्कता बनाए रखी गई है। इसके अलावा पुलिस ने जम्मू-कश्मीर की घटना के मद्देनजर शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। उज्जैन पुलिस हाई अलर्ट पर है। शहर में संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# खिलौना समझ मासूम ने निगली हरी मिर्च, ऑपरेशन कर निकाली



**जागरण, जबलपुर।** खेल-खेल में एक 9 माह के मासूम ने खिलौना समझकर हरी मिर्च निगल ली। मिर्च आहार नली में फंसी तो बच्चे ने लगातार रोना शुरू कर दिया। बच्चा चुप नहीं हुआ तो घबराए परिजन उसे बरेला स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां ऑपरेशन कर बच्चे की आहार नली से मिर्च निकाली। घटना बरेला के पास स्थित गांव की है। बुधवार रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे बच्चे को ईएनटी विभाग में ईएनटी एचओडी डॉ. कविता सचदेवा ने देखा। बच्चा लगातार रो रहा था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। बच्चे के पिता पवन कुमार ने बताया कि दोपहर को घर के आंगन में खेलते समय उसने कुछ खा लिया, तभी से रो रहा है। फिर बच्चा उल्टी करने लगा। बच्चा सांस भी नहीं ले पा रहा था। बच्चे का एक्स-रे किया तो आहार नली में मिर्च फंसी हुई नजर आई। ईएनटी विभाग प्रमुख डॉ. कविता सचदेवा- डॉ. ब्यौहार और अन्य टीम के सदस्यों ने बच्चे का तुरंत आपरेशन करते हुए ब्रोंकोस्कोपी की मदद से हरी मिर्च को बाहर निकाला। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है।

# 32 घंटे बाद मिला सांसद के मीडिया हैंडलर का शव

## शादी के हफ्तेभर पहले नर्मदा में कूदकर दी जान

**जागरण, बड़वानी।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी के सोशल मीडिया हैंडलर महेंद्र भाटी ने नर्मदा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली है। 32 घंटे चली तलाशी के बाद गुरुवार देर शाम करीब 7.30 बजे उनका शव मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए रखवा दिया है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे कसरावद पुल पर महेंद्र की बाइक और जूते मिले थे। नर्मदा में छलांग लगाने की आशंका को देखते हुए गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम नर्मदा में सर्च ऑपरेशन चला रही थी।



बड़वानी व धार जिले की सीमा पर खंडवा-बड़ौदा राजमार्ग पर छोटी कसरावद गांव में बने नर्मदा के बड़े पुल पर परिजनों और परिचितों का जमावड़ा लगा रहा। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम एसडीईआरएफ टीम ने शव बरामद किया।

### 1 मई को होने वाली थी शादी

ग्राम कल्याणपुरा निवासी महेंद्र का हफ्तेभर बाद विवाह होना था। 30 अप्रैल से वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने वाले थे। 1 मई को बारात जानी थी। इसे लेकर पिछले दिनों से महेंद्र व परिजन तैयारियों में जुटे थे। सारी तैयारियां हो चुकी थी। कार्ड भी बांटे जा चुके हैं। शादी भी महेंद्र की पसंद से ही हो रही थी। दो-तीन दिन पूर्व ही महेंद्र ने इंदौर जाकर शादी का सामान खरीदकर लाया था। बुधवार को आम दिनों की तरह वो तैयार होकर सुबह 8 बजे घर से बाइक लेकर निकला। कुछ देर बार वापस आया और फिर चला गया। इसके बाद फेसबुक पर पोस्ट लिखने व नर्मदा पुल पर बाइक-चप्पल मिलने की सूचना मिली थी।

# पांच के 25 लाख रु. मांग रहे थे सूदखोर, आरक्षक ने खाया जहर

**जागरण, इंदौर।** सूदखोरों से पहले आमजन ही प्रताड़ित होते थे, लेकिन अब पुलिसकर्मी भी इनका शिकार होने लगे हैं। इंदौर में एक आरक्षक ने सूदखोरों से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। पुलिसकर्मी ने बुधवार शाम घर के पास जहर खा लिया। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। आरक्षक नितेश वर्मा एरोड्रम इलाके में फर्स्ट बटालियन में पदस्थ था। पुलिस ने पीएम कराकर जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि आरक्षक नितेश ने अर्जुन और आकाश से 5 लाख रुपए कर्ज लिया था। दोनों इसके बदले आरक्षक से 25 लाख रुपए मांग रहे थे। एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि आरक्षक नितेश वर्मा को ऑनलाइन गेम खेलने का शौक था, इससे उस पर कर्ज हो गया था। इसके चलते उसने सूदखोरों से कर्ज ले लिया था। सूदखोर अब चार गुना रुपए मांग रहे थे। परिवार के बयानों के बाद मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। आरक्षक के पिता ने बताया कि अर्जुन और आकाश ब्याज पर पैसे देते हैं। बेटा हर महीने उन्हें ब्याज की राशि भी दे रहा था। इसके बाद भी उन्होंने राशि लौटाने का कुबूलनामा करवाते हुए वीडियो बनाया था, जिसे वायरल करने की धमकी दी जाती थी। चाचा कमल ने बताया कि जरूरत पड़ने पर नितेश ने अर्जुन और आकाश से 5 लाख का कर्ज लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी से तंग आकर नितेश ने सुसाइड कर लिया। वह 12 साल से पुलिस की नौकरी में था। उसकी पत्नी नेहा गृहिणी है और 6 साल का एक बेटा भी है।



**इंदौर में परेशान पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी**

# सागर से आ रही 70 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त

## नुनसर गांव के पास चैकिंग में पकड़ाई, चालक हिरासत में

जागरण, जबलपुर। जिले की नुनसर पुलिस ने सागर से जबलपुर आ रही एक गाड़ी से चैकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में डीएपी खाद जब्त की है। आशंका जताई जा रही है कि यह खाद नकली है, जिसे कि सागर से लाकर जबलपुर में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान ड्राइवर पुलिस को डीएपी खाद से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दे पाया। खाद से लोड गाड़ी को कस्टडी में लेने के बाद पुलिस ने कृषि और खाद्य विभाग को जानकारी दे दी है। जानकारी के अनुसार नुनसर चौकी प्रभारी विपिन सिंह को गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की गाड़ी सागर से दमोह होते हुए जबलपुर तरफ आ रही है। इस गाड़ी में डीएपी खाद रखी हुए है, जिसके कागजात नहीं हैं। हो सकता है वह नकली खाद हो। इस पर चौकी प्रभारी ने बैरिकेडिंग करा दी। दोपहर करीब दो बजे एमपी 38 जेड-डी 8508 गाड़ी आते हुए दिखाई दी, जिसे राजा सेन नाम का युवक चला रहा था। पुलिस ने गाड़ी को रोका तो वह घबरा गया। इसके बाद पुलिस ने जब वाहन की चेकिंग की तो उसमें करीब 70 बोरी डीएपी खाद मिली। पूछताछ के दौरान वह खाद से संबंधित कागजात नहीं दे पाया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि नुनसर पुलिस चौकी में गाड़ी को खड़ा किया है। चालक पुलिस की कस्टडी में है। वाहन मालिक को फोन लगाया तो उसका कहना था कि खाद से संबंधित कागजात जल्दबाजी में छूट गए हैं, जिसे कि जल्द ही सागर से जबलपुर लाया जा रहा है। इधर, नकली डीएपी के बारे में जानकारी मिलने पर भारतीय किसान संघ ने पुलिस के आला अधिकारियों को बताया कि सागर से नकली डीएपी को लाकर जबलपुर में खपाने का काम कई दिनों से चल रहा है।




# जंगली क्षेत्र में अज्ञात कारणों से तेंदुए की मौत



**जागरण, राहतगढ़।** सागर जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिकारपुर के पास जंगल में एक तेंदुए की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों ने जांच शुरू की। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम शिकारपुर के पास जंगल में एक तेंदुआ पड़ा हुआ है। इसके बाद रेंजर दिनेश कौशल ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसमें एसडीओ विनीता जाटव रेंजर दिनेश कौशल डिप्टी रेंजर निर्भान सिंह राजपूत वनरक्षक रितेश चौहान गणेश यादव मोतीराम घोषी सहित पशु चिकित्सक एवं सागर से आए डॉग स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही करते हुए वन विभाग एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने जांच पड़ताल की एवं साक्ष्य जुटाए। फिलहाल में उक्त तेंदुए की अज्ञात कारणों से मौत होने की बात कही जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत होने के कारण का पता चलेगा। जानकारी के मुताबिक मौके से तेंदुए को बरामद कर उसके शव परीक्षण के लिए वन विभाग की टीम जबलपुर स्थित विटनरी लेब लेकर पहुंची। यहां से मृत तेंदुए का पीएम होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# उज्जैन में तेंदुए का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जागरण, उज्जैन।** जिले के महिदपुर में गुरुवार को तेंदुए का शव मिला है। झारखेड़ी गांव से 2 किलोमीटर बैजनाथ के पास तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची उज्जैन वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। तेंदुआ के सभी दांत, नाखून, पूंछ सहित पूरा शरीर मिला है। इसके चलते शिकार होने का कोई सबूत नहीं मिला है। डीएफओ पीडी गेब्रियल ने बताया कि गांव के नाले के पास तेंदुए का शव मिला है। शव की जांच करने पर शिकार होने का कोई सबूत नहीं मिला है। आसपास झाड़ियों की सर्चिंग में किसी अन्य जानवर या आपस में मुठभेड़ के भी निशान नहीं मिले हैं। महिदपुर में ही डॉक्टरों की टीम ने शव का पीएम किया है। विसरा कलेक्ट कर लिया है। तेंदुआ की डेथ नेचुरल दिखाई दे रही है। बॉडी के सभी पार्ट्स हैं।



# पूर्व विधायक का आरोप आरटीआई लगाई तो कृषि विभाग में लगी आग

**जागरण, गुना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गुना कार्यालय में खरीदी और ठेके देने जैसे कार्य ईओडब्लू के निशाने पर आ गए हैं। ईओडब्लू ने भाजपा के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा द्वारा दिए गए 165 पेज के भारी भरकम आवेदन पर जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर से पंद्रह दिन में जांच रिपोर्ट मांगी गई है।

गुना के कृषि एवं किसान कल्याण कार्यालय में उपकरण खरीदी और ठेके देने में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक सलूजा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, गुना कलेक्टर और ईओडब्ल्यू ग्वालियर से शिकायत की है। उन्होंने अपने आवेदन के साथ 165 पेज के दस्तावेज लगाकर विभाग का भ्रष्टाचार बताया है। ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर 15 दिनों के भीतर गुना कलेक्टर से प्रतिवेदन मांगा है। सलूजा का आरोप है कि कार्यालय में पिछले दिनों लगी आग को सुनियोजित बताते हुए कहाकि मैंने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी तो विभाग के कार्यालय में आग लगा दी गई। इससे कई रिकॉर्ड और उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

# भस्म आरती के बाद श्रद्धालुओं को नाश्ते में मिला पोहा

## प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक मिलेगा नाश्ता


**जागरण, उज्जैन।** प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भस्म आरती में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब मंदिर समिति की ओर से निशुल्क नाश्ते की सुविधा मिलेगी। तीन साल के अंतराल के बाद यह सुविधा गुरुवार से फिर शुरू कर दी गई। पहले ही दिन एक हजार से अधिक लोगों को सुबह-सुबह पोहे का नाश्ता कराया गया। अब प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक श्रद्धालुओं को अन्न क्षेत्र में नाश्ता कराया जाएगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने भस्मारती दर्शनार्थियों के लिए निशुल्क पोहे के अल्पाहार की व्यवस्था शुरू की है। इसके लिए काउंटर से टोकन लेकर भक्त अन्नक्षेत्र में नाश्ता कर सकते हैं। गुरुवार से यह व्यवस्था एक बार फिर बहाल कर दी गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निशुल्क अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन भस्मारती के बाद सुबह 6 से 8 बजे तक निशुल्क अल्पाहार सुविधा का आरंभ किया गया। इसमें पोहे वितरण की व्यवस्था की गई है। उपप्रशासक सिम्मी यादव ने बताया कि, मंदिर के परिसर में बने काउंटर पर भक्तों को अल्पाहार के कूपन वितरित किए जाएंगे। जिसे दर्शनार्थी अन्नक्षेत्र में जमाकर अल्पाहार ग्रहण ले सकेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर की सभी व्यवस्थाएं दान के माध्यम से ही संचालित होती हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर में भक्त अपनी इच्छा व मनोकामना पूर्ण होने पर अपनी श्रद्धानुसार भगवान श्री महाकालेश्वर को वस्तु रुपये आदि भेंट स्वरूप अर्पित करते हैं। साथ ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षेत्र, गौशाला आदि में भी अपनी श्रद्धानुसार अन्न दान भी करते हैं।



# आम नहीं मिला तो बेटे ने ले ली पिता की जान

**जागरण, जैसीनगर।** आम खाने को लेकर हुए एक विवाद ने इतना उग्र रूप ले लिया कि बेटे ने अपने पिता को ही मौत के घाट उतार दिया। थाना पुलिस अंतर्गत गेहूंरास बुजुर्ग में कलयुगी बेटे ने अपने पिता के सिर में लाठी मार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक गेहूंरास बुजुर्ग गांव में बुधवार रात 8.30 बजे आरोपी रामबाबू यादव उम्र 35 साल खाना खाने बैठा था। इसी दौरान उसने अपने 6 साल के बेटे से आम खाने को मांगा। तभी आरोपी की मां ने कहा आम नहीं है। इसी बात से गुस्साए आरोपी रामबाबू ने अपने बेटे ऋषि राज से मारपीट करना शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए आरोपी के पिता हरिनारायण यादव उम्र 60 वर्ष को बेटे रामबाबू ने सिर में लाठी मार कर हत्या कर दी। चीख-पुकार की आवाज सुन गांव वाले मौके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपी भाग निकला लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी रामबाबू गांजा का नशा करता है। उसकी इन्हीं हरकतों की वजह से उसकी पत्नी एक साल पहले मायके चली गई है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

-315 79,801

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| IndusInd Bank | 837.50 | 3.22% |
| UltraTechCement | 12,188.00 | 1.76% |
| Grasim | 2,736.30 | 1.62% |
| Tata Motors | 671.00 | 1.28% |
| Dr Reddys Labs | 1,210.00 | 1.22% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| HUL | 2,423.80 | -4.06% |
| Bharti Airtel | 1,881.60 | -1.91% |
| Eicher Motors | 5,740.00 | -1.56% |
| ICICI Bank | 1,424.40 | -1.52% |
| Eternal | 239.24 | -1.20% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 85.26 |
| € यूरो | 97.07 |
| ¥ येन | 05.98 |
| £ पौंड | 113.43 |

# पहलगाम अटैक से 21,000 करोड़ दांव पर, बेपटरी हो सकती है कश्मीर की तरक्की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी अटैक ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि जहां हर साल लाखों पर्यटक अपनी फैमिली के साथ छुट्टियां मनाने और जिंदगी की कुछ खूबसूरत यादें जोड़ने जाते हैं, वहां कुछ ऐसा भी हो जाएगा। आतंकवादियों ने 26 लोगों को पहचान पूछकर मार डाला। जान गवांने वालों में ज्यादातर पर्यटक ही थे। किसी की हाल ही में शादी हुई थी, तो कोई पैसे जुटाकर अपने फैमिली के साथ उस डेस्टिनेशन पर खुशी के पल बिताने गया था, लेकिन उन्हें इन डरपोक आतंकवादियों के हमले का जरा भी इल्म नहीं था। इस घटना का आक्रोश जम्मू-कश्मीर से लेकर पूरे



देश में है। लोगों का गुस्सा पाकिस्तान पर फूट रहा है। सोशल मीडिया से पूरी दुनिया तक में पाकिस्तान की इस करतूत की थू-थू हो रही है।

### कई सेक्टर्स पर गहरा असर!

इस हमले का असर कश्मीर के सभी सेक्टर्स पर पड़ सकता है। खासकर पर्यटन पर ज्यादा प्रभाव दिखाई दे सकता है। वहां पर होटल, कंपनी खोलने और फल का व्यापार करने का इरादा रखने वाले निवेशकों का विश्वास हिल सकता है। इससे सालों की मेहनत के बाद वापस स्थिर हुई कश्मीर की आर्थिक प्रगति पटरी से उतर सकती है। इतना ही नहीं, कश्मीर के लोगों की इनकम पर भी गहरा असर दिखाई पड़ सकता है।

### तरक्की की पटरी पर था कश्मीर

इस आतंकी हमले से ये तो साफ है कि पाकिस्तान को इसका करारा जवाब मिलेगा, लेकिन धारा 370 हटने के बाद से जम्मू एंड कश्मीर में अमन और शांति लौट आई थी, उसपर ग्रहण लगाता हुआ नजर आ रहा है। जो टूरिज्म इंडस्ट्री वहां तेजी से फैल रही थी, अब उस इंडस्ट्री को बड़ झटका लगा है। लोगों के अंदर कश्मीर जाने को लेकर एक डर पैदा हो गया है।

### मजबूत हो रही था कश्मीर की इकोनॉमी

अभी तक जम्मू और कश्मीर की आर्थिक प्रगति मजबूत रही है। 2024-25 के लिए इसकी रीयल GSDP 7.06 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि नॉमिनल GSDP 2.65 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जो निरंतर तरक्की का संकेत है. 2019 और 2025 के बीच, केंद्र शासित प्रदेश ने 4.89 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की, जबकि प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 25 में 1,54,703 तक पहुंचने की उम्मीद थी, जो साल-दर-साल 10.6 प्रतिशत अधिक है। यह शानदार तरक्की ऐसे ही नहीं है, बल्कि 2018 में आतंकवादी घटनाओं की संख्या 228 से घटकर 2023 में सिर्फ 46 रह गई थी, जो 99 प्रतिशत की गिरावट है। यह अभी तक शांति का ही फायदा था, जिसने निवेश, पर्यटन का ध्यान कश्मीर की ओर खींचा।

### सबसे बड़ा नुकसान टूरिज्म को

इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान यहां के टूरिज्म को होगा। यह एक ऐसा सेक्टर है जो कश्मीर की GSDP में 7-8 प्रतिशत का योगदान देता है। इकोनॉमिक सर्वे और बजट दस्तावेजों में पर्यटन क्षेत्र के लिए कोई खास आंकड़ा नहीं दिया गया है, लेकिन GSDP 2.65 लाख करोड़ रुपये होने के कारण पर्यटन का सालाना मूल्य 18,500-21,200 करोड़ रुपये के बीच है। सरकार ने अगले 4-5 वर्षों में जीएसडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 15 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

### कश्मीर में चरम पर था पर्यटन

पहलगाम में आतंकी हमला ऐसे समय पर हुआ जब पर्यटकों का मौसम चरम पर था। इस हमले के कारण लोगों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। खासकर पूर्वी भारत से आने वाले, सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत पर्यटक पश्चिम बंगाल से आते हैं। 2020 में 34 लाख पर्यटक आए थे, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 2.36 करोड़ हुई थी, जिसमें 65,000 विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। 2025 की शुरुआत भी अच्छी रही थी। श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन में सिर्फ 26 दिनों में 8.14 लाख पर्यटक आए थे।

# अडानी की कंपनी को हुआ 647 करोड़ रु. का मुनाफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने चौथी तिमाही के अपने नतीजे जारी कर दिए हैं। चौथी तिमाही में अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के नेट प्रॉफिट में 79 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई और इसी के साथ कंपनी का नेट प्रॉफिट 647 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 361 करोड़ रुपये था। कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 6,375 करोड़ रुपये हो गया। आज कंपनी के शेयर 3 प्रतिशत तक चढ़कर 963 रुपये पर पहुंच गए थे। शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कंपनी ने कहा है कि समीक्षाधीन अवधि में उसका परिचालन से राजस्व साल-दर-साल 35 प्रतिशत बढ़कर 6,375 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने जनवरी-मार्च 2024 की अवधि में 2250 करोड़ रुपये का EBITDA दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1566 करोड़ रुपये था। इस बीच, मार्जिन में सुधार हुआ और यह 35.31 प्रतिशत हो गया। सेगमेंट के हिसाब से, समीक्षाधीन तिमाही में ट्रांसमिशन व्यवसाय से राजस्व बढ़कर 2247 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले यह 1647 करोड़ रुपये था।



### कंपनी का खर्च 5,411.60 करोड़ रुपये रहा

डिस्ट्रिब्यूशन कारोबार ने चौथी तिमाही में 2,907 करोड़ रुपये की हाई रेवेन्यू वृद्धि दर्ज की, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,395 करोड़ रुपये थी। ट्रेडिंग सेगमेंट से राजस्व पिछले वर्ष की तिमाही के 114 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 378 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी का खर्च 5,411.60 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 4,358.83 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उसका का शुद्ध लाभ 921 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,195.61 करोड़ रुपये से कम है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 24,446.55 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17,218.31 करोड़ रुपये थी। अडानी समूह की एईएसएल, विद्युत पारेषण, वितरण, स्मार्ट मीटर और कूलिंग समाधान में काम करती है।

## मेटा भारत में जल्द पेश करेगी एआई से लैस रे-बैन चश्मा

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा जल्द ही भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस रे-बैन-मेटा चश्मा पेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि यह चश्मा सेंसर का उपयोग करके नजर में आने वाली वस्तुओं का पता लगाता है और उनके बारे में बताता है, इंटरनेट के बिना भी तत्काल अनुवाद करने में मदद करता है, संगीत बजाता है और प्रश्नों के उत्तर ढूंढने समेत अन्य कार्य करता है। कंपनी ने ब्लॉग में कहा, जल्द ही, हम मेक्सिको, भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रे-बैन मेटा का चश्मा पेश करने जा रहे हैं। हम दुनिया भर में और अधिक लोगों को इस अभियान में शामिल करने के लिए उत्साहित हैं।

# 6 माह में 25 ग्राहक भी नहीं, फिर भी आयोनिक 5 ईवी का फेसलिफ्ट मॉडल लाने की तैयारी कर रही हुंडई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हुंडई मोटर इंडिया के पोर्टफोलियो में आयोनिक 5 लग्जरी इलेक्ट्रिक एसयूवी है। इस कार को कंपनी ने 2023 ऑटो एक्सपो में पेश किया था। हालांकि, भारतीय बाजार में अब इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की सेल्स का ग्राफ काफी गिर चुका है। मार्च में इसकी सिर्फ 19 यूनिट ही बिकीं। इतना ही नहीं, पिछले 6 महीने के दौरान किसी भी महीने इसे 25 ग्राहक नहीं मिले। ऐसे में अब कंपनी भारतीय बाजार में इसका फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने की योजना बना रहा है। देश के बाहर ग्लोबल मार्केट में आयोनिक 5 फेसलिफ्ट मार्च 2024 से बेचा जा रहा है। अब इसकी भारत में टेस्टिंग शुरू हो गई है। उम्मीद है कि इसमें कई कॉस्मेटिक चेंजेस के साथ 84kWh का बड़ा बैटरी पैक मिल सकता है। हुंडई आयोनिक 5 फेसलिफ्ट की स्पाई इमेज में नए डिजाइन किए गए पांच-स्पोक एलॉय व्हील्स की मौजूदगी दिखाई दे रही है। कुछ हाइलाइट्स में नए डिजाइन किए गए बंपर और पॉलिश किए गए वी-शेप गार्निश शामिल हैं। इसकी कुल लंबाई 4,655एमएम तक बढ़ जाती है, जो पहले से 20एमएम ज्यादा है। हालांकि, यह अपनी मूल चौड़ाई 1,890एमएम, ऊंचाई 1,605एमएम और व्हीलबेस 3,000एमएम को बरकरार रखती है। इस फेसलिफ्ट मॉडल में पीछे की तरफ, स्पॉइलर 50एमएम तक बढ़ गया है, जबकि री-डिजाइन किए गए पहिए बेहतर एयरोडायनामिक इफिसियंसी में योगदान देते हैं। मौजूदा ग्लोबल मॉडल के सेंटर कंसोल को बेहतर उपयोगिता के लिए फिर से तैयार किया गया है, जिसमें आगे की सीट हीटिंग और वेंटिलेशन, हीटेड स्टीयरिंग और पार्किंग असिस्ट जैसे प्रमुख कार्यों तक क्विक एक्सेस के लिए एक डेडिकेटेड फिडिकल बटन पैनल दिया है।


# लगातार 7 दिन की तेजी के बाद गिरा शेयर बाजार

**मुंबई, जेएनएन।** लगातार 7 दिन तेजी के बाद आज यानी गुरुवार, 24 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,247 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। इसके अलावा, जोमैटो, एयरटेल और ICICI बैंक के शेयर 1 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयर में 3.3 प्रतिशत की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही। एनएसई के निफ्टी रियल्टी और एमएमसीजी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.41 प्रतिशत तक की गिरावट रही। इसके अलावा, ऑटो, आईटी और बैंकिंग में भी मामूली गिरावट रही।

# नेस्ले इंडिया का लाभ 6.5% घटकर 873.46 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मैगी, नेस्कैफे जैसे उत्पाद बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6.5 प्रतिशत घटकर 873.46 करोड़ रुपए रहा।

नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 934.17 करोड़ रुपए था। नेस्ले इंडिया का उत्पादों की बिक्री से आय मार्च तिमाही में 3.67 प्रतिशत बढ़कर 5,447.64 करोड़ रुपए रही। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,254.43 करोड़ रुपए थी। कंपनी का मार्च तिमाही में कुल खर्च 4,307.76 करोड़ रुपए रहा।





नेस्ले इंडिया की घरेलू बिक्री 2024-25 की मार्च तिमाही में 4.24 प्रतिशत बढ़कर 5,234.98 करोड़ रुपए रही, जबकि इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 5,021.61 करोड़ रुपए थी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, इस तिमाही में पेय पदार्थ और कन्फेक्शनरी में दहाई अंक की वृद्धि हुई है... हमारी घरेलू बिक्री 5,235 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई, जो किसी भी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।

# मुकेश अंबानी ने की पहलगाम में घायलों के मुफ्त में इलाज की पेशकश

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों के लिए बृहस्पतिवार को मुफ्त इलाज की पेशकश की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंबानी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल में मुफ्त इलाज की पेशकश की जाएगी। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में लगभग 20 अन्य घायल हो गए हैं। अंबानी ने कहा, मैं रिलायंस परिवार के सभी सदस्यों के साथ 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए उन्होंने कहा, मुंबई में हमारा रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल सभी घायलों को मुफ्त उपचार प्रदान करेगा। अंबानी ने कहा कि आतंकवाद 'मानवता का दुश्मन' है। उन्होंने कहा, किसी को भी किसी भी तरह से इसका समर्थन नहीं करना चाहिए। हम आतंकवाद के खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में अपने प्रधानमंत्री, भारत सरकार और पूरे देश के साथ खड़े हैं।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### हर कार्रवाई को विपक्ष..

सिंधु जल समझौता स्थगित करने को पाकिस्तान ने सही कदम नहीं बताया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि यह पाबंदी सही नहीं है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि यह युद्ध जैसी स्थिति है और पाकिस्तान अपनी रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत से मसले हल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता केवल भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला नहीं है, इसमें दुनिया की तमाम संस्थाएं जुड़ी हुई हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर भीड़ ने जमकर हंगामा किया, कुछ लोगों ने गेट फांदने की भी कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाए।

### ईडी कोर्ट ने खारिज...

याचिकाओं का विरोध करते हुए अपने तर्क अदालत में रखे थे। कोर्ट ने इस केस में फरार प्यारेलाल केवट की उपस्थिति और आरोप पत्र को लेकर अगली सुनवाई 5 मई को तय की है। कोर्ट में सौरभ की तरफ से अधिवक्ता दीपेश जोशी ने कोर्ट को बताया कि उसके खिलाफ ईडी के पास अब तक कोई सबूत नहीं है। सौरभ ने दुबई का वीजा लेने के लिए जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी के ब्रोशर का इस्तेमाल किया था, उसी को आधार बनाकर सौरभ को दुबई में 150 करोड़ के आलीशान विला का मालिक बताया जा रहा है।

### मॉक ड्रिल के 7 दिन ...

बजे तक भी फैक्ट्री परिसर के अंदर से लगातार धुआं उठ रहा था। आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर के अंदर रह रहकर धमाके होते रहे। लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में फैक्ट्री ऑयल टैंक रखे हुए होते हैं। संभवतः उनमें आग लगने के चलते ही धमाके हुए हैं। हालांकि जागरण से बातचीत में भेल के अधिकारियों ने इससे इंकार किया। अधिकारियों के मुताबिक आग वेस्ट मटेरियल में लगी है, जिसके चलते बार बार धमाके होते रहे। यह वेस्ट मटेरियल वृक्षारोपण क्षेत्र के बीच सुनसान इलाके में स्थित है। इसलिए आग भड़कने के बाद प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में सूखी घास पत्तियों के चलते आग तेजी से भड़की। आगजनी की घटना वृक्षारोपण क्षेत्र में हुई और किसी भी व्यक्ति, मशीन या संपत्ति को इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है। बाद में भेल प्रबंधन से सूचना मिलने के बाद नगर निगम की दमकलें भी मौके की ओर रवाना हुईं, लेकिन तब तक सीआईएसएफ की टीम ने काफी हद तक आग का फैलाव रोक लिया था। एक घंटे बाद एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**अर्थांक**

| | |
|---|---|
| तारा | 690-5, 133-7 |
| दिन | 299-0, 459-8 |
| ताराना | 390-2, 199-9 |
| रात | 289-9, 360-9 |

## सोना 201 रु.महंगा होकर 96,286 पर आया

**मुंबई, जेएनएन।** आज यानी 24 अप्रैल को सोने और चांदी में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 201 महंगा होकर 96,286 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,085 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,021 बढ़कर 97,634 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 96,613 प्रति किलो था। वहीं सोने ने 21 अप्रैल को 1 लाख का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।


**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"क्याकिंग-कैनोइंग, सलालम, बोट्स एवं उपकरण/सामग्री प्रदाय हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/119773/2025 संचालक

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा**
जिला-नर्मदापुरम म.प्र.

क्र./ मंडी/निर्माण/25-26/184 बानापुरा, दिनांक 23.04.2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2025_MPSAM_418687_1 के अन्तर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 23-05-2025 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल https://mpmandiboard.in पर भी अवलोकनीय होगी ।
**नोटः-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा
जिला नर्मदापुरम

**नगर पालिक निगम, इन्दौर**
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय)
संधारण खंड क्रमांक-2, नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर
E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846

निविदा सूचना क्रमांक: 04/2025-26/नर्मदा.परि/न.पा.नि. इन्दौर, दिनांक: 22.04.2025

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD |
|---|---|---|---|---|
| 01 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_1 | झोन क्रमांक-19 वार्ड क्रमांक-50 क्षेत्र अंतर्गत चौहान नगर में 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹5,06,258/- | 1) ₹10,125/- 2) ₹2,000/- |
| 02 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_2 | झोन क्रमांक-15 वार्ड क्रमांक-83 अंतर्गत द्रविड नगर टंकी अन्नपूर्णा के अनुसार 2 नग 400 एवं 500 एम.एम. व्यास के स्लूस वाल्व प्रदाय कर लगाने के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 01 माह 2) ₹7,39,067/- | 1) ₹14,781/- 2) ₹2,000/- |
| 03 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_3 | झोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-66 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पूर्व से खनित शासकीय नलकूपों पर ब्रिक मेसनरी चैम्बर सुधार एवं निर्माण मय ढक्कन स्थापित करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 02 माह 2) ₹6,40,823/- | 1) ₹12,816/- 2) ₹2,000/- |
| 04 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_4 | झोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-65 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पूर्व से खनित शासकीय नलकूपों पर ब्रिक मेसनरी चैम्बर सुधार एवं निर्माण मय ढक्कन स्थापित करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 02 माह 2) ₹4,24,066/- | 1) ₹8,481/- 2) ₹2,000/- |
| 05 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_5 | झोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-48 क्षेत्र अंतर्गत माता चौक, पारसी मोहल्ला, साई बाबा मंदिर, चांदनी चौक, 12 पत्थर एवं अन्य स्थानों में 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹6,48,631/- | 1) ₹12,973/- 2) ₹2,000/- |
| 06 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_418498_6 | झोन क्रमांक-04 वार्ड क्रमांक-11 अंतर्गत भागीरथपुरा मे टोपी वाला चौराहे से रफेली चौराहे तक 500 एम.एम. व्यास की एम.एस. एवं 315 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 04 माह 2) ₹95,68,535/- | 1) ₹95,685/- 2) ₹2,000/- |
| 07 चतुर्थ आमंत्रण | 2025_UAD_418498_7 | झोन क्रमांक-02 वार्ड क्रमांक-06 क्षेत्र अंतर्गत राज मोहल्ला टंकी से इंद्रा नगर एवं राम नगर तक 400 डी.आई. एवं 110,160,200,250 एवं 315 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 08 माह 2) ₹1,19,29,375/- | 1) ₹1,19,294/- 2) ₹12,500/- |
| 08 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_418498_8 | झोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-07 अंतर्गत दुधा धारी का बगीचा एवं झोन क्रमांक-20 वार्ड क्रमांक-8 के अंतर्गत हुसैनी चोक जुना रिसाला की गलियों मे 110, 160 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 04 माह 2) ₹67,16,492/- | 1) ₹67,165/- 2) ₹10,000/- |
| 09 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_418498_9 | झोन क्रमांक-01 वार्ड क्रमांक-10 के अंतर्गत धोबी मोहल्ला, सत्यसांई बाग कॉलोनी, बाणगंगा गली नं. 2, महिला आश्रम गणेश मंदिर के पास मे एवं अन्य स्थानों पर 110 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹6,24,103/- | 1) ₹12,482/- 2) ₹2,000/- |
| 10 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_418498_10 | झोन क्रमांक-22 वार्ड क्रमांक-36 अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों मे एच.डी.पी.ई. पानी की टंकी स्थापित कर एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 02 माह 2) ₹9,82,670 | 1) ₹19,653/- 2) ₹2,000/- |
| 11 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_11 | झोन क्रमांक-19 वार्ड क्रमांक-53 क्षेत्र अंतर्गत चटनी गली, कोहिनूर नगर, कुएँ वाली गली, नई बस्ती में 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹10,33,942/- | 1) ₹20,679/- 2) ₹2,000/- |
| 12 प्रथम् आमंत्रण | 2025_UAD_418498_12 | झोन क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-48 क्षेत्र अंतर्गत संस्कार होस्टल, लालाराम नगर, डॉ. राहिल भाटी, एम.पी.ई.बी. पॉवर हाउस, मयंक हॉस्पिटल के पीछे 110 एवं 160 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹11,46,213/- | 1) ₹22,924/- 2) ₹2,000/- |

नोट:
01. * निविदा सरल क्रमांक 01 से 09 पर अंकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय कर जमा कराने की अंतिम दिनांक 06.05.2025 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है।
* निविदा सरल क्रमांक 10 से 11 पर अंकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय कर जमा कराने की अंतिम दिनांक 23.05.2025 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है।
02. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं प्रपत्र की समस्त शर्ते बंधनकारी होगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईड पर देखी जा सकती है।
03. निविदा सूचना मे कोई भी संशोधन समाचार पत्रों मे न दिये जाकर वेबसाईट पर जारी किये जायेगे। जिसकी सूचना अलग से नही दी जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
(जलप्रदाय)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.673 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.625 |
| हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.361 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 392 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| सूर्यकुमार यादव(मुंबई ) | 373 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |

## बाउंड्री मीटर



708 छक्के
1271 चौके
84 अर्धशतक

रोहित शर्मा टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 8वें खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने टी-20 में कुल 12058 रन बनाए हैं। क्रिस गेल 14562 रनों के साथ पहले नंबर पर हैं।

## मैच-42 : बेंगलुरु की 11 रन से जीत, राजस्थान ने लगातार 5वां मैच गंवाया

# विराट-जोश ने दिलाई घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स को पहली जीत

**बेंगलुरु, जेएनएन।** आईपीएल-2025 में गुरुवार की शाम भी राजस्थान रॉयल्स के लिए अलग नहीं रही और वे एक बार फिर हाथ में आया मैच गंवा बैठे। जोश हेजलवुड के चार झटकों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान को 11 रन से शिकस्त देकर इस सीजन चिन्नास्वामी में पहली जीत हासिल कर ली। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। राजस्थान की यह लगातार पांचवीं हार थी। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70) और देवदत्त पडिक्कल (50) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49), नीतिश राणा (28), रियान पराग (22) और वैभव सूर्यवंशी (16) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। पर हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर पर 22 रन जुटाए, जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके, जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर का विकेट झटका, जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया।



प्लेयर ऑफ द मैच
हेजलवुड : 33 रन देकर चार विकेट

- कोहली ने आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक लगाया। कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर ने 61 बार 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं।
- कोहली टी-20 में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 110 बार 50+ स्कोर बनाया। कोहली ने 111 बार 50 से ज्यादा रन बनाए।

## स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 205/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का. हेटमायर बो. हसरंगा | 26 | 33 | 4 | 0 |
| विराट का. राणा बो. आर्चर | 70 | 42 | 8 | 2 |
| पडिक्कल का. राणा बो. संदीप | 50 | 27 | 4 | 3 |
| टिम डेविड रनआउट | 23 | 15 | 2 | 1 |
| पाटीदार का. जुरेल बो. संदीप | 1 | 3 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 20 | 10 | 4 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 205 रन, **विकेट पतन :** 1-61, 2-156, 3-161, 4-163, 5-205, **गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-33-1, फारूकी 3-0-30-0, देशपांडे 2-0-36-0, संदीप 4-0-45-2, वानिंदु हसरंगा 4-0-30-1, रियान पराग 3-0-30-0.

**राजस्थान रॉयल्स : 194/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. शेफर्ड बो. हेजलवुड | 49 | 19 | 7 | 3 |
| वैभव सूर्यवंशी बो. भुवनेश्वर | 16 | 12 | 0 | 2 |
| नीतीश का. भुवनेश्वर बो. कुणाल | 28 | 22 | 3 | 1 |
| पराग का. जितेश बो. कुणाल | 22 | 10 | 2 | 2 |
| जुरेल का. जितेश बो. हेजलवुड | 47 | 34 | 3 | 3 |
| हेटमायर का. जितेश बो. हेजलवुड | 11 | 8 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे का. सॉल्ट बो. दयाल | 12 | 7 | 1 | 1 |
| आर्चर का. रजत बो. हेजलवुड | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वानिंदु हसरंगा रनआउट | 1 | 3 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 5, **कुल :** 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन, **विकेट पतन :** 1-52, 2-72, 3-110, 4-134, 5-162, 6-189, 7-189, 8-189, 9-191, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-50-1, दयाल 3-0-33-1, हेजलवुड 4-0-33-4, शेफर्ड 1-0-15-0, सुयश 4-0-31-0, कुणाल 4-0-31-2.

## मैच-43 : दोनों टीमों को तीसरी जीत की तलाश

# चेन्नई-हैदराबाद के बीच प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने की जंग

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को आईपीएल के 43वें मुकाबल में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है, तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे। हैदराबाद की टीम ने आज तक सीएसके के घरेलू मैदान चेपॉक पर कोई मैच नहीं जीता है। सिर्फ यही नहीं, सीएसके के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी काफी खराब रहा है। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच कुल 21 मुकाबले खेले गए हैं, जहां 15 जीत सीएसके की झोली में गिरी है और सिर्फ छह परिणाम हैदराबाद की तरफ गए हैं। हालांकि, यह सीजन ऐसा रहा है, जहां आरसीबी की टीम ने 17 सालों के बाद सीएसके को उनके घर पर हराया, वहीं दिल्ली की टीम ने 15 सालों के बाद सीएसके को उनके घर पर मात दी। चेपॉक पर स्पिनर्स ने इस साल 50 में से 27 विकेट लिए हैं, लेकिन सीएसके अभी तक घरेलू परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाया है।



### इशान-रेड्डी को फॉर्म की तलाश

इस सीजन में इशान किशन और नीतीश रेड्डी की फॉर्म हैदराबाद के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बनती जा रही है। किशन ने राजस्थान के खिलाफ पहले ही मुकाबले में 106 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। उसके बाद के सात मैचों में वह पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं और सिर्फ 33 रन बनाए हैं। दूसरी ओर नीतीश का ग्राफ भी इस सीजन में लगातार नीचे गिरा है। 2024 में उन्होंने 143 की स्ट्राइक रेट और 33.7 की औसत से रन बनाए थे, जबकि 2025 में उनका औसत गिरकर 19 और स्ट्राइक रेट 110 रह गया है। सबसे बड़ी गिरावट उनके स्पिन के खिलाफ प्रदर्शन में देखी गई है। पिछले सीजन में स्पिन के खिलाफ उनका औसत 52.3 और स्ट्राइक रेट 181 था, लेकिन इस बार वह औसत 18 और स्ट्राइक रेट 110 तक सिमट गया है, साथ ही हर एक सिक्सर लगाने में उन्हें लगभग 10 गेंदें लग रही हैं।

### हैदराबाद के स्पिनर्स नाकाम

हैदराबाद की चिंता इस सीजन में उनकी स्पिन गेंदबाजी रही है। आईपीएल 2025 में हैदराबाद के स्पिनरों ने अब तक सिर्फ 8 विकेट लिए हैं, जो सभी टीमों में सबसे कम है। जबकि बाकी सभी टीमों के स्पिन यूनिट्स कम से कम 16 विकेट ले चुके हैं। यही नहीं, हैदराबाद के स्पिनरों की इकॉनॉमी भी सबसे ज्यादा है (10.2) और हर विकेट के लिए औसतन 52.1 रन लुटा रहे हैं। हैदराबाद की तरफ से जिशान को लीड स्पिनर के तौर पर लगातार मौके मिले हैं, लेकिन 6 पारियों में सिर्फ 5 विकेट और 9.7 की इकॉनॉमी उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाते हैं।

## खेल एक नजर

### नीरज चोपड़ा क्लासिक में जापानी डीन और श्रीलंकाई पथिरेज शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) चैंपियनशिप के पहले चरण में हिस्सा लेने वाले विदेशी सितारों में शामिल होंगे। 33 वर्षीय डीन ने चोपड़ा और किशोर जेना से पीछे रहते हुए 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.28 मीटर है, जो उन्होंने 2012 में हासिल किया था। टूर्नामेंट के आयोजक जेएसडब्ल्यू ने कहा कि डीन एशियाई सर्किट के मजबूत खिलाड़ी हैं, जो शीर्ष-10 विश्व रैंकिंग पर हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर का है। श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 22 वर्षीय ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ ट्रैक क्लासिक में 85.41 मीटर थ्रो के साथ फिर से 85 मीटर का थ्रो पार किया।



### एशियाई मुक्केबाजी में पांच और भारतीय सेमीफाइनल में

**अम्मान (जोर्डन), जेएनएन।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर-15 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी। छह भारतीय पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

# मोनफिल्स मैड्रिड में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, सिना भी जीते

## इटली के युवा सिना की दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत

**मैड्रिड, जेएनएन।** इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की, जबकि गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 38 साल के मोनफिल्स ने क्वालिफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।



### सुपरमॉम का दिखा जलवा

महिला वर्ग में पिछले अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटीं बेलिंडा बेनसिक ने अपनी बेटी बेला के पहले जन्मदिन पर जेनेप सोनमेज को 6-0, 6-2 से हराया। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन और इस साल फरवरी में मातृत्व अवकाश से वापसी करने वाली पेट्रा क्वितोवा सीधे सेटों में केटी वोलिनेट्स से 6-4, 6-0 से हार गईं। वर्ष 2022 के आखिर में मां बनने वाली अनास्तासिजा सेवस्तोवा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-4, 7-5 से हराया। एम्मा राडुकानु ने सुजान लैमेंस को 7-6 (4), 6-4 से पराजित किया। अमेरिकी एलिसिया पार्क और बर्नार्डा पेरा सीधे सेटों में आगे बढ़ीं। पेरा ने जाना फेट को 6-4, 6-3 से, जबकि पार्क ने विक्टोरिया जिमेनेज कासिंत्सेवा को 6-3, 6-3 से हराया।



# गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करें खेल महासंघ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को खिलाड़ियों पर से फोकस हटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने महासंघों से भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी का दावा सफल रहने के लिए गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करने की अपील की। डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट का पहला सेट लांच करने के मौके पर खेलमंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों से जुड़े मसलों पर बेबाक राय रखी। डिजिलॉकर दस्तावेजों और सर्टिफिकेट के संग्रहण का क्लाउड आधारित प्लेटफॉर्म है, जिससे दस्तावेजों को साझा करना और प्रमाणित करना आसान हो जाएगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे एनएसएफ में दखल देना पसंद नहीं है, लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि खिलाड़ियों पर फोकस की सरकार की नीति से भटकने की उन्हें अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने विभिन्न महासंघों के कई गुटों से बात की है और मैंने उनसे इस पर काम करने के लिए कहा है, ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो। उन्होंने कहा कि आपको खिलाड़ियों का ध्यान रखना है और गुटबाजी होने पर उन्हें नुकसान होता है। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। एनएसएफ को जिम्मेदार होना होगा। मांडविया का इशारा संभवतः मुक्केबाजी, फुटबॉल, कुश्ती और घुड़सवारी जैसे खेलों के महासंघों की ओर था, जिनकी अंतर्कलह अंतरराष्ट्रीय महासंघों और अदालत तक पहुंच गई है।



## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और जमशेदपुर एफसी सुपर कप क्वार्टर फाइनल में

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** मोरक्को के स्ट्राइकर अलादीन अजराय की शानदार हैट्रिक की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 6-0 से हराकर गुरुवार को कलिंगा सुपर कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इंडियन सुपर लीग के सबसे च्यादा गोल करने वाले अजराय ने 18वें, 57वें और 90+2वें मिनट में गोल किए। जिथिन एमएस (तीसरे), नेस्टर एल्बियाच रोजर (42वें) और गिलर्मो फर्नांडीज हिएरो (66वें) ने भी एकतरफा मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए गोल दागे। दिन के एक अन्य मैच में जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 2-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

## जिम्बाब्वे से टेस्ट में हार के बाद बांग्लादेश टीम में कई बदलाव

**ढाका, जेएनएन।** जिम्बाब्वे से पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अनामुल हक को दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में वापस बुलाया है। बांग्लादेश ने 28 अप्रैल से जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में दो बदलाव किए हैं। दूसरे टेस्ट मैच के लिए अनकैप्ड बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम को अनामुल के साथ टीम में जगह दी गई है, जबकि सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और तेज गेंदबाज नाहिद राणा को टीम से बाहर कर दिया गया है।

# अटल को हराकर आरसीसी बनीं चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अटल अकादमी को सात विकेट से हराकर प्लेट ग्रुप में खिताब जीता।

एलीट ग्रुप के सेमीफाइनल में यूसीसीए ने आरजीसीए को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अटल क्रिकेट अकादमी 36.3 ओवर में 182 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए नितांत ने 45 और आरुष ने 42 रन रन बनाए। आरसीसी क्रिकेट अकादमी के अली नकवी ने 8 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। समर को 2 सफलता मिली।

जवाब में आरसीसी ने 37 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विमलेश ने नाबाद 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उमेद ने 38 और मोहम्मद अली खान ने नाबाद 31 रन बनाए। अटल क्रिकेट अकादमी के गौतम और तनय ने 1-1 विकेट चटकाए। अली नकवी और विमलेश को सयुंक्त मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेंचुरियन क्रिकेट ग्राउंड पर यूसीसीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में आरजीसीए 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 89 रन ही बना सकी।



# सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में होंगी प्रज्ञानानंदा पर सबकी निगाहें

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे, जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं, जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। स्पीड शतरंज में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा। अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स जीतने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके कारण आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड स्पॉट देने का प्रस्ताव दिया था। लेवोन अरोनियन और वेसलिन टोपालोव दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि वे युवाओं के लिए गंभीर चुनौती पेश करेंगे। पोलैंड के डूडा जान क्रिफ्जोफ और फिरोजा प्रमुख दावेदार हो सकते हैं, लेकिन वे प्रज्ञानानंदा की मजबूती जानते हैं।



# यश की तूफानी पारी से जीती सुपर किंग्स अली हमीदिया ने अयाज एकादश को हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच यश जांगिड़ (22 गेंद में 45 रन) की तूफानी पारी की बदौलत वेदांत सुपर किंग्स ने वीसीपीएल टी-20 टूर्नामेंट में गोल्डन टाइगर्स को चार विकेट से हराया। वहीं अन्य मुकाबले में अली हमीदिया ने अयाज-11 को 9 विकेट से हराया। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर गोल्डन टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाए। रिजवान ने 43, कप्तान नितेश पालीया ने 35 रन का योगदान दिया। वेदांत सुपर किंग्स के सौरभ राजपूत ने 3 विकेट झटके। उदय मिश्रा और शिखर नवल को 2-2 सफलता मिली। जवाब में सुपर किंग्स ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। अभय सिंह ने 46, यश जांगिड़ ने 45 और फैजल खान ने 40 रन बनाए। गोल्डन टाइगर्स शिखर ने दो विकेट झटके। अयाज एकादश 19 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। सोहैल मसूद ने 30 और शहाब खान ने 24 रन का योगदान दिया। अली हमीदिया के दीपक मलवीया ने 3, जबकि आरपी और अमीदुद्दीन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अली हमीदिया ने अभिषेक गिरी (59) और कप्तान देवेंद्र नायक (नाबाद 35) की पारियों की बदौलत 10.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



# मप्र के समरदीप ने जीता गोल्ड मेडल

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के समरदीप सिंह ने 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शॉटपुट में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता केरल के कोच्चि में आयोजित की गई। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर समरदीप ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 के लिए क्वालिफाई किया। यह चैंपियनशिप 27 से 31 मई 2025 तक दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित की जाएगी।



# वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, पहले दिन हुई ड्रैगन बोट रेस

**भोपाल, खेप्र।** राजधानी के छोटे तालाब पर 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला-पुरुष व सब जूनियर प्रतियोगिता, 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा केनो प्रतियोगिता एक साथ आयोजित की जा रही है। मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 1300 से अधिक खिलाड़ी तथा 40 तकनीकी अधिकारी हिस्सा ले रहे है। पहले दिन ड्रैगन बोट की 2000 मीटर रेस हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





खिलाड़ियों ने पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी, जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े को 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। उन्हें दलील के साथ दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट और निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा भी देना है। गौरतलब है कि 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गुजरात सरकार ने इस मामले में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

### कांग्रेस नेता महेश शर्मा को ईडी ने किया गिरफ्तार

**जयपुर, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महेश जोशी को जल जीवन मिशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। ईडी कार्यालय में दिनभर की पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने घोटाले से संबंधित दस्तावेज उन्हें दिखाए और विस्तृत जवाब मांगे गए। जानकारी के अनुसार, महेश जोशी को ईडी ने कई बार समन जारी किया था, लेकिन वह व्यक्तिगत कारणों से पूछताछ में शामिल नहीं हो सके थे। गुरुवार को जोशी अपने निजी सहायक के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे, जहां अधिकारियों ने उनसे कथित घोटाले के विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की। यह मामला केंद्र सरकार की 'हर घर जल' योजना के तहत चल रहे जल जीवन मिशन से जुड़ा है। 2021 में श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी और श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के ठेकेदारों ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर करोड़ों के टेंडर हासिल किए थे। जांच में सामने आया कि कंपनी ने 68 निविदाओं में भाग लिया, जिनमें से 31 टेंडर जीतकर कंपनी ने 859.2 करोड़ रुपए के अनुबंध हासिल किए। वहीं, श्री श्याम ट्यूबवेल ने 169 निविदाओं में हिस्सा लिया और 73 में एल-1 चयनित हुई।

### गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल



आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था-आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकीभरा मेल आया था। तब वे पूर्वी दिल्ली से सांसद थे। गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और इसका करारा जवाब देने की मांग की थी। गंभीर ने एक्स पर लिखा था कि मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कीमत चुकानी पड़ेगी। गंभीर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से टीम इंडिया के हेड कोच हैं। इससे पहले वह आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर के साथ जुड़े हुए थे। गंभीर की अगुआई में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों का पलायन, पर्यटन उद्योग को लगा गहरा झटका

# चंद पलों में वीरानी में बदली पहलगाम की रौनक

### उधमपुर में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन, सेना का जवान शहीद

**पहलगाम, जेएनएन।** पहलगाम में आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन उद्योग की जड़ें हिला दी हैं, जो हाल ही में महामारी के बाद पटरी पर लौटने लगा था। हमले के बाद बुधवार को पाहलगाम के होटलों से पर्यटकों का पलायन शुरू हो गया। वे होटल जो सप्ताहांत के लिए पूरी तरह बुक थे, अब खाली पड़े हैं। रेस्टोरेंट्स जहां कल तक चहल-पहल थी, आज सन्नाटा पसरा है। बुकिंग्स रद्द हो रही हैं और स्थानीय व्यवसायी सकते में हैं।

उधर, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है। आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। साथ ही जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध हमला करने का मौका तलाश रहे थे।




### यूएस की सलाहः अमेरिकी न जाएं जम्मू-कश्मीर

गुरुवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका ने इस एडवाइजरी में नागरिकों को जम्मू-कश्मीर ना जाने की सलाह दी है। एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों को पहलगाम समेत कश्मीर घाटी से दूर रहने के साथ-साथ स्थानीय मीडिया पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एडवाइजरी में कहा गया है, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है।

### सुप्रीम कोर्ट में सैलानियों की सुरक्षा पर एक और याचिका

पहलगाम हमले के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक और जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में देश के सभी पर्यटन स्थलों की सुनिश्चित सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। इस याचिका पर इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने पहलगाम में हमले का जिक्र करते हुए दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सटीक कदम उठाए जाने की मांग की गई है।

### भारत में रिलीज नहीं होगी फवाद की 'अबीर गुलाल'

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की बॉलीवुड कमबैक फिल्म 'अबीर गुलाल' अब 9 मई को रिलीज नहीं होगी। फिल्म में फवाद के साथ वाणी कपूर लीड रोल में हैं। पुलवामा हमले के बाद पहली बार किसी पाकिस्तानी कलाकार की फिल्म भारत में रिलीज हो रही थी। उरी और पुलवामा हमले के बाद भारत में पाक कलाकारों पर बैन लगा दिया था। दोनों बार बैन हटा लिया गया था। अब थिएटर मालिक 'अबीर गुलाल' की स्क्रीनिंग के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने अपने फैसले की जानकारी मेकर्स को दे दी है।

### पाक सरकार की वेबसाइट और एक्स अकाउंट ब्लॉक

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट की देश में पहुंच रोक दी है। पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे। हालांकि पाकिस्तान और भारत के बाहर अन्य देशों में यह अकाउंट एक्टिव दिखेगा। एक्स हैंडल के अलावा पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक वेबसाइट को भी भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में https://pakistan.gov.pk/ को एक्सेस नहीं किया जा सकता है।

### पार्थिव शरीर घर लौटे, पूरे देश में शोक और आक्रोश

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के पार्थिव शरीर जब उनके घर लौटे, तो महज मातम नहीं, बल्कि पूरे देश में न्याय और जवाबदेही की मांग भी गूंज उठी। यह हमला सिर्फ कुछ परिवारों की नहीं, पूरे देश की त्रासदी बन गया। रांची पहुंचे आईबी अधिकारी मनीष रंजन को श्रद्धांजलि के बाद पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के गांव ले जाया गया। अरुणाचल प्रदेश के वायुसेना कर्मी कॉर्पोरल टेज हैलियांग की पार्थिव देह गुवाहाटी पहुंची। गुजरात से गए यतीश परमार और उनके बेटे स्मित की पार्थिव देह अहमदाबाद पहुंची, तो वहां श्रद्धांजलि दी। सूरत निवासी सुरेश कलाठिया की पार्थिव देह उनके परिवार के साथ मुंबई से सूरत लाई गई।

## नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी विकास को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में 25 साल की जेल की सजा काट रहे विकास यादव को उसकी बीमार मां से मिलने के लिए गुरुवार को आठ मई तक अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने विकास को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। इनमें उसे गाजियाबाद स्थित अपने घर में ही रहना होगा। वह नीतीश कटारा की मां नीलम कटारा समेत किसी भी गवाह से संपर्क नहीं कर सकता। उसे एक लाख रुपए का बेल बॉन्ड और उतनी ही राशि की एक जमानत देनी होगी।

विकास यादव उप्र के नेता डीपी यादव का बेटा है। इस केस में उसका चचेरा भाई विशाल यादव भी दोषी पाया गया है। दोनों को व्यवसायी नीतीश कटारा के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया गया था। इस हत्या का कारण बताया गया कि नीतीश कटारा और भर्तरी यादव (विकास की बहन) के



बीच रिश्ते थे। यादव परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था, क्योंकि दोनों अलग-अलग जातियों से आते थे। मामले में एक और दोषी सुखदेव पहलवान को 20 साल की सजा सुनाई गई थी, जिसमें किसी भी तरह की छूट नहीं दी गई। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने विकास और विशाल को बिना किसी छूट के 30 साल की सजा तय की थी। दिल्ली जेल प्रशासन ने भी पिछले साल विकास यादव की छूट की अर्जी खारिज कर दी थी, क्योंकि जेल में उसका व्यवहार संतोषजनक नहीं पाया गया।

### चार मई को फिर होगी महागठबंधन की बैठक

## विपक्ष ने उठाए इंटेलिजेंस चूक पर सवाल

**पटना, जेएनएन।** सदाकत आश्रम में गुरुवार को महागठबंधन की दूसरी बैठक हुई। बैठक के बाद महागठबंधन ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 4 मई को महागठबंधन की सभी पार्टियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। वहीं तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के नेताओं नें पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। तेजस्वी ने बताया कि 25 अप्रैल को शाम 7 बजे से कैंडल मार्च होगा। इसके अलावा कांग्रेस ने भी 25 अप्रैल को देश भर कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की है। इसमें गठबंधन के सभी लोग शामिल होंगे। पटना में मार्च इनकम टैक्स से डॉकबंगला तक होगा। यादव ने कहा कि पहलगाम में नेवी के लेफ्टिनेंट घटना के बाद डेढ़ घंटे तक तड़पते रहे, लेकिन उनकी सुध नहीं ली गई। यह इंटेलिजेंस फेलियर था और किसी न किसी को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



### घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा?


तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया कि पुलवामा कांड का आज तक क्या हुआ। देश का हर एक नागरिक जानना चाहता है कि पुलवामा कांड किसका फेलियर था। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा बिहार के श्रमिकों की हत्या की घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरहद पार से आतंकी देश में आ रहे हैं, यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है और बहुत बड़ा सिक्योरिटी लैप्स है। इन घटनाओं की प्लानिंग, कब कैसे हो रही थी।

### पुलवामा पर अब तक क्यों नहीं आई रिपोर्ट

तेजस्वी ने कहा कि आज पूरा विपक्ष एकजुट है और हम आतंकवाद का खात्मा चाहते हैं। भारत सरकार को बताना चाहिए कि आतंकवादी कैसे सफल हो गए। पीएम के बयान पर तेजस्वी ने प्रतिक्रिया दी कि 2014 से अब तक क्या हुआ, कई लोग मारे गए और कई जवान शहीद हो गए हैं। पुलवामा पर जांच रिपोर्ट क्यों नहीं आई। सीएम नीतीश कुमार के राजद के साथ जाने पर दिए गए बयान पर तेजस्वी ने कहा, हमें उन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी, उनकी मनोदशा सबको पता है। सीएम फेस के चेहरे पर पूछे गए सवाल को तेजस्वी यादव फिर से टाल गए। उन्होंने कहा, महागठबंधन में जो सीएम फेस होगा वह बाद में भी रहेगा, लेकिन एनडीए में तय नहीं है कि कौन होगा।

## 30 सालों से फरार खालिस्तानी आतंकी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**लखनऊ।** उप्र एटीएस ने बुधवार देर रात प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के आतंकी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार किया है। उस पर 25,000 रुपए का इनाम था। नोएडा यूनिट और गाजियाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। मूलरूप से पंजाब के अमृतसर के मझीटा निवासी मंगत सिंह का भाई संगत सिंह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) का प्रमुख था। संगत सिंह को 1990 में पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। मंगत सिंह भी इस संगठन का सक्रिय सदस्य था।







23-5


## रूस का कीव पर 9 माह का सबसे बड़ा मिसाइल हमला

**कीव, जेएनएन।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने एक बार फिर खतरनाक मोड़ ले लिया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बीते 9 महीनों का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया। हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, 42 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें 6 बच्चे भी शामिल हैं। कई लोग अब भी मलबे में दबे हुए हैं और उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने इस हमले में 70 मिसाइल और 145 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इनका मुख्य निशाना कीव और उसके आस-पास के इलाके थे। हमला इतना भीषण था कि राजधानी कीव में 13 अलग-अलग स्थानों को टारगेट किया गया, जिनमें रिहायशी इमारतें और सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के एविएशन, मिसाइल, स्पेस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बख्तरबंद उद्योग और रॉकेट फ्यूल निर्माण केंद्रों को निशाना बनाया। मंत्रालय ने दावा किया कि सभी तय लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हिट किया गया और हमले का उद्देश्य पूरा हो गया है। इस हमले के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस की निंदा हो रही है और यूक्रेन के प्रति समर्थन की आवाजें तेज हुई है।

### जुलाई 2024 में मारे गए थे 33 लोग

राज्य आपातकालीन सेवा ने टेलीग्राम पर बताया कि वे मलबे के नीचे दबे लोगों को खोजने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जुलाई 2024 के बाद यह सबसे बड़ा हमला है, जिसमें पहले एक अस्पताल और कई रिहायशी ठिकानों पर हमला कर 33 लोगों की जान गई थी। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने इन हमलों को शांति प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि रूस की यह कार्रवाई दर्शाती है कि वह संघर्ष समाप्त नहीं करना चाहता। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले में 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

### 3 राज्यों की सीमा पर सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान

## छत्तीसगढ़ में एंटी-नक्सल ऑपरेशन, 1000 को घेरा

**20 हजार से अधिक जवान छान रहे जंगल**

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र की सीमा से सटे क्षेत्रों में चलाया जा रहा है, जिसमें करीब 20 हजार से अधिक जवान शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभियान है। ऑपरेशन का मुख्य केंद्र तेलंगाना और छग सीमा पर स्थित करेंगट्टा की पहाड़ी है। सुरक्षा बलों ने इस पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया है। खुफिया जानकारी के अनुसार, यहां माओवादी संगठन के कई शीर्ष नेता और कैडर जैसे हिड़मा, करेंगट्टा, नडपल्ली, दामोदर, देवा, डीवीसीएम, एसीएम और डीकेएसजेडसीएम के सदस्य मौजूद हैं। अनुमान है कि यहां करीब 1000 से अधिक नक्सली छिपे हुए हैं। करीब 30 घंटे पहले से ही ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी, जो तडके सुबह 4 बजे शुरू हुई, जिसमें सुरक्षा बलों को अब तक बड़ी सफलता मिली है। 5 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑपरेशन के दौरान ड्रोन और सैटेलाइट की मदद से इलाके पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हल्की सी मूवमेंट पर भी फोर्स अलर्ट है, और एनकाउंटर की पूरी संभावना बनी हुई है।



### 100 से अधिक आईईडी बरामद


सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, नक्सली आईईडी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर सकते हैं। अब तक 100 से अधिक आईईडी बरामद हो चुके हैं। कुछ दिन पहले तेलंगाना की नक्सली शांता ने प्रेसनोट जारी कर चेतावनी दी थी कि करेंगट्टा की पहाड़ी पर सैकड़ों बम बिछाए गए हैं और ग्रामीणों को यहां न आने की सलाह दी थी। मौजूदा अभियान में कई सुरक्षा बल शामिल हैं।

## फिर मां बनना चाहती हैं कॉमेडियन भारती सिंह

**मुंबई, जेएनएन।** स्टार कपल भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया अक्सर अपने काम और दोस्ती से लोगों का दिल जीत लेते हैं। ये जोड़ी अपने काम के जरिए फैंस को निजी जिंदगी के बारे में अपडेट रखती है। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने लगभग 3 साल बाद फैंस के सवालों के जवाब देने का फैसला किया। कपल ने कुछ साल पहले एएमए सेशन किया



था, जब उनका बेटा गोला छोटा था। एएमए सेशन के दौरान एक फैन ने भारती से पूछा, आप क्या प्रेग्नेंट हैं? भारती सिंह ने खुलासा किया, नहीं, नहीं। हम प्रेग्नेंट नहीं हैं। मैं 2025 में प्रेग्नेंट होना चाहती हूं, क्योंकि अब गोला 3 साल का हो गया है और यह सही समय है। आप लोग प्रार्थना करें कि हम जल्द ही एक लड़के या लड़की के माता-पिता बनें। हालांकि, भारती अभी प्रेग्नेंट नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि वे इस साल गर्भवती होना चाहती हैं। इस एएमए सेशन में कई फैंस ने स्टार कपल से उनके बेटे, उनके घरेलू सहायकों और उनके निजी जीवन के बारे में सवाल पूछे। भारती और हर्ष ने कुछ सालों तक डेटिंग करने के बाद 3 दिसंबर, 2017 को शादी के बंधन में बंधे थे।

19-5


**गंभीर खतरा** | ग्लेशियरों के पानी पर निर्भर दो अरब लोगों की जिंदगी हो सकती हैं प्रभावित

# हिमालय में पिछले 23 साल में सबसे कम बर्फबारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने अपनी रिपोर्ट में चेतावनी दी कि हिमालय श्रृंखला में बर्फ की कमी का रुझान लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रहा है और इससे क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली हुई है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है। यह जलाशय लगभग दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दक्षिण-पूर्व एशिया की दो सबसे लंबी नदियां मेकांग और सालवीन, जो चीन और म्यांमार को पानी देती हैं, उनकी लगभग आधी बर्फ पिघल चुकी है। आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा गियामात्सु ने दीर्घकालिक समाधान के लिए नीतिगत बदलावों का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, 'कार्बन उत्सर्जन ने हिंदुकुश पर्वतमाला में अभूतपूर्व बर्फ हानि के मार्ग को अपरिवर्तनीय बना दिया है।' उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए तुरंत उपाय किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, एशिया जलवायु संबंधी आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। संगठन ने मार्च में एक रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक पिछले छह में से पांच वर्ष ऐसे थे जिनमें ग्लेशियरों में सबसे तेज गिरावट देखी गई।




### सूखे और अन्य जोखिमों में होगी बढ़ोत्तरी

आईसीआईएमओडी की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण (वह समय जब बर्फ जमीन पर रहती है) सामान्य से 23.6 फीसदी कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, 'इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही।' उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, तथा सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है। क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है। यह स्थिति उस आबादी के लिए और भी जटिल हो जाती है जो लंबे समय तक चलने वाली, तीव्र और बार-बार आने वाली गर्मी की लहरों से जूझती है।

### इन देशों की जलवायु पर पड़ सकता है असर

पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और नेपाल अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के सदस्य देश हैं। अंतर-सरकारी निकाय ने क्षेत्र की 12 प्रमुख नदी घाटियों पर निर्भर देशों से जल प्रबंधन, सूखे की तैयारी, पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया है।


दैनिक जागरण वर्गीकृत




अण्डा

BHOPAL EGG RATE
410/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## शिकारियों ने नीलगाय को हमला कर किया घायल

**जागरण, मुरैना।** जिले के खेड़ा मेवदा गांव में गुरुवार सुबह शिकारियों ने एक नीलगाय पर हमला कर दिया। हमले में नीलगाय का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने देखकर गौसेवकों को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौसेवक रुद्र प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल नीलगाय को ई-रिक्शा में रखकर जिला पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

## विक्रम विवि को मिली 8 रिसर्च प्रोजेक्ट्स की मंजूरी

**जागरण, उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय को भारत सरकार की प्रतिष्ठित एएनआरएफ-पेयर परियोजना में शामिल किया है। परियोजना की कुल लागत 100 करोड़ रुपए है। देशभर के 30 संस्थानों में से 7 प्रतिष्ठित संस्थानों का चयन किया है। विवि को 8 परियोजनाओं के लिए मंजूरी मिली है। इस परियोजना के तहत विवि को आगामी 5 सालों में लगभग 8 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



दानिश कनेरिया
पाक क्रिकेटर

अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की कोई भूमिका नहीं है, तो प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अभी तक इसकी निंदा क्यों नहीं की? आपकी सेना अचानक हाई अलर्ट पर क्यों है? क्योंकि आप अंदर से सच्चाई जानते हैं, आप आतंकवादियों को पनाह और पोषण दे रहे हैं। शर्म आनी चाहिए आपको।

**शर्मनाक :** कॉलेज में पढ़ने वालीं समुदाय विशेष की युवतियों को किया टारगेट, आरोपियों के मोबाइल में 30-35 लड़कियों के अंतरंग वीडियो मिले, तीन थानों में एफआईआर

# छात्राओं को प्रेम जाल में फंसाकर रेप किया, फिर अपने ही समुदाय के दूसरे युवकों को हैंड ओवर कर गलत कराया, एसआईटी गठित

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल के इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्राओं से दुष्कर्म कर उन्हें ब्लैकमेल करने का अजमेर जैसा झकझोर देने वाला कांड सामने आया है। रायसेन रोड



इलाके में संचालित टीआइटी कालेज में मुस्लिम छात्रों ने हिंदू छात्राओं को निशाना बनाते हुए उन्हें प्रेम जाल में फंसाया। फिर दुष्कर्म किया। इसका वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया। इसके बाद अपने ही समुदाय के दूसरे युवकों को हैंड ओवर कर दिया। उन्होंने भी रेप किया। अब तक 4 लड़कियां सामने आ चुकी हैं। तीन थानों में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस कमिश्नर ने जांच के लिए एसआईटी गठित की है। गिरफ्तार दो आरोपियों के मोबाइल से 10 से 15 युवतियों के साथ दुष्कर्म के वीडियो मिले हैं। वीडियो में आरोपी युवक दुष्कर्म करते हुए युवतियों से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली बातें कहते भी दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों पर पाक्सो व धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की है।

### अनाथ बहनों का दर्द, रेप के बाद पढ़ाई छूटी

प्रगति नगर अशोका गार्डन निवासी 24 वर्षीय युवती मूलतः बैतूल की रहने वाली है। उसके माता-पिता नहीं हैं। उसने टीआईटी कॉलेज आनंद नगर से थर्ड ईयर तक पढ़ाई की है। जब हम छोटे थे तभी हमारे मम्मी-पापा ने सुसाइड कर लिया था। फिर हमें दादी ने पाला। वर्ष 2022 में जब मैं फर्स्ट ईयर में थी तब मेरी फ्रेंड के जरिए मेरी फरहान से दोस्ती हुई। फिर फरहान मुझसे बातें करने लगा। हम लोगों की दोस्ती हो गई थी। पहली बार माह अप्रैल 2022 में दोपहर करीब दो बजे आदर्श, अयान, अंजू, शिखा, फरहान मैं और हमोद, हमीद के घर आमवाली मस्जिद के पास जहांगीराबाद भोपाल में गए थे। वहां पर तीन रूम थे। हम सब लोग उनके घर बातें कर रहे थे। फिर फरहान मुझसे बोला कि अंदर चलो। बात करना है। मैं उसके साथ अंदर चली गई। फिर फरहान मुझसे जबरदस्ती करने लगा। मैंने विरोध किया, लेकिन फरहान ने मेरे साथ गलत काम किया और उसने मेरे घर वालों का नंबर मेरे मोबाइल से ले लिया था। मैंने कहा कि यह गलत है। तो फरहान ने कहा कि अगर किसी को यह बात बताई तो तुम्हारे घर वालों को सब बात बता दूंगा। इसके बाद मैंने फरहान से कहा कि तुम्हें ऐसा नहीं करना था। तो फरहान ने मुझसे कहा कि मैं तुमको पसंद करता हूं। फरहान बोला कि मैं तुमसे शादी करूंगा।

-पीड़िता ने जैसा दैनिक जागरण को बताया

### हैवानियतः छात्राओं को पहले गांजा पिलाया, मांस खिलाया फिर रेप

छात्रा ने बताया कि फरहान से उसने शादी के लिए कहा। तो बोला-शादी करोगी तो तुम्हें मुसलमान बनना पड़ेगा। बुरका पहनना पड़ेगा। मेरा धर्म अपनाना पड़ेगा। मैंने कहा कि मैं अपना धर्म नहीं बदलूंगी। तो फरहान मुझे धर्म बदलने के लिए दबाव बनाने लगा। मैं चिकन-मटन नहीं खाती थी। तो मैंने फरहान से कहा कि मैं कभी भी मांस नहीं खाऊंगी। इसके बाद भी फरहान ने मुझे जबरदस्ती चिकन-मटन खिलाया। उससे बात करना बंद कर दिया तो वह मेरे बारे में कालेज में गलत बोलने लगा कि यह गंदी लड़की है। लूज करेक्टर है। यह 10 लड़कों से बात करती है। फिर से मुझसे बात करने की कोशिश करने लगा। मैंने बोला कि मुझे बात नहीं करना है। तो उसने मेरी दादी को फोन लगाने लगा। फिर बोलने लगा कि तुम मुझसे बात करो नहीं तो मैं तुम्हारे घर पर सब बता दूंगा। फिर मैं उससे बात करने लगी। और फिर उसने मेरे साथ फिर से मुझे टार्चर कर गलत काम किया। मेरे साथ का फोटो ले लिया। फिर फरहान फोटो वायरल करने की धमकी देकर मेरे साथ संबंध बनाने लगा। आखिरी बार माह सितंबर 2024 में करीब रात आठ बजे फरहान ने मुझे फोटो वायरल करने की धमकी देकर अबरार के रूम अशोका गार्डन में बुलाया और मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम किया।

### अबरार के घर में हैवानियत, बनाया वीडियो

इसी बीच मेरी बहन परेशान रहती थी। और फरहान से डरती थी। तो मैंने बहन से पूछा कि कोई बात है क्या? तो उसने बताया कि फरहान ने उसके साथ रेप किया है। बहन ने बताया कि जुलाई 2024 अली ने मुझे बात करने के लिए अबरार के रूम पर बुलाया था। फिर मुझे अबरार के रूम पर ले गया और वहां पर नवीन, अबरार और साद, अली थे। अली ने मुझसे बात की और चला गया। फिर फरहान आया। फिर साद ने मुझे गांजा पिलाया। सब लोग चले गए। बोलने लगे कि हम अभी आ रहे हैं। फरहान ने मारपीट कर मेरे साथ रेप किया, और कहा वीडियो वायरल कर दूंगा। मैंने फरहान से बोला कि तुमने ऐसा किया है तो फरहान बोला नहीं तुम्हारी बहन मेरे पीछे पड़ी है। मैंने बहन से बोला कि फरहान बुरा आदमी है। उसने मुझे ही ब्लैकमेल किया था। मैंने बहन को सब बात बताई। इसी बीच हम दोनों बहनों ने पढ़ाई छोड़ दी। हमारा भोपाल में कोई नहीं था, इसलिए पुलिस में रिपोर्ट करने से डरते थे। मुझे बाद में पता चला कि फरहान ने और लड़कियों के साथ भी ऐसा किया है। वह सबके वीडियो रखता था और सबको धमकी देता था। और मुझे अभी कुछ दिन पहले पता चला कि एक तमन्या (परिवर्तित नाम) ने फरहान पर केस कर दिया है और फरहान ने उसके साथ भी ब्लैकमेल कर गलत काम किया था। तो हम दोनों बहनों में हिम्मत आई और मैं अपनी बहन को लेकर थाने पहुंची।

"पुलिस को चार छात्राओं से दुष्कर्म कर ब्लैकमेल की शिकायत मिली हैं। एसआइटी सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। कई वीडियो भी मोबाइल में मिले हैं। पुलिस अन्य युवतियों की तलाश भी कर रही है। कई लड़कियां बदनामी की वजह से सामने नहीं आ रही होंगी। ■ हरिनारायणचारी मिश्र, पुलिस आयुक्त

## संक्षिप्त खबरें

### शादी नहीं तोड़ी तो लड़की को जबरन सल्फास खिलाया

**जागरण, डबरा।** बारह दिन बाद दुल्हन बनने की खुशी लिये अपनी शादी की तैयारी में जुटी लड़की की घर में ही मौत हो गई। मौत की वजह है एक तरफा प्यार। मोहल्ले में ही रहने वाला लड़का उससे एक तरफा प्यार करता था। उसने घर में घुसकर लड़की पर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। लड़की नहीं मानी तो उसने जबरन उसे सल्फास की एक साथ तीन गोलियां खिला दीं और भाग गया। परिजन लड़की को बेसुध हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। अब लड़का और उसका पूरा परिवार फरार है। एक तरफा प्यार में जान ले लेने की यह घटना दतिया के भांडेर थाना क्षेत्र के बगदा गांव की है। मृतका प्रियंका (21) पुत्री बृजेंद्र अहिरवार की 6 मई को टीकमगढ़ में शादी होने वाली थी। परिवार में शादी की रौनक शुरू हो गई थी। लड़की के पिता ने पुलिस का बताया कि इस रिश्ते से बेटी भी बहुत खुश थी। मगर, गांव का एक युवक बेटी से एक तरफा प्यार करता था। वो शादी तोड़ने का दबाव बना रहा था।



डबरा का मामला, 6 मई को थी शादी

### शादी का कार्ड देकर लौट रहे पिता की मौत

**जागरण, छतरपुर।** बेटे की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा रात करीब 8 बजे नौगांव थाना क्षेत्र के लुगासी में हुआ। मृतक की पहचान महेवा गांव निवासी खड़ी कुशवाहा(42) के रूप में हुई है। शराब ठेके के सामने एक अज्ञात वाहन ने खड़ी की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। एंबुलेंस से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने करीब सवा घंटे तक उनका इलाज किया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के जीजा नंद किशोर ने बताया कि खड़ी अपनी बहन के घर लुगासी में शादी का निमंत्रण देने गए थे, उनके बेटे संदीप की शादी 10 मई को होनी थी।

# बीए के बाद परीक्षा देकर एमएससी में मिलेगा प्रवेश

### उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले जारी की गाइडलाइन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के पहले नियम शर्तें गुरुवार को जारी कर दी हैं। अब यूजी डिग्रीधारी राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय या स्वशासी कालेजों की पात्रता परीक्षा देकर पीजी में अपनी संकाय को बदल पाएंगे। इसमें बीए का विद्यार्थी पात्रता परीक्षा पास करने के बाद एमएससी में प्रवेश लेकर डिग्री कर पाएगा। कुछ और परिवर्तन यूजी और पीजी स्तर पर किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में प्रवेश कराने को लेकर नई शिक्षा नीति के तहत गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी की गई गाइडलाइन को शामिल किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 14 (2) अधिनियम को पारित किया गया है। इसके तहत यूजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी प्रथम वर्ष में प्रवेश के दौरान दो-दो मेजर सब्जेक्ट ले सकेंगे। दोनों में विद्यार्थी को 68-68 क्रेडिट हासिल करना होगी। इसमें विद्यार्थी को माइनर नहीं दिया जाएगा। वे सिर्फ मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी ले सकेंगे। उन्हें एबिलिटी एहांसमेंट कोर्स पढ़ना अनिवार्य होगा। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को हरेक साल 48 क्रेडिट हासिल करना जरुरी है। तीन साल की डिग्री में विद्यार्थी के पास 136 क्रेडिट हासिल करना होगी। विद्यार्थी को प्रवेश लेते समय एक मेजर, एक मानइर, मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स लेना जरुरी होता है। विद्यार्थी प्रथम वर्ष में मेजर लेते समय दूसरे विषय में भी मेजर का चयन करता है, तो उन्हें माइनर नहीं लेना होगा। उसे दोनों मेजर में 68-68 क्रेडिट हासिल करना जरुरी हो जाएगा। हरेक साल में उसकी मेजर की क्रेडिट भी डबल हो जाएगी, जो विद्यार्थी को हासिल करना होगी। इसके अलावा उन्हें मल्टी/इंटर डिसप्लनेरी और एबिलिटी एंहांसमेंट कोर्स में भी क्रेडिट हासिल करना होगी।

#### 35 फीसदी अंक में होंगे पास

आगामी सत्र और सेमेस्टर में न्यूनतम अंक 50 फीसदी क्रेडिट प्राप्त करने की बाध्यता है। इस कारण विद्यार्थी अनुतीर्ण हो रहे हैं। इससे उनका सेमेस्टर या वर्ष शून्य हो रहा है। इससे एक शैक्षणिक सत्र का नुकसान हो रहा है। पूर्व में विद्यार्थी 33 फीसदी अंक में पास हो जाते थे, इसलिये उन्हें 35 फीसदी क्रेडिट देकर पास किया जाएगा।

# फिलहाल भोपाल में कम नहीं होगी गर्मी कुछ जिलों में कल से बदलेगा मौसम

### खजुराहो में गुरुवार सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा 44.4 डिग्री

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** तेज गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ का असर मप्र के कुछ जिलों में 26 व 27 अप्रैल से नजर आ सकता है। भोपाल मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, नर्मदापुरम और बैतूल सहित अन्य जिलों में बारिश होने की संभावना है। जबकि कुछ जिले इस सिस्टम से अछूते हैं। भोपाल में पश्चिमी विक्षोभ का असर नहीं दिखेगा। इस कारण यहां के तापमान में भी कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को खजुराहो में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। यह मप्र में सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन है। इस सीजन में मप्र में कहीं भी 44.4 डिग्री पारा नहीं पहुंचा है।

### छिंदवाड़ा में चली लू भोपाल में पारा 41 डिग्री

मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को मप्र के छिंदवाड़ा जिले में लू चली। यहां दिन का तापमान में 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा सभी जिलों में तेज धूप तो रही, लेकिन लू नहीं चली। जबकि एक दिन पहले मौसम विभाग ने 12 जिलों में लू चलने की संभावना जताई थी। इधर भोपाल में गर्मी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को यहां दिन का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री रहा।

# भुसावल में मिले रामानंद संप्रदाय के लापता स्वामी रामनरेशाचार्य

### श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर जाते समय पिपरिया स्टेशन से हुए थे गायब

**जागरण, जबलपुर।** रामानंद संप्रदाय के लापता प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य भुसावल में मिल गए हैं। संत कटनी-भुसावल ट्रेन में भूलवश बैठकर भुसावल पहुंच गए थे। अब आरपीएफ और जीआरपीएफ की टीम उन्हें लेकर जबलपुर आ रही है। श्रीधाम एक्सप्रेस पिपरिया के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आई थी। इसी दौरान संत जी ट्रेन से नीचे उतर गए और उसके बाद फिर प्लेटफार्म पर ही टहलने लगे। इस बीच श्रीधाम एक्सप्रेस स्टेशन से निकल गई, जिसके बाद वहीं बगल में ही तीन नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी कटनी-भुसावल ट्रेन में बैठकर महाराज जी भुसावल पहुंच गए। बता दें कि रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में रामनरेशाचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की थी। इससे पहले दोपहर में सूचना आई थी कि रामनरेशाचार्य ट्रेन से भोपाल से जबलपुर आते समय लापता हो गए हैं, उनकी अंतिम लोकेशन पिपरिया रेलवे स्टेशन पर मिली थी। मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने काफी देर तक उन्हें तलाशा लेकिन वे जब नहीं मिले तो जीआरपी और आरपीएफ को उनके लापता होने की सूचना दी। स्वामी रामनरेशाचार्य को भोपाल से लेकर जबलपुर तक के सभी स्टेशनों पर तलाश किया था लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला था। स्वामी रामनरेशाचार्य भोपाल से गुरुवार सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हुए थे। रामानंद संप्रदाय के प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य का जबलपुर में एक सप्ताह कार्यक्रम था। बताया जा रहा है कि वे यहां गौरीघाट, जिलहरीघाट स्थित प्रेमानंद आश्रम में एक सप्ताह रुकने वाले थे। स्वामी रामनरेशाचार्य के रेलवे स्टेशन से लापता होने की खबर से हड़कंप मच गया था। विशेष सुरक्षा प्राप्त संत रामनरेशाचार्य को सुबह आखिरी बार पिपरिया रेलवे स्टेशन पर देखा गया था, उनका 10 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया था।



# चलती ट्रेन में बीड़ी पीने पर जीआरपी जवान ने पीटा, मौत

### टीकमगढ़ के यात्री के साथ आगरा स्टेशन के आगे हुई घटना, जवान बोला- मैंने सिर्फ एक थप्पड़ मारा था

**डुजागरण, टीकमगढ़।** चलती ट्रेन में टीकमगढ़ के एक यात्री की मौत हो गई। बेटे ने जीआरपी जवान पर मारपीट का आरोप लगाया है। जानकारी अनुसार टीकमगढ़ के रामदयाल अहिरवार (60) की गोंडवाना एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान मौत हो गई। बेटे का आरोप है कि जीआरपी जवान ने पिता के साथ मारपीट की थी। इससे उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना 22 अप्रैल की रात की है। पलेरा के रहने वाले रामदयाल अपने बेटे के साथ ललितपुर से दिल्ली जा रहे थे। रात करीब ढाई बजे वे शौचालय गए। फिर ट्रेन के गेट पर खड़े होकर बीड़ी पीने लगे। इसी दौरान स्लीपर कोच में तैनात जीआरपीएफ जवान आजाद ने उन्हें पकड़ लिया, जब रामदयाल वापस अपनी सीट पर आए तो उनकी हालत खराब थी। बेटे विशाल ने आरोप लगाया कि जवान आजाद ने पिता से स्लीपर कोच में ले जाकर मारपीट की। उन्होंने लौटकर पूरी बात बताई और फिर अचानक गिर पड़े। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। उधर, जवान आजाद और उसके एक साथी ने कहा कि उन्होंने रामदयाल को बीड़ी पीने से मना किया था। वह बहस करने लगा तो सिर्फ एक थप्पड़ मारा था।

#### जीआरपी थाने में भी धमकाया गया

विशाल ने बताया कि वह दिल्ली जाने के लिए पिता के साथ गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुआ था, उन्हें हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर उतरना था। यहां से पालम गांव पहुंचना था, जहां वह काम करता है। ट्रेन जब आगरा स्टेशन से आगे बढ़ी तो पिता रामदयाल शौचालय चले गए। लौटकर उन्होंने पूरा माजरा बताया। फिर अचेत हो गए। बेटे ने पिता की हालत देखकर उन्हें इलाज के लिए मथुरा स्टेशन पर ही उतार लिया।



मथुरा में डॉक्टर ने जांच करने के बाद रामदयाल को मृत घोषित कर दिया। बेटे का आरोप है कि मथुरा के जीआरपी थाने में भी उसे धमकाया गया। एफआईआर नहीं कराने के लिए प्रलोभन दिया। मथुरा जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद वह शव लेकर गांव आया। यहां अंतिम संस्कार किया गया। विशाल ने बताया कि 3 साल पहले मां की मौत हो गई थी। परिवार में बूढ़े दादा-दादी और दो छोटे भाई हैं। पिता रामदयाल ही घर चलाते थे, उनके निधन से परिवार पर आर्थिक संकट छा गया है।







मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।